ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 03 दिसंबर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 297 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

रणवीर सिंह ने अपने किरदार रॉकी को ... पेज 12 पर



## एक नजर

### योगेंद्र तिवारी की बेल याचिका पर अगली सुनवाई 6 को

**रांची।** शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका पर ईडी कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई छह दिसम्बर निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व ईडी ने योगेंद्र तिवारी को रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद कोर्ट में पेश किया था, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। अदालत से मंजूरी मिलने के बाद ईडी ने छह दिन और आठ दिन कुल 14 दिनों तक रिमांड पर लेकर योगेन्द्र तिवारी से पूछताछ की थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में हुए शराब घोटाले में मनी लांड्रिंग के आरोप में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को 19 अक्टूबर को देर शाम गिरफ्तार किया था।

### पीएलजीए की वर्षगांठ आज से, पुलिस सतर्क

**रांची।** प्रतिबंधित संगठन माओवादियों के मारक दस्ता पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) शनिवार से आठ दिसंबर तक पीएलजी की 23वीं वर्षगांठ मनाएगा। इसे लेकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस सतर्कता बरत रही है। माओवादियों के विरुद्ध अभियान जारी है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों को जंगल में सावधानी बरतने को कहा जा रहा है। केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) व भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) ने पुलिस बल पर हमला करने की बात कही है। इसे लेकर माओवादियों ने पर्चा जारी किया है। इसमें इलाका का विस्तार करने, पूंजीवादी, सामंतवाद व पुलिस के विरुद्ध संघर्ष तेज करने की बात लिखी है।

### राजेंद्र प्र. के खिलाफ एसीबी में मुकदमा दर्ज

**रांची।** रांची के तत्कालीन वन बंदोबस्त पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में प्राथमिक दर्ज की गयी है। राजेंद्र प्रसाद पर अनुचित लाभ के लिए पद का दुरुपयोग करने का आरोप है। राजेंद्र प्रसाद के खिलाफ पद का दुरुपयोग करते हुए मुआवजा निष्पादन के निपटारा के एक मामले में छह करोड़ 31 लाख 36 हजार 677 रुपये का भुगतान नियम विरुद्ध करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।मामले को लेकर एसीबी ने कांड संख्या 5/2023 दर्ज किया है। मामले के सूचक एसीबी के इंस्पेक्टर विधा प्रसाद सिंह है। राजेंद्र प्रसाद सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, दुमका के पद से सेवानिवृत हुए हैं। मामले में एसीबी ने उन पर पद का दुरुपयोग करते हुए मुआवजा निष्पादन की निपटारा में नियम विरुद्ध भुगतान करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पहले एसीबी ने पीई दर्ज की थी।

# मंत्री सत्यानंद भोक्ता का बेटा करेगा चतुर्थवर्गीय नौकरी, सिविल कोर्ट में चयन

**मुकेश कुमार भोक्ता का नाम 19 चयनितों में 13वें नंबर पर है। एसटी कोटे में हुआ है चयन**

**मंत्री के भतीजे ने भी इस पद के लिए आवेदन दिया था, उसका नाम वेटिंग लिस्ट में है**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद के विधायक झारखंड सरकार के श्रम-नियोजन सह प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता के पुत्र मुकेश कुमार भोक्ता प्यून (चपरासी) की नौकरी करेंगे। उनका सेलेक्शन उनके होम डिस्ट्रिक्ट चतरा सिविल कोर्ट में इस पद के लिए हुआ है। चतरा सिविल कोर्ट में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए वैकेंसी निकली थी। इसका रिजल्ट शुक्रवार को जारी किया गया है। इसमें कुल 19 कैंडिडेट्स का सेलेक्शन किया गया है। इसमें मंत्री सत्यानंद भोक्ता के पुत्र मुकेश कुमार भोक्ता का नाम 13वें नंबर पर है। उनका सेलेक्शन एसटी कोटे के तहत हुआ है। मंत्री के पुत्र के अलावा उनके भतीजे रामदेव भोक्ता ने भी इस पद के लिए आवेदन किया था। उसका नाम वेटिंग लिस्ट में है। चुने गए 19 लोगों में अगर कोई योगदान नहीं करता है तो उनकी जगह वेटिंग लिस्ट में शामिल अभ्यर्थियों को मौका मिलेगा।

बता दें कि चपरासी के लिए सेलेक्ट हुए मंत्री पुत्र मुकेश भोक्ता की शादी पिछले साल धूमधाम से हुई थी। वैवाहिक कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन खुद शामिल हुए थे। मंत्री पुत्र ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## कोर्ट चपरासी इंटरव्यू : हजारीबाग से 4 मुन्ना भाई गिरफ्तार

**हजारीबाग।** झारखंड में बहाली के दौरान फर्जीवाड़ा करने वाले मुन्ना भाई फिर पकड़े गए हैं। शनिवार को हजारीबाग व्यवहार न्यायालय में पुलिस ने चार मुन्ना भाइयों को जाली एडमिट कार्ड पर इंटरव्यू देने के आरोप में पकड़ा है। पकड़े गए चार में तीन आरोपित नालंदा और एक आरोपित पटना के बख्तियार का रहने वाला है। चारों सुबह दस बजे तक पकड़े गए जब इनका रौल नंबर, शनिवार को जारी रौल क्रमांक से अलग निकला। जांच में यह पता चला कि जिस नंबर क्रमांक से ये अभ्यर्थी साक्षात्कार देने पहुंचे थे, वह तीन दिन पहले 29 नवंबर को ही खत्म हो चुका है।

**ऐसे खुली मुन्ना भाइयों की पोल :** पकड़े गए



आरोपित शंकर कुमार पिता उपेंद्र यादव (सिलाव नालंदा ), सोनू कुमार और दिलीप कुमार पिता गणौरी यादव (सुरुमपुर नालंदा) तथा अभिषेक कुमार, पिता गुड्डू सिंह (दियारा अथमनगोला पटना) के हैं। गिरफ्तार आरोपितों में सोनू कुमार और दिलीप कुमार दोनों सगे भाई हैं। इसके बाद दस्तावेज की जांच में एडमिट कार्ड पर लगाई गई मुहर से इनकी पोल खुल गई। इसके बाद सुरक्षा में तैनात जवानों ने इन्हें कब्जे में ले लिया और इसकी सूचना कोर्ट रजिस्ट्रार को दी। सूचना पर पहुंचे सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ललित कुमार ने आरोपितों को अपने कब्जे में ले लिया और इनसे थाने में पूछताछ की जा रही है। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। इस बाबत सदर थाना में फजीर्वाड़ा और जाली मुहर और हस्ताक्षर की मदद से एडमिट कार्ड तैयार करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। संभावना जताई जा रही है कि इसकी गहराई से ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## रेस्क्यू किए गए श्रमिकों पर झारखंड सरकार की विशेष नजर

# 1.11 करोड़ रुपये की योजनाओं से जोड़ेगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार रात कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड के यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर निमार्णाधीन सिलक्यारा टनल हादसे से सुरक्षित रेस्क्यू किए गए झारखंड के 15 श्रमिकों और उनके परिजनों से मुलाकात की। इससे पहले मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य के श्रमिकों और उनके परिजनों को शुक्रवार रात एयरलिफ्ट कराकर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची लाया गय।



रांची आने वाले श्रमिकों में श्री विश्वजीत कुमार वर्मा (गिरिडीह), सुबोध कुमार वर्मा (गिरिडीह), अनिल बेदिया (रांची) राजेंद्र वेदिया (रांची) सुकराम बेदिया (रांची), टिंकू सरदार (पूर्वी सिंहभूम), गुणधार नायक (पूर्वी सिंहभूम) रंजीत लोहार (पूर्वी सिंहभूम) रविंद्र नायक (पूर्वी सिंहभूम) समीर नायक (पूर्वी सिंहभूम) भुक्तु मुर्मू (पूर्वी सिंहभूम), महादेव नायक (पश्चिमी सिंहभूम), चमरा उरांव (खूंटी), विजय होरो (खूंटी), गणपति होरो (खूंटी) शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी श्रमिकों के साथ राज्य सरकार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने श्रमिकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए कई योजनाओं को शुरू किया है। जल्द देश के लगभग एक दर्जन राज्यों से एक इकरारनामा करने हेतु प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस इकरारनामा के तहत प्रवासी मजदूरों को हमारी सरकार हरसंभव मदद कर सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को हुनरमंद बनाने के लिए राज्य सरकार काम कर रही है। विगत कुछ महीनों में ही युवाओं को हुनरमंद बनाकर कई निजी क्षेत्रों में हजारों नौकरियां दी गयी हैं। इसके साथ-साथ सरकार सरकारी नौकरियों के तहत भी नियुक्तियां दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब आप श्रमिक भाइयों के टनल हादसे में फंसने की सूचना मिली तब आपके परिजनों ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

(संबंधित ख्बरें पेज 7 पर)

## राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना चुनाव परिणाम आज

# कौन मारेगा चौका, कौन होगा बोल्ड

**आज सुबह आठ बजे शुरू होगी मतगणना, पहले बैलेट वोट की होगी गिनती**

**चारों राज्यों के 635 सीटों पर वोटों की गिनती होगी, मिजोरम में मतगणना कल**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

2024 में दिल्ली की गद्दी के लिए होने वाले चुनाव से पहले सत्ता का सेमीफाइनल कौन जीतेगा? चार राज्यों के विधानसभा चुनाव का फाइनल स्कोर क्या रहेगा? पीएम नरेंद्र मोदी को अगले लोकसभा चुनाव से पहले गुड न्यूज मिलेगा या राहुल गांधी चौका लगाएंगे? मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान,राजस्थान में अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल अपनी सरकार बचा पाएंगे या नहीं। इन सारे सवालों के जवाब मिलने में अब कुछ घंटे बाकी हैं। वहीं मिजोरम में मतगणना सोमवार को होगी।



आज सुबह सात बजे से मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में वोटों की गिनती शुरू होगी। सबसे पहले बैलेट वोट गिने जाएंगे, सुबह 8 बजे से चारों राज्यों से नतीजों की शुरूआती रुझान आने लगेगी।

मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में बीजेपी और कांग्रेस के बीच टक्कर है तो तेलंगाना में बीआरएस के मुकाबले में कांग्रेस डटी है। रविवार को इन चारों राज्यों के 635 सीटों पर ही वोटों की गिनती होगी। राजस्थान में विधानसभा की 200 सीटें हैं, मगर वहां कांग्रेस उम्मीदवार के निधन के बाद 199 सीटों पर ही मतदान हुआ। एग्जिट पोल के नतीजों के अनुसार, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में बीजेपी और कांग्रेस के बीच कांटे का मुकाबला है, जबकि राजस्थान में बीजेपी का पलड़ा भारी है। हिंदी प्रदेश के तीन राज्यों में 519 सीटों पर फैसला होना है। एग्जिट पोल्स के मुताबिक, 119 विधानसभा वाली तेलंगाना में कांग्रेस ने बढ़त ली है। निर्वाचन आयोग मतगणना की तैयारियां पूरी कर चुका है। वोटों की गिनती रविवार सुबह सात बजे शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट गिने जाएंगे। इसके बाद सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों के सामने ईवीएम से मतगणना शुरू होगी।एग्जिट पोल ने इशारा दिया कि मध्यप्रदेश में मामला एकतरफा नहीं है। कांग्रेस और बीजेपी के बीच कांटे की टक्कर है। ग्वालियर-चंबल संभाग की 34 सीटों के नतीजे 2018 की तरह नहीं होंगे। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को इस बेल्ट में एकतरफा जीत मिली थी। तब कांग्रेस को 26 और बीजेपी को सिर्फ सात सीटें मिली थीं। 2018 के चुनाव के बाद कांग्रेस ने पहले सरकार बनाई थी, मगर 19 महीने बाद ही ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत के बाद सत्ता बदल गई थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी दोनों पार्टियों के बीच कड़ी टक्कर हुई थी। तब कांग्रेस को 40.89 फीसदी वोट मिले थे, जबकि बीजेपी को 41 फीसदी वोट मिले थे। इस बार मालवा और निमाड़ में भी बीजेपी फायदा मिल सकता है। शिवराज सिंह चौहान, ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## राज्यपाल ने फिर लौटाया स्थानीय नीति विधेयक, सरकार करे पुनर्विचार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्यपाल ने फिर लौटाया स्थानीय नीति विधेयक, हेमंत सरकार से पुनर्विचार के लिए कहा झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक को लौटा दिया है और विधानसभा को इस पर पुनर्विचार करने को कहा है। बता दें कि राजभवन ने विधेयक में शामिल कानूनी प्रावधानों पर अटर्नी जनरल से राय मांगी थी 15 नवंबर को अटर्नी जनरल की राय मिलने के बाद राजभवन ने बिल को लौटा दिया। राज्यपाल ने संदेश के माध्यम से विधानसभा को अटर्नी जनरल की राय से अवगत करा दिया है।अटर्नी जनरल ने कहा कि विधेयक में स्थानीय व्यक्ति शब्द की परिभाषा लोगों की आकांक्षाओं के अनुकूल है। यह स्थानीय परिस्थितियों के लोकाचार और संस्कृति के साथ फिट बैठती है, तर्कसंगत और वस्तुनिष्ठ मानदंडों पर आधारित प्रतीत होती है। लेकिन, लगता है कि विधेयक की धारा 6 ए संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 162 का उल्लंघन कर सकती है और यह अमान्य हो सकती है। हालांकि, पारा 24 में मेरी राय पर अमल करने से बचाया जा सकता है। हेमंत सोरेन सरकार द्वारा दोबारा भेजे गए झारखंड (भीड़, हिंसा एवं भीड़ लिंचिंग निवारण) विधेयक और झारखंड में पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक राजभवन में ही है। इधर, झारखंड के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने कहा है कि खतियान आधारित स्थानीय नीति का विधेयक विधानसभा से पास कर हेमंत सरकार ने राज्यपाल को भेजा था। राज्यपाल ने उसे लौटा दिया।

## सुप्रीम कोर्ट में पूजा सिंघल की बेल पर सुनवाई 14 को

**रांची।** निलंबन के साथ-साथ लंबे समय से न्यायिक हिरासत में चल रहीं आईएएस पूजा सिंघल की मुश्किलें लगातार जारी हैं। अब सुप्रीम कोर्ट में उनकी जमानत याचिका पर 14 दिसंबर को सुनवाई होगी। 31 अक्टूबर को पिछली सुनवाई के दौरान न्यायाधीश एसके कौल और न्यायाधीश एस धूलिया की अदालत ने 1 दिसंबर को सुनवाई की अगली तारीख निर्धारित की थी। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को रेलिवेंट गवाहों की गवाही प्रक्रिया 5 दिसंबर तक पूरी करने को कहा था। इसी बीच ईडी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि चुनाव ड्यूटी में एक गवाह के जाने की वजह से 5 दिसंबर को ट्रायल कोर्ट में गवाही होनी है।

## संसद का शीतकालीन सत्र कल से, 19 दिन में 15 बैठकें होंगी

# महुआ मोइत्रा के निष्कासन पर लग सकती है मुहर

**विपक्ष नेता अधीर रंजन ने अध्यक्ष को पत्र लिख एथिक्स कमेटी की कार्यवाही व पारदर्शिता की समीक्षा की मांग की है**

**विपक्ष , चीन द्वारा जमीन हड़पने, मणिपुर, महंगाई, ईडी व सीबीआई के दुरुपयोग का मुद्दा उठाने , जातिगत जनगणना कराने की मांग करेगा**



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

लोकसभा में उपनेता व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने के पहले हुई सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, 4 दिसंबर से शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। हमने शनिवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। बैठक में 23 दलों के 30 नेता शामिल हुए। बैठक में कई सुझाव आए हैं। सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है। जोशी ने कहा कि हमने विपक्ष से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित होने देने का अनुरोध किया है। हमने विपक्ष के सुझावों को सकारात्मक रूप से लिया है। उन्होंने कहा, संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू होकर 22 दिसंबर तक चलेगा। इन 19 दिनों में 15 बैठकें होंगी। वहीं, राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता व कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्ष ने कुछ मुद्दों पर चिंता व्यक्त की है। इसमें चीन का हमारी जमीन हड़पना, मणिपुर, महंगाई, ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग शामिल है। उप्र की पूर्व मुख्य मंत्री मायावती ने जातिगत जनगणना कराने की मांग की है। बैठक में लोकसभा में उप नेता व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कांग्रेस नेता जयराम रमेश, गौरव गोगोई व प्रमोद तिवारी, तृणमूल कांग्रेस नेता सुदीप बंद्योपाध्याय, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता फौजिया खान व आरएसपी नेता एन के प्रेमचंद्रन सहित अन्य कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# फिरायालाल चौकवाला वह परमवीर अलबर्ट एक्का



सुनील बादल

**3 दिसंबर** 1971 को 20 गोलियां लगने के बाद भी अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने प्राणों की बाजी लगाकर दुश्मन पाकिस्तान के बंकर को नष्ट करनेवाले बिहार झारखंड के एकमात्र परमवीर अलबर्ट एक्का की मूर्ति राजधानी रांची के महात्मा गांधी सड़क के चौराहे पर लगी है पर इस चौराहे को राजनीतिक झंडों से विकृत करने वाले नेताओं, सरकारों और मीडिया ने भी चार दशकों बाद चौराहे को फिरायालाल चौक के रूप में ही याद रखा है,जो शहीदों का अपमान लगता है।

इसी प्रकार रिम्स बने डेढ़ दशक हो गए पर आरएमसीएच का बोर्ड सड़क पर अभी भी मुंह चिढ़ा रहा है । कांके रोड सीएम आवास के पास जस्टिस एलपी एन शाहदेव चौक अभी भी हॉट लिप्स चौक के रूप में याद किया जाता है,महात्मा गांधी रोड की तरह इसपर स्थापित लाला लाजपत राय चौक शायद ही कोई बता सके। सुजाता चौक सभी जानते हैं, महाराजा अग्रसेन चौक अभी भी लालपुर चौक ही है।



### बांग्लादेश सरकार ने भी किया था सम्मानित

झारखंड के रांची में एक चौराहे का नाम उनके नाम पर रखा गया है। बांग्लादेश सरकार द्वारा मरणोपरांत 'फ्रेंड्स ऑफ लिबरेशन वॉर' सम्मान प्रदान किया गया। उनके सम्मान में सेना डाक सेवा कोर द्वारा एक कवर लेटर जारी किया गया। एक विशेष डाक टिकट अल्बर्ट की स्मृति में 26 जनवरी 2000 को जारी किया गया था।

### बिहार रेजिमेंट में बहाल हुए थे अल्बर्ट एक्का

लांस नायक अलबर्ट एक्का जब बिहार रेजिमेंट से सेना में भर्ती हुए थे ऐसा बहुत कम सैनिकों के साथ संयोग हुआ है जब चीन के साथ भी युद्ध किया हो और पाकिस्तान को भी धूल चटाई हो। 3 दिसंबर, 1971 मोर्चा गंगा सागर के पास था। रात 2.30 बजे लांस नायक अल्बर्ट एक्का ने देखा कि दुश्मन की एलएमजी उनकी कंपनी को भारी नुकसान पहुंचा रही है। मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, अपनी गंभीर चोट और भारी मात्रा में दुश्मन की गोलाबारी के बावजूद, रेंगते हुए दीवार फांद लिया और बंकर में दुश्मन सैनिक पर संगीन से वार किया जो तब भी गोलीबारी कर रहा था और इस तरह उस मशीन-गन को शांत कर दिया, जिससे अपनी कंपनी को भारी नुकसान से बचाया और हमले की सफलता सुनिश्चित हुई। उन्हें गंभीर चोटें आईं और निर्णायक विजयश्री के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया।

अलबर्ट एक्का को श्रद्धांजलि देते गुमला के उनके जन्मस्थान जारी को 19 मार्च 2010 को अलबर्ट एक्का प्रखंड बनाया गया जिसके पांच पंचायतों में 60 गांव हैं। लगभग 31 हजार की आबादी वाले कुछ गांवों में सोलर से बिजली जलती है। पर अधिकांश गांवों में पूरी तरह बिजली नहीं पहुंच पाई है। टेन प्लस टू स्कूल में महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं हैं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा जैसे विभाग पूर्व के डुमरी से संचालित होते रहे हैं, लोग 70 किमी दूर गुमला या छत्तीसगढ़ के जशपुर में जाकर इलाज कराते हैं। अस्पताल भी इलाज के मामले में अधूरा है। परमवीर चक्र विजेता शहीद अलबर्ट एक्का के नाम से बने गुमला के जारी प्रखंड को 13 साल हो गए पर प्रखंड, अंचल, थाना तथा बीआरसी को छोड़कर अधिकांश विभाग आज भी डुमरी प्रखंड से संचालित हो रहे हैं। सबसे घनी जनजातीय आबादी वाला गुमला जिला का यह क्षेत्र परमवीर अल्बर्ट ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# पारिवारिक विवाद के बिंदु पर जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सदर थाना क्षेत्र के बूटी बस्ती में संजय पाहन की हुई हत्या के मामले में पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद में हत्या की बात सामने आ रही है। हालांकि पुलिस पारिवारिक के साथ जमीन विवाद के बिंदु पर जांच कर रही है। शनिवार को पुलिस की टीम घटना स्थल पर गई। पुलिस की टीम घटना स्थल समेत अन्य इलाकों का जायजा लिया। आसपास के लोगो से भी पुलिस की टीम ने पूछताछ की। इस क्रम में पुलिस की टीम ने परिवार के सदस्यों से पूछताछ की। पुलिस ने पत्नी का दोबारा बयान लिया। पुलिस संजय पाहन के साथ जिन लोगों की दुश्मनी है, उसके बारे में जानकारी ली। हालांकि पत्नी ने पुलिस से कहा कि इस घटना को किसने अंजाम दिया है, उन्हें ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### बाबूलाल शोकाकुल परिवार से मिले

रांची के सदर थाना क्षेत्र के बूटी बस्ती में संजय पाहन नाम के व्यक्ति की कल हत्या हो गई थी। शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और राज्य सभा सांसद आदित्य साहू ने पाहन के आवास पर जाकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर मामले की जानकारी ली। रांची महानगर जिला अध्यक्ष केके गुप्ता भी उपस्थित थे। मरांडी ने कहा कि स्व पाहन एक मिलनसार व्यक्ति थे जिनकी किसी से वैमनस्यता नहीं थी। उन्होंने कहा कि इसके कारण हत्या का मामला गंभीर लगता है।

# विस्थापित ट्रिब्यूनल बनाने की अनुशंसा करेगा कोल इंडिया

## कोल इंडिया के मुख्यालय में आयोजित द्विपक्षीय वार्ता संपन्न

### बनी सहमति और लिए गए निर्णयों पर जनवरी के पहले सप्ताह में होगी समीक्षा बैठक

**आरएनएम। रांची/कोलकाता**

आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता सह गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो के साथ कोलकाता स्थित कोल इंडिया के मुख्यालय में कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएन प्रसाद के साथ विभिन्न विषयों पर शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसमें एक सप्ताह के अंदर कोयला मंत्रालय को विस्थापितों के हितों की रक्षा के लिए विस्थापित ट्रिब्यूनल बनाने संबंधी अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया।



इस दौरान विस्थापितों और स्थानीय लोगों के हक और अधिकार से जुड़े 21 सूत्री मांगों पर कोल इंडिया ने अपनी सहमति व्यक्त की। साथ ही इन मांगों को तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए कोल इंडिया के वरीय पदाधिकारियों और गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो तथा विस्थापितों के बीच जनवरी माह के पहले सप्ताह में वार्ता का निर्णय लिया गया।

विस्थापित रैयत परिवार पर आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को विधिक परामर्श के बाद वापस लेने और विस्थापित परिवार के बेरोजगार युवाओं को आउटसोर्सिंग सहायक कंपनी में आवासीय प्रमाण पत्र के आधार पर 40 हजार रुपये तक मानदेय में 75 प्रतिशत रोजगार सुनिश्चित करने और जमीन के बदले नौकरी व मुआवजा देने पर सहमति बनी।

घोरी, बी एंड के और कथारा द्वारा अधिग्रहित क्षेत्रों के 15 किलोमीटर की परिधि में आने वाले आसपास के गांवों तक मानवीय मूलभूत सुविधाओं जैसे शुद्ध पेयजल, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा की व्यवस्था कोल इंडिया के सीसीआर नीति के तहत करने आश्वासन दिया गया। साथ ही विस्थापित हुए परिवारों के प्रत्येक आश्रित सदस्यों के पुनर्वास स्थल की जमीन को सीएमपीडीआई द्वारा जांच कर पूर्ण विकसित करते हुए उनको बसाने का वादा किया। चंद्र प्रकाश चौधरी और लंबोदर महतो ने राज्य स्तरीय झारखंड विस्थापित मोर्चा गठन करने का निर्णय लिया। इस वार्ता में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुरी पश्चिमी पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, जिप सदस्य (पूर्वी) लक्ष्मी कुमारी, प्रखंड विकास प्राधिकारी रेनू बाला, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, सांसद प्रतिनिधि विनोद साहू, उप प्रमुख आरती देवी, मुरी पश्चिमी की मुखिया शीला देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना के लिए 480 आवेदन, मनरेगा जॉब कार्ड के लिए 200 आवेदन, पेयजल जिसमें चापाकल मरमती एवं नया चापाकल के लिए 19 आवेदन, वृद्धा पेंशन के लिए 10 आवेदन ग्रामीणों के द्वारा दिए गए।



मौके पर ग्रामीणों के बीच 140 कंबल का वितरण भी किया गया एवं वन विभाग के द्वारा मौके पर 200 पेड़ ग्रामीणों के बीच बांटे गए। कार्यक्रम के दौरान लोगों के बीच झारखंड सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी झामुमो सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया ने दिया। मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका तथा पंचायत जनप्रतिनिधि एवं इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सिल्ली विधायक ने गूंज महोत्सव की तैयारियों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने शनिवार के दिन स्टेडियम परिसर में 18 दिसंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय गूंज महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य कर रहे हैं मजदूर एवं स्वयंसेवकों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। ज्ञात रहे की गूंज महोत्सव पूरे झारखंड में अपना पहचान बन चुका है। महोत्सव में स्थानीय कलाकार से लेकर बॉलीवुड के भी कलाकार शामिल होते हैं। महोत्सव का पहला दिन महिलाओं के लिए, दूसरे दिन किसानों के लिए एवं तीसरे दिन युवाओं को समर्पित रहता है। महोत्सव में चिकित्सा शिविर का भी आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है



इससे लोगों को काफी लाभ भी मिलता है तथा झारखंड के कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के स्टाल भी लगाए जाते हैं। निरीक्षण के क्रम में सिल्ली विधायक ने स्टेडियम परिसर में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बच्चों के साथ क्रिकेट भी खेला जिससे बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। इस मौके पर प्रकाश राम, शिशिर महतो, संजय सिद्धार्थ, मनोज कोईरी समेत दर्जन लोग मौजूद रहे।

## राज्यसभा सांसद ने 6 विकास योजनाओं का किया शिलान्यास



**ओरमांझी।** ओरमांझी में राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू के मद से क्षेत्र के 6 गांवों में 60 लाख रुपये की अलग-अलग विकास योजनाओं का शिलान्यास फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। राज्यसभा सांसद व जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कूटे, सांडी, बारीडीह, गगारी, ओरमांझी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पालु में सड़क, भवन, नाली सहित अन्य लाभकारी योजनाओं का शिलान्यास किया। मौके पर भाजपा के कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

## शिक्षक ने ही छात्रों के खाते से किया पैसे का हेरफेर, हो कार्रवाई : देवेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय सक्रिय सदस्य देवेंद्र नाथ महतो शनिवार को सिल्ली पहुंचे।

वहां उत्क्रमित विद्यालय सहेदा के छात्रों के खाते से शिक्षक द्वारा पैसा चोरी मामला को लेकर सिल्ली के प्रखंड कार्यालय तथा सिल्ली लगाम में आयोजित सरकार आपके द्वार का कैंप में जाकर ज्ञापन सौंपा और की मांग की। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि सिल्ली प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित विद्यालय सहेदा का मामला सामने आया है। जानकारी दी गई कि पिछले दिन विद्यालय के ही एक शिक्षक के द्वारा तीसरे, चौथे, पांचवें व छठे वर्ग के छात्रों को बहला फुसलाकर कर बायोमैट्रिक लगाकर कर पोशाक के मिला प्रति छात्र 600 रुपए की चोरी कर ली गई है। इसके कई छात्र शिकार बने हैं।

मामले की जानकारी मिलते ही जेबीकेएसएस सिल्ली विधानसभा टीम बच्चों और अभिभावक के सहयोग से सिल्ली प्रखंड कार्यालय जाकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सिल्ली के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसका प्रतिलिपी सिल्ली बीडीओ और सिल्ली थाना प्रभारी को दिया गया। विद्यालय में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्र, अभिभावक तथा जेबीकेएसएस सिल्ली टीम देवेन्द्र नाथ महतो, अजय, संजीव, जितेन्द्र, पंकज, नकुल, विश्वनाथ, के अलावा अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## खूंटी के आदिवासी युवा-युवतियों का दल मैसूर रवाना

**खूंटी।** सीआरपीएफ 94 बटालियन और नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय समुदाय के 20 युवक युवतियों को मानसिक और कौशल विकास के लिए शनिवार को खूंटी से मैसूर भेजा गया। युवाओं और युवतियों के दल को सीआरपीएफ के कमांडेंट राधेश्याम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर सीआरपीएफ परिसर से रवाना किया। इन युवा युवतियों को पांच दिसंबर से 12 दिसंबर तक नेहरू युवा संगठन मैसूर में रखा जाएगा तथा उनको वहां की कला-संस्कृति और परिवेश की जानकारी के साथ-साथ उनके मानसिक और कौशल विकास को लेकर आवश्यक जानकारी दी जाएगी।

## संत जेवियर उच्च विद्यालय में जेवियर उत्सव मना

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मांडर स्थित संत जैविर्स उच्च विद्यालय मे संत जैवियर का पर्व धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर विशेष मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन किया गया। फादर जॉर्ज लकड़ा द्वारा मिस्सा अनुष्ठान सम्पन्न कराया गया। मुख्य अतिथि के रुप मे विधायक शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनेक चुनौतियां आएंगी। उन चुनौतियों का सामना करते हुए हमें आगे बढ़ना होगा तभी हम अपनी मंजिल को प्राप्त कर सकते है। अभी समय है आपलोगों को अपने आप को संवारने का, अच्छे संस्कार को ग्रहण करने का, इस अवसर पर स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य फादर जॉन शैलेन्द्र टोप्पो नें अतिथियों का स्वागत करते हुए संरक्षक संत, संत फ्रांसिस जैवियर की जीवनी पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला, मौके पर फादर विलियम तिर्की, फादर नीलम तिड़ू, पल्ली पुरोहित फादर प्रसन्न तिर्की, फादर अनुज सोरेंग, जमालूद्दीन अंसारी, मैक्सिमा कुजूर, ज्योति जे लकड़ा, वॉइलीन टोप्पो, ज्योत्स्ना केरकेट्टा, रवि उराव, सुषमा खलखो, अमोला खलखो, नटवर लाल, महिला सभा नेत्री कारमेला बरबरा, कैथोलिक सभापति जुएल तिग्गा, शेरोफिना मिंज आशा सरिता तिग्गा, पेत्रुस खलखो सहित अन्य उपस्थित थे।

## देश सेवा से बड़ा कोई सेवा नहीं : लेफ्टिनेंट कर्नल राकेश



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

प्रखंड के चोरेया स्थित डी एन एस हाई स्कूल में शनिवार को दो-दो बार सेना मेडल से नवाजे जा चुके लेफ्टिनेंट कर्नल राकेश कुमार को सम्मानित किया गया। राकेश इसी स्कूल में मैट्रिक तक की पढ़ाई की थी। जिससे क्षेत्र के साथ साथ स्कूल के लिए भी गर्व की बात है। राकेश के अपने पैतृक गांव चोरेया आने पर उसे स्कूल में आमंत्रित किया गया। स्कूल पहुंचने पर स्कूल के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के द्वारा गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह और अन्य शिक्षकों ने उन्हें गुलदस्ता व शाल देकर सम्मानित किया। मौजूद विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल ने कहा कि देश सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। यदि आप भी देश सेवा से जुड़ना चाहते हैं तो सेना में अपना भविष्य तलाशें। साथ ही उन्होंने बच्चों से कहा अनुशासन सफलता का मूल मंत्र है और फौज में बिना अनुशासन के आप एक कदम भी नहीं चल सकते। इस दौरान उन्होंने बच्चों से अपने उन अभियानों का भी जिक्र किया जिसके चलते दो-दो बार उन्हें सेना मेडल से नवाजा गया।

# भारत भारती का झारखंड दिवस समारोह आज

## विभिन्न राज्यों के 12 सांस्कृतिक दलों की ओर से दी जाएगी सांस्कृतिक प्रस्तुति

### राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन होंगे मुख्य अतिथि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय एकात्मता के लिए कार्यरत संस्था भारत भारती और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 3 दिसंबर को अपराह्न 3.00 बजे से डीएसपीएमयू प्रेक्षागृह में झारखंड दिवस समारोह मनाया जाएगा। रांची में रहने वाले विभिन्न राज्यों के लोगों के 12 सांस्कृतिक दलों द्वारा



सांस्कृतिक प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन होंगे जबकि सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी और डीएसपीएमयू के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य विशेष अतिथि के रूप में भाग लेंगे। भारत भारती के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विनय पत्राले ने बताया कि भारत का प्रत्येक प्रमुख शहर आज भारत का लघु स्वरूप बनकर उभर रहा है। एक शहर में रहने वाले विभिन्न भाषा भाषी लोगों में स्नेहबंध विकसित हो, मैत्री भाव जागृत हो, विविध उत्सव, त्यौहार, नृत्य, कला, परंपरा आदि के माध्यम से अभिव्यक्त होने वाली संस्कृति के इस पुण्य प्रवाह की अनुभूति सभी नागरिक करें, इसी उद्देश्य से यह संस्था कार्यरत है। एक ही शहर में रहने वाले विविध प्रांतों के विभिन्न समाज एकत्रित होकर लघु भारत की संकल्पना साकार करें, आपसी सामंजस्य के उजाले से संकुचित प्रादेशिकता का कुहासा दूर हो, जन-जन एक दूसरे से जुड़े, देश की मिट्टी के साथ जुड़े और जन-जन में भारत भक्ति भाव जागृत हो, यही ध्येय है भारत भारती का। इसी उद्देश्य से एक पखवाड़ा विलंब से ही, सभी राज्यों के लोग मिलकर झारखंड दिवस मना रहे हैं।

## एक नजर

### एडीजी अभियान 4 को करेंगे अधिकारियों के साथ बैठक

**रांची।** एडीजी अभियान संजय आंनद राव लाठकर सभी जिलों के एसएसपी, एसपी के साथ चार दिसम्बर को समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में डायल-112 से संबंधित कार्यों के निष्पादन को लेकर चर्चा की जायेगी। समीक्षा के दौरान आवंटित टैब का उचित संचालन,यूपीएस, पावर सप्लाई के संबंध में,डीसीसी के डिस्पेचर की कार्य क्षमता और शैली के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण, डीसीसी में कार्यरत बल के अतिरिक्त नये पदाधिकारी और कर्मियों की आवश्यकता, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर से संबंधित समस्याओं का निवारण सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी। डायल-112 एक इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (इआरएसएस) है। यह केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना है।

### राजेंद्र प्रसाद व सुदेश कुमार झारखंड रत्न से सम्मानित



**रांची।** दिल्ली में वाईएमसीए के कांफ्रेंस हॉल में शनिवार को मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद को झारखंड आंदोलनकारी व सामाजिक क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए झारखंड रत्न से लोक सेवा समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू को झारखंड रत्न से सम्मानित दिया गया। राजेन्द्र प्रसाद और डॉ सुदेश कुमार साहू को झारखंड रत्न से सम्मानित किए जाने पर राज्यसभा के सदस्य दीपक प्रकाश, पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी, झारखड आंदोलनकारी क्षितीश कुमार राय, नागपुरी भाषा परिषद के अध्यक्ष डॉ राम प्रसाद, झारखंड चेंबर कॉमर्स के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू इत्यादि प्रबुद्ध लोगों ने बधाई दी है।

### राज्य कर्मचारी महासंघ के सचिव बने रामसेवक महतो



**रांची।** चकला पंचायत के चकला गांव के रामसेवक महतो को झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य सचिव बनाया गया हैं। झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सिया शरण शर्मा ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। रामसेवक महतो को संगठन सचिव बनने पर संगठन के अध्यक्ष एवं सभी कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है। अध्यक्ष सिया शरण शर्मा ने कहा कि राज्य संगठन सचिव बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी। रामसेवक पहले से ही कर्मचारियों के हित के लिए कार्य करते हैं। और अब संगठन में पदाधिकारी के रूप में हुए संगठन के हित के लिए बढ़-चढ़कर कार्य करेंगे। वहीं पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने उन्हें झारखंड के राज्य सचिव का नया दायित्व सौंपे जाने पर उन्हें बधाई दी।

### साहित्य अकादमी कराएगा कुड़माली भाषा सम्मेलन

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कुड़माली भाषा सम्मेलन आगामी दिनांक 6 एवं 7 दिसंबर 2023 को होगा। यह सम्मेलन साहित्य अकादमी, नई दिल्ली एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जायेगा। इसमें कुड़मालि भाषा, साहित्य एवं संस्कृति से संबंधित विविध विषयों पर विभिन्न विद्वान द्वारा आलेख पाठ प्रस्तुत किए जाएंगे। इस सम्मेलन में साहित्य अकादमी, नई दिल्ली की ओर से अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव, अध्यक्ष माधव कौशिक, उपसचिव एन. सुरेश बाबू, कुलपति डॉ. केशरी लाल वर्मा आदि आयोजक के रूप में आयेंगे। इसमें झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़िसा आदि के कुड़मालि - भाषा, साहित्य एवं संस्कृति प्रेमी भाग लेंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन में कुल 8 सत्र होगें। सम्मेलन में आलोक पाठकर्ता के अलावे शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी, भाषा-साहित्य-संस्कृति प्रेमी शामिल हो सकते हैं।

## सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत पंचायतों में लगा शिविर

**खूंटी।** राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत शनिवार को कर्रा प्रखंड के मेहा, खूंटी के मुरही, मुरहू के गुटुहातू, अड़की के उपर बलालोंग, तोरपा पश्चिमी, रनिया के सोदे और खूंटी नगर पंचायत के सामुदायिक भवन कामंता में शिविर का आयोजन किया गया। शिविरों में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, पीएम स्व निधि योजना, स्वयं सहायता समूह निर्माण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र आदि योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया गया। राशन से संबंधित समस्या, पीडीएस के तहत राशन कार्ड को आधार से लिंक करने, सर्वजन पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, सेवा गारंटी अधिनियम के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सेवाओं जैसे जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लोगों को दिया गया। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन कराने, लंबित दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन करने एवं निर्विादित मामलों में लगान रसीद निर्गत किये गये। शिविर में धोती, साड़ी, लुंगी और कंबल का विवरण लाभुकों के बीच किया गया। मेहा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## सीएम के कोडरमा दौरे को लेकर तैयारियों में जुटा प्रशासन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पांच दिसंबर को कोडरमा जायेंगे। वहां सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर आला अधिकारियों की ओर से कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिये गये हैं। जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पांच दिसंबर को कोडरमा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। कोडरमा ब्लॉक मैदान और बागीटांड़ स्टेडियम को मुख्यमंत्री के आगमन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है। कोडरमा डीसी मेघा भारद्वाज ने जिले के आला अधिकारियों के साथ इन दोनों कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारी के मद्देनजर अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री जब कोडरमा पहुंचेंगे तो उनका आदिवासी रीति रिवाज और पारंपरिक ढंग से स्वागत किया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम में तकरीबन 10 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। विभिन्न विभागों की ओर से कार्यक्रम स्थल पर कई स्टॉल भी लगाए जाएंगे। मौके पर विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन परिसंपत्तियों का भी वितरण करेंगे।

## मानव तस्करी व असुरक्षित पलायन के खिलाफ जागरूकता रथ रवाना

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ने शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मानव तस्करी एवं असुरक्षित पलायन को लेकर जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ यात्रा के माध्यम से जिले के विभिन्न गांवों में जन जागरुकता लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह रथ यात्रा बाल अधिकार संरक्षण आयोग झारखंड और बाल कल्याण संघ रांची के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, राज्य सभा सांसद डॉ महुआ माजी, काजल यादव अध्यक्ष झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, सुनील कुमार वर्मा, सदस्य, बाल अधिकार संरक्षण आयोग, झारखण्ड संजय मिश्र आदि की उपस्थिति में शुरू की गई थी, जो झारखंड के सभी जिलों की पंचायतों तक यात्रा के दौरान अपनी पहुंच सुनिश्चित करेगी।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी

ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्याः–302/RII/2023-24/RWD/KHUNTI, दिनांक–01.12.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य का नामः–

| क्र० सं० | आई० डी० सख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | पथ का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/KHUNTI/23/SRPKG/01/2022-23 | सोनाहातु | I.बिरगामडीह से सालबींध होते हुए भकवाडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य(लं०–4.810 कि०मी०)। | 13,92,64,854.00 | तेरह करोड़ बानबे लाख चौंसठ हजार आठ सौ चौवन रू० मात्र। | 9 माह | तृतीय |
| | | सोनाहातु | II.कोड़ाडीह से सालगाडीह होते हुए जिर्लींगसेरेंग तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य(लं०–3.210 कि०मी०)। | | | | |
| | | सोनाहातु | III.बारेन्दा कैनाल से बारेन्दा होते हुए सतीघाट तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०– 2.500 कि०मी०)। | | | | |
| | | सोनाहातु | IV.तिलाईपीढ़ी से पंडाडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–3.375 कि०मी०) | | | | |
| | | सोनाहातु | V.चोकाहातु से सितुमडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–2.995 कि०मी०) | | | | |
| | | सोनाहातु | VI.पी०डब्ल्यू०डी० रोड से जिंतुडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–2.050 कि०मी०) | | | | |
| | | सोनाहातु | VII.बोरन्दा मारंगकीरी पी०डब्ल्यू०डी० रोड से डांगडुंग घाट भाया दुलमी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–3.515 कि०मी०) | | | | |
| | | सोनाहातु | VIII.बारेडीह लोवाडीह से हरीण तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–1.865 कि०मी०) | | | | |
| | | सोनाहातु | IX.पोयादीरी से पोयादीरी पी० डब्ल्यू०डी० पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–0.650 कि०मी०) | | | | |
| | | सोनाहातु | X.दुलमी से मगनडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं०–2.260 कि०मी०) | | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 08.12.2023 ।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 18.12.2023 अपराहन 5:00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 20.12.2023 अपराहन 3:30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०– 9431170803
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR 312546 (Rural Work Department)23-24*D



Office of the Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi
Email: eedwsd.ranchiwest@gmail.com, website: dwsd.jharkhand.gov.in

RFP No:-05/CDO/Ranchi/Selection /2023-24 Date:-01.12.2023

Notice for Request for Proposal (RFP) for Selection of independent agency for impact study under Jal Jeevan Mission (JJM)

CDO, DWSD Jharkhand invites RFP from reputed agency, which have experiences in research and impact-based studies, and have worked or working with state/ central Govts, for selection of agency to carry out impact based studies on JJM implementation and to provide technical solutions for the problems assessed during study in Ramgarh, Simdega and Giridih district of Jharkhand. The selection will based on QCBS method through online bidding. There are 03 groups one for each district. Agency shall have to apply separately for each group. Agencies may give their offer for more than one group.

1. Date of uploading of RFP On **http://jharkhandtenders.gov.in** : 06.12.2023 at 4.00 PM
2. Pre-Bid meeting at CDO, DW&SD, Jharkhand, Doranda, Ranchi-834002 : 12.12.2023 at 3.15 PM.
3. Date of Presentation on Methodology : 12.12.2023 at 3.15 PM onwards.
4. Last date & time of online submission : 20.12.2023 up to 03.00 PM
5. Opening Date of Technical Bid : 20.12.20232 at 5.00 PM
6. RFP application Fee : Rs. 10,000/- only (non-refundable)
7. Helpline No. : +91 9430725642
8. RFP application Fee (each group separately) should be Paid (Rs 10,000/-) (Non- Refundable) through Online Gateway Facilities in two mode- Net Banking (SBI & 61 Other Banks) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of "**Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West**" payable at **Ranchi**. (As per IT & e-governance Department Office order Letter-120, Date-03.10.2023 Attached as Annexure-1)
9. For each group, Earnest Money Deposited (EMD) should be Rs 5,00,000/- (Rupees Five Lakh only) through Online Gateway Facilities in two mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of **"Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West"** payable at **Ranchi (As per IT & e-governance Department Office order Letter-120, Date-03.10.2023 Attached as Annexure-1)**. Tender fee, Earnest Money & Bid Documents separately shall be submitted Online Mode. Only those applications will be entertained which cost of RFP application fee, bid security & bid documents are received separately and properly superscribed in Online Mode. The office of Executive Engineer, D.W. & S. Division, Ranchi West, Ranchi will not be held responsible for any failure in payment by online method.
10. Bid validity shall be 180 days from the date of opening of bid.
11. In the event date specified for receipt / opening declared a holiday, the due date for submission and opening, will be the following working day at the appointed time.
12. The Department reserves the right to cancel, revise or amend this RFP or bid documents fully or partly prior to the last date of RFP for submission of offers or on any subsequent date.
13. All legal disputes will be entertained within the jurisdiction of Jharkhand High Court, Ranchi.
14. Bid Documents/ Any changes & Further details can be seen on website :http://jharkhandtenders.gov.in
15. **Bid should be submitted for each group separately.**

Sd/-
Executive Engineer,
D.W. & S. Division, Ranchi West, Ranchi

PR 312593 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

## एक नजर

### आर्मी पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस



**रांची।** दिव्यांगों के प्रति लोगों के व्यवहार में बदलाव लाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा समाज को संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से हर साल 3 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। आर्मी पब्लिक स्कूल रांची में दिव्यांगों के प्रति जागरूकता, समावेशी शिक्षा और समाज में समान अधिकार को ध्यान में रखकर रांची स्थित दीपशिखा संस्थान के लगभग 20 दिव्यांग बच्चों ने स्कूल भ्रमण कराया गया । स्कूल के बच्चों ने भी उनके लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य अभय कुमार सिंह ने दीपशिखा के बच्चों को प्रोत्साहित किए।

# अलनीनो : इस बार ठंड से मिलेगी थोड़ी राहत



### 10 डिग्री से नीचे जा सकता न्यूनतम तापमान

मौसम विभाग के अनुसार दिसंबर के पहले और दूसरे सप्ताह में हल्के बादल छाए रहने की संभावना है। जिसके कारण अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 10 डिग्री या इससे नीचे तक भी जा सकता है। बादन छाने के दौरान दिन का तापमान गिरेगा। जबकि बादल छंटने पर रात के न्यूनतम तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में अमूमन दिसंबर में जबरदस्त ठंड पड़ती है लेकिन इस बार अलनीनो के प्रभाव के कारण सामान्य से अधिक बारिश की संभावना है। बादल छाए रहने के कारण इस बार ठंड से थोड़ी राहत है। न्यूनतम तापमान सामान्य में उपर दर्ज की जा रही है। लेकिन बादल छंटने के साथ ही ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार दिसंबर महीने के पहले पखवाड़े में मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। इस दौरान रांची समेत राज्य के कई हिस्से में बादल छाये रह सकते हैं। देश के उत्तरी हिस्सों में बर्फबारी हो रही है, जिसका असर आने वाले दिनों में झारखंड में भी देखने को मिलेगा। रांची स्थित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार देश के पश्चिमी भाग राजस्थान से लेकर उत्तर भारत में आए पश्चिमी विक्षोभ का असर झारखंड में पड़ेगा। मैदानी भागों में बारिश हो रही है। यह सिस्टम झारखंड की ओर से बढ़ रहा है। बंगाल की खाड़ी एक अतिदाब बनने की प्रक्रिया से गुजर रही है। तीन दिसंबर को यह अतिदाब से चक्रवातीय तूफान बनकर हैदराबाद और तमिलनाडु के तट पर चार दिसंबर को पार करेगा। इस व्यापक सिस्टम के पार करने के दौरान झारखंड की आबोहवा भी बदलेगी।

**क्या है अलनीनो :** अल नीनो एक जलवायवीय परिघटना है जो उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में अनियमित रूप से समुद्री जल के गरम होने से घटित होती है। इसका भारत सहित विश्व भर के मौसम पर वृहत प्रभाव पड़ता है। जिससे मौसम के सामान्य तापमान असामान्य रूप से में बढ़ोतरी और कमी आती है। वहीं समुद्री जल के ठंड के प्रभाव से ला नीनो प्रभाव उत्पन्न होता है। सामान्यतः से प्रभाव दो से तीन वर्ष में देखने को मिलते हैं।

# राजभवन के समक्ष दिव्यांगों का धरना-प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अनुमंडलीय दिव्यांग संघ ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस ना मना कर शनिवार को राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना दिया। संघ ने बयान देकर बताया कि कल दिव्यांग दिवस के मौके पर सड़कों पर प्रदर्शन करेंगे पिछले साल सरकार के मंत्री, विधायक सहित कई आला अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि हमारी जितनी भी मांग हैं उसे पूरा कर दिया जाएगा लेकिन हमें सिर्फ आश्वासन ही मिला । मुख्य मांगे दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अनुरूप प्रत्येक जिला में दिव्यांगजनों से संबंधित मामलों के निपटारे के लिए यथाशीघ्र विशेष न्यायालय का गठन।सभी वयस्क दिव्यांगों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया जाएं। सुप्रीम कोर्ट का 28 अक्टूबर 2021 के आदेश का पालन करते हुए झारखंड सरकार प्रत्येक सरकारी विद्यालयों में विशेष बच्चों के लिए कम से कम एक विशेष शिक्षक अविलंब बहाल करें। दिव्यांगजन निधि योजना के तहत 50,000 की अनुदान राशि दिव्यांग सशक्तिकरण के लिए, रोजगार मुहैया के लिए दिव्यांगों के बीच आवंटन वितरण करना है जो अभी तक लंबित है। अविलंब कमेटी गठित करके वितरण किया जाए।

## राष्ट्रीय प्रदूषण रोकथाम दिवस मनाया



**रांची।** रेड सी इंटरनेशनल स्कूल, आजाद बस्ती रांची ने राष्ट्रीय प्रदूषण रोकथाम दिवस मनाया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों ने चार प्रकार के प्रदूषण को दिखाते हुए उससे होने वाली हानियों को बताया एवं उससे बचने के उपाय भी बताए। छात्रों ने प्रदूषण नियंत्रण दिवस के महत्व को बताते हुए, स्कूल के बाहर हर आने जाने वालों को एक एक पौधा और इको फ्रेंडली थैला देकर प्रदूषण से बचने और उसके रोकथाम को बढ़ावा देने की लोगों से अपील की । स्कूल की प्रधानाध्यापिका सोनी सितारा केरकेट्टा ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदूषण की रोकथाम पर जोर देने के लिए हर वर्ष 2 दिसंबर के दिन राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया जाता है। बच्चों ने कहा कि हम सब मिलकर इन प्रदूषण पर नियंत्रण कर सकते है जिसके लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने होंगे , गाड़ियों से निकलने वाले धुएं को नियंत्रित करना होगा तथा लाउड स्पीकर का कम प्रयोग करना होगा और प्लास्टिक के प्रयोग को भी काम करना होगा ।इन सब से हम प्रदूषण को कम कर सकते है।

## मारवाड़ी ब्राह्मण सभा की वार्षिक आम सभा

**रांची।** मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के सत्र 2022-24 की प्रथम वार्षिक आम सभा आगामी 24 दिसम्बर दिन रविवार को मारवाड़ी ब्राह्मण भवन में अपराहन 3 बजे से होगी इस संबंध में कार्यकारिणी समिति की एक आवश्यक बैठक में निर्णय लिया गया। सभा अध्यक्ष रमेश चन्द्र शर्मा ने सभा के सभी संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों से उक्त बैठक में सम्मलित होने का आह्वाहन किया है। सभा के मंत्री कृष्ण लाल शर्मा ने बताया कि उक्त वार्षिक आम सभा में गत वर्ष में सभा द्वारा किये गए कार्यो का ब्यौरा प्रस्तुत किया जायेगा एवं सभा के कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर गोवला आय-व्यय का वार्षिक ब्यौरा प्रस्तुत करेंगे। कार्यकारिणी बैठक में अरुण कुमार जोशी एवं अशोक पुरोहित (उपाध्यक्ष) प्रदीप कुमार शर्मा एवं महेंद्र कुमार शर्मा (उपमंत्री), अमित सारस्वत (आंतरिक अंकेक्षक), गुलाब शर्मा, धर्मचन्द शर्मा, विनय जोशी (जुग्गू), राहुल शर्मा,कमल शर्मा, चेतन शर्मा,ओम प्रकाश माटोलिया, नथमल शर्मा, सुनील शर्मा सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

## श्री चैती दुर्गा मंदिर का साप्ताहिक प्रसाद वितरित



रांची। श्री चैती दुर्गा मंदिर,भुतहा तालाब में पुजारी सुभाष मिश्रा जी के द्वारा भोग लगाया गया तथा मंदिर परिसर में जुटे भक्तों के बीच खिचड़ी, अचार, चिप्स का प्रसाद वितरित किया गया। महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, संजय सिंह (लल्लू सिंह), राहुल सिंह,विशाल कृष्णा, शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, राजू चौरसिया, महेंद्र वर्मा, जय कांत चौधरी, नमन भारतीय, राहुल रजक,संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक (पवन),आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, शिव किशोर शर्मा,आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा, समीर नायक उपस्थित थे।

### इंसान स्कूल ग्लोबल एलुमनी एसोसियेशन का दूसरा मेगा मीट का आयोजन

# शिक्षा की बुनियाद पर ही देश और समाज की तरक्की : डॉक्टर मजीद





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंसान स्कूल ग्लोबल एल्यूमिनी एसोसिएशन दूसरा मेगा मीट्स 2 और 3 दिसंबर को फातिमा गर्ल्स अकैडमी इटकी रांची में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर मजीद आलम निदेशक आलम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, गेस्ट ऑफ ऑनर डॉक्टर जयाउल होदा निदेशक झारखंड नेशनल हॉस्पिटल, डॉक्टर परवेज आलम कार्डिक सर्जन, शमशेर आलम डिप्टी चेयरमैन झारखंड अल्पसंख्यक आयोग, मौलाना मातिउर रहमान मदनी चैयरमैन तौहीद यूनिवर्सिटी सह बुखारी यूनिवर्सिटी किशनगंज, मौलाना नसीम अनवर नदवी डायरेक्टर फातिमा गर्ल्स अकैडमी इटकी रांची, रामजी यादव चेयरमैन वाईबीएन यूनिवर्सिटी मौजूद थे। यह मौका था इंसान स्कूल के पूर्वती छात्रों का एक जगह मिलकर शिक्षा के प्रति जागरूक पैदा करना इस पर चर्चा किया गया । इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉक्टर मजीद आलम ने कहा की इंसान स्कूल एक बहुत बड़ी तहरीक शिक्षा को लेकर चलाया था। यहां के बच्चे हर फील्ड में पूरे दुनिया में है। डॉक्टर परवेज आलम ने कहा कि हमें स्वर्गीय डॉक्टर सैयद हसन के शिक्षा के तहरीक को सीखने की जरूरत है। मुसलमान इल्म नाफे को हासिल करने का प्रयास करें। इस मौके पर फातिमा एकेडमी इटकी में एनआरआई हॉस्टल की संगे बुनियाद रखी गई। इसका संगे बुनियाद मौलाना मातीउर रहमान मदनी अध्यक्ष तौहीद यूनिवर्सिटी और बुखारी यूनिवर्सिटी किशनगंज ने अपने हाथों से किया। मौलाना मातीउर रहमान मदनी ने अपने संबोधन में कहा कि यहां के शिक्षा, प्रशिक्षण बहुत अच्छा है। हमारी दुआ है की फातिमा गर्ल्स अकेडमी का यूनिवर्सिटी हो। वहीं मौलाना नसीम अनवर नदवी निदेशक फातिमा गर्ल्स अकेडमी ने अपने संबोधन में कहा कि सीबीएससी बेस्ट स्कूल है। जहां दीन के साथ दुनियावी तालीम दी जा रही हैं। हमारा उद्देश है बच्चो को एजुकेट करना और एकनामिक्स मजबूत करना है। वहीं मौलाना इलियास मजाहिरी ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मौलाना नसीम अनवर नदवी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# श्री श्याम मंदिर में भव्य भंडारे का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 89 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का भोग अर्पित किया गया। श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान अशोक अग्रवाल, सरला अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सानिया अग्रवाल, निशांत अग्रवाल, निशा अग्रवाल ने खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। भोग को अग्रवाल परिवार ने वृहद भंडारे में मिलाकर मंदिर के आचार्यों व भक्तों को खिलाया। मालू हो कि प्रत्येक शनिवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है । 89 वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद में वेज पुलाव मिक्स सब्जी केसरिया जलेबी बिस्किट का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाग ग्रहण करने हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जय के जयकारे लगे। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, अशोक अग्रवाल, चरण अग्रवाल, राहुल, सानिया, निशांत, निशा सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

## निगम के दो वार्डों में 66 आवेदनों का ऑन स्पॉट निपटारा



**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को रांची नगर निगम की ओर से दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इनमें वार्ड नंबर 13 और वार्ड नंबर 14 में कुल 66 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनों वार्ड में ठंड को देखते हुए गरीब व जरूरतमंदों के बीच कुल 250 कंबल का वितरण भी किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते है।

### सभी जिलों को अयोध्या श्रीराम मंदिर से भेजे गए पूजित अक्षत

# 30 लाख परिवार को श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का देगा निमंत्रण : विहिप



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेन्द्र साहू ने बताया कि आज से 10 दिसंबर जिला बैठक 11 दिसंबर से 17 दिसंबर प्रखंड बैठक एवं 18 दिसंबर से 24 दिसंबर तक पंचायत बैठक की जाएगी। 22 दिसंबर गीता जयंती / शौर्य दिवस के पावन अवसर पर झारखंड के सभी प्रमुख मंदिरों में श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। 23 दिसंबर से 30 दिसंबर तक स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस पर धर्म रक्षा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया इसके तहत परावर्तन के कार्यक्रम किए जाएंगे। डॉ साहू ने बताया 1 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक झारखंड के 30 लाख परिवारों तक पहुंच कर अयोध्या जी में हो रहे श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त अपने-अपने क्षेत्र के सभी मंदिरों को अयोध्या धाम का प्रतीक मानकर 22 जनवरी 2024 को धार्मिक अनुष्ठान, महाआरती एवं रात्रि में अपने-अपने घरों में दीपोत्सव मनाने का आग्रह करेंगे। इस निमंत्रण में सभी हिंदू जनमानस को फरवरी मास के बाद एक बार पुरुषोत्तम भगवान श्री राम लला का दर्शन करने जाने का भी निमंत्रण दिया जाएगा। डॉ साहू ने कहा आज अयोध्या जी से लाये गए पूजित अक्षत को झारखंड प्रांत के सभी जिला केंद्रों में भेजा जा रहा है। इस पूजित अक्षत को जिला केंद्र से प्रखंड एवं पंचायत केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव व सुभाष नेत्रगवांकर, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार व रंगनाथ महतो, बजरंग दल प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर, सामाजिक समरसता प्रांत प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र, विशेष संपर्क प्रांत प्रमुख अरविंद सिंह, धनबाद विभाग सह मंत्री राजेश दुबे सहित विभाग संगठन मंत्री, जिला संगठन मंत्री, जिला मंत्री, जिला अध्यक्ष, जिला बजरंग दल संयोजक उपस्थित थे।





### सरकार रोक नहीं लगा पाई तो समाज शुरू करेगा सेंदरा

# मुंडा समाज के लोगों की हत्या गहरी साजिश



**आदिवासी समाज को उनकी जगह जमीनों के लिए जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है**

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बूटी मौजा के पाहन संजय पाहन की बीती रात अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने को लेकर पाहन महासंघ झारखंड प्रदेश ने राज्य की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने प्रेसवार्ता कर कहा कि झारखंड आदिवासियों का है और ये मानकी, मुंडा माझी, परगनैत, ढोकलो सोहोर, पड़हा व्यवस्था जैसे परंपरागत कानून से चलता है। जहां छोटानागपुर में पाहन मुंडा मानकी का स्वशासन व्यवस्था है वहीं पाहन मुंडा की हत्या एक बड़ी साजिश का हिस्सा मालूम पड़ता है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो आदिवासी समाज इस लड़ाई से पीछे नहीं हटेगा और अपना पारंपरिक युद्ध सेंदरा को आरंभ करेगा। मुंडा नेताओं ने कहा कि जमीन को लेकर अगर किसी पाहन की हत्या होती है तो माफियाओ को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है और एक के बदले कई माफियाओ का सेंदरा होगा। कहा गया कि इससे पूर्व माफियाओ द्वारा सीपीएम नेता सुभाष मुंडा की हत्या, पिठौरिया के पूर्व मुखिया फलिंदर मुंडा को गोली मार कर हत्या का प्रयास,ओरमांझी के मुंडा परिवार के मुखिया को फर्जी केस में फंसा कर उसके घर पर बुल्डोजर चला कर उसकी जमीन पर जबरन कब्जा और अब संजय पाहन की सरे आम हत्या। इससे यह साफ जाहिर है कि आदिवासी समाज को उनकी जगह जमीनों के लिए जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। जिसमें विशेष कर पाहन मुंडा की हत्या करना यहां की धर्म संस्कृति और परंपरा पर सीधा प्रहार किया जा रहा है। इसे खत्म करने के लिए लगातार आदिवासियों की हत्याएं हो रही है। माफिया गिरह शहर से लेकर गांव तक अपना पांव पसार रहे हैं। जिसमें बड़े व्यवसायी, कॉरपोरेटर घराने और प्रशासन द्वारा माफियाओं को संरक्षण दिया जा रहा है। पाहन महासंघ ने ये सख्त चेतावनी जारी किया है। जिसके लिए पाहन महासंघ जल्द एक बड़ी बैठक रांची महानगर में करेगी और सरकार और प्रशासन से जल्द ही आदिवासीयो के मुद्दों को लेकर मुखर होगी। पाहन महासंघ की ओर से विशेष रूप से संघ प्रमुख जगदीश पाहन, महासचिव हलधर चंदन पाहन, विजय पाहन, महादेव पाहन, बिरसा पाहन, वसंत पाहन, जेवियर पाहन, विक्की पाहन व अन्य ने हत्या की कड़ी निंदा की है।

### बहरागोड़ा शाखा मैदान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में पहुंचे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

# 'निःस्वार्थ सेवा मानव का सर्वोत्तम गुण'





**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा शाखा मैदान में शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. इसमें सुबह से ही स्वास्थ्य जांच कराने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी थी. लोग विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श ले रहे थे. मरीजों को शिविर में निःशुल्क दवा भी दी गई. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन थे. शिविर में राज्यपाल ने कहा कि नर सेवा के लिए मनुष्य को पीछे नहीं, हमेशा आगे रहना चाहिए. स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, निःस्वार्थ सेवा मानव का सर्वोत्तम गुण है और डॉक्टर द्वारा उचित देखभाल करना नहीं है, बल्कि रोगों की रोकथाम करना और उचित इलाज करना प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान भारत योजना से लगभग करोड़ों लोग लाभान्वित हो चुके हैं. इस योजना की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा की धरती से ही हुई थी. राज्यपाल ने कहा कि कोरोना काल के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड वैक्सीन की खोज में जो दिलचस्पी दिखाई वह सारी दुनिया जानती है. यहां तक कि यह वैक्सीन स्वदेशी निर्मित वैक्सीन है. यह काफी कारगर साबित हुई. इस वैक्सीन का निर्यात भारत ने अपने पड़ोसी देशों को किया. राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन रांची से बहरागोड़ा सड़क मार्ग से पहुंचे. बहरागोड़ा में पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त मंजू नाथ भंजत्री व एसपी किशोर कौशल ने उनका स्वागत किया. इसके बाद स्वास्थ्य शिविर के पास ही मैदान में राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इसके बाद राइट्स इंडिया लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने उन्हें पुष्पगुच्छ दिया. महामहिम ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टरों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया. राइट्स इंडिया लिमिटेड के सीईओ गणेश रेड्डी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा न के बराबर होने के कारण ऐसी स्वास्थ्य चिकित्सा सेवा शिविर लगाना चाहिए. इससे सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों के लोग सबसे ज्यादा लाभान्वित होते हैं. इसलिए ऐसी कार्यक्रम मानव जाति के लिए कल्याणकारी साबित होते हैं. राइट्स इंडिया लिमिटेड की स्वतंत्र निदेशक ने शाखा मैदान का परिचय देते हुए बताया कि उक्त मैदान में केवल स्वास्थ्य शिविर नहीं, बल्कि गरीब घर की बेटियों की शादी बिना दहेज के लगभग बीस हजार लोगों को साक्षी रख के किया जाता है. उन्होंने राज्यपाल से कहा कि बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र कृषि प्रधान है.

## एक नजर

### नकली शराब बनाने के धंधे का भंडाफोड़ एक गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस नकली शराब बनाने के धंधे का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने मनोज साव नाम के व्यक्ति के घर छापेमारी कर अलग-अलग ब्रांड की शराब की बोतले, स्टिकर और ढक्कन भी बरामद किये हैं. साथ ही इस मामले में पुलिस ने मनोज साव को गिरफ्तार भी किया है. जानकारी के अनुसार, एसपी दीपक शर्मा को गुप्त सूचना मिली थी कि केमिकल से नकली अंग्रेजी शराब का निर्माण कर उसे विभिन्न होटलों और गिरिडीह जिले के बाहर अन्य क्षेत्रों में सप्लाई किया जा रहा है. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस की टीम ने भरकट्टा ओपी क्षेत्र स्थित चरघरा गांव में मनोज साव के घर में छापेमारी की और नकली शराब बनाने के धंधे का भंडाफोड़ किया.

### बेरमो : गोमिया के प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत

**बोकारो।** बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड क्षेत्र के छोटकी सिधाबारा के एक मजदूर की मुंबई के पोलवा स्थित खारकोपर में शनिवार की रात मौत हो गयी. मृतक गोमिया के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटकी सिधाबारा निवासी भरत महतो का 22 वर्षीय पुत्र अमिंद्र महतो है. सूचना मिलते ही परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है. अमिंद्र महतो मुंबई में हाइवा ट्रक चलाता था. इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकंदर अली संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत दूसरे राज्यों में लगातार हो रही है. इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है. रोजी-रोटी की तलाश में वे परदेश जाते हैं. हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके से प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत और फंसे होने की खबरें आती रहती है. प्रवासी मजदूरों की सबसे ज्यादा तादाद गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिले से रोजी कमाने गये लोगों की है. अभी सऊदी अरब में पांच मजदूर जो फंसे हुए हैं और उन्हें आठ महीने से वेतन नहीं दिया गया है.

### संत जेवियर स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**चाईबासा।** शहर के पोटका स्थित संत जेवियर इंग्लिश मीडियम स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव, विशिष्ट अतिथि चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम एजे राठौर, रेल मंडल के सीनियर डिविजनल इंजीनियर राम प्रताप मीणा उपस्थित थे. वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सुखराम उरांव ने झंडोतोलन कर किया. इस मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट किया. इसके बाद विधायक सुखराम उरांव ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों का अहम योगदान होता है. छात्र-छात्राएं सही मार्गदर्शन में मन लगाकर पढ़ाई करते हुए लक्ष्य प्राप्त करें.

## गिरिडीह एसपी पहुंचे महेशलुंडी विद्यालय, दी कानून की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के एसपी दीपक कुमार शर्मा इन दिनों स्कूली बच्चों से मिल रहे हैं. स्कूल में जाकर बच्चों को कानून की जानकारी दे रहे हैं. इसके साथ ही बच्चों को साइबर ठगी से बचने के उपाय भी बता रहे हैं. इसी क्रम में एसपी दीपक कुमार शर्मा उत्क्रमित उच्च विद्यालय महेशलुंडी पहुंचे. जहां उन्होंने सीनियर क्लास के बच्चों से मुलाकात की और पढ़ाई व भविष्य के बारे में जानकारी ली. एसपी ने मौके पर बच्चों के बीच साइबर ठगी से बचने के लिए पुलिस की ओर से तैयार की गई बुकलेट भी बांटे. इस दौरान एसपी ने बच्चों को बताया कि कैसे साइबर ठग फोन करते हैं फिर धोखा देते हैं और फिर बैंक खाते में सेंध लगाते हैं. एसपी ने बच्चों को बताया कि जब भी ऐसे कॉल आये तो उन्हें जल्द से जल्द काट देना चाहिए और ओटीपी, सीवीवी, बैंक डिटेल्स, आधार और पैन नंबर नहीं देना चाहिए. इस दौरान उन्होंने छात्रों से कहा कि संदिग्ध वीडियो कॉलिंग आने पर उसे रिसीव नहीं करना है. वहीं अश्लील मैसेज को भी टच नहीं करना है. इस तरह के कॉल या मैसेज आने पर अभिभावक को पुलिस के पास भेजना है. इस मौके पर एसपी दीपक कुमार शर्मा के साथ सार्जेंट मेजर राजेश रंजन भी मौजूद थे. उन्होंने भी बच्चों से कहा कि कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई सबसे महत्वपूर्ण है. यह पढ़ाई जीवन भर काम आती है. इस चार साल की पढ़ाई से ही भविष्य तय होता है. इस मौके पर मुखिया शिवनाथ साव भी मौजूद थे.

### चाईबासा: नक्सली साजिश नाकाम आईईडी बरामद

**चाईबासा।** सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया. शनिवार को सुरक्षाबलों ने गोइलकेरा थाना क्षेत्र के मरादिरी के आस-पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र से पांच किलो का एक आईईडी बरामद किया है. ये आईईडी सुरक्षाबलों को टारगेट के लिए नक्सलियों ने बिछा रखा था. सुरक्षा दृष्टिकोण से सुरक्षाबलों ने मौके पर ही आईईडी को डिफ्यूज कर दिया. प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय हैं. इसे लेकर दस अक्टूबर से एक संयुक्त अभियान गोईलकेरा थाना क्षेत्र के कुईटा, छोटा कुईटा, मारादिरी मेरालगडा, हाथीगुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र और टोन्टो थाना क्षेत्र के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका रेगड़ा. पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है.

## लाभुकों को दें योजनाओं की जानकारी : विधायक

**सरकार आपके द्वार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** पीरटांड़ प्रखंड के पालगंज पंचायत स्थित मध्य विद्यालय पालगंज के प्रांगण में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, प्रमुख सबिता टुडू, जिप सदस्य सरस्वती देवी, मुखिया शशिबाला देवी, पंसस योगेंद्र तिवारी, बीडीओ मनोज मरांडी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यक्रम में सभी विभागों के द्वारा विभागवार स्टॉल लगाए गए थे. जहां लोगों के आवयश्कता अनुसार आवेदन लिए जा रहे थे. वहीं विधायक एवं उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रखंड एवं अंचल के विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए स्टॉल का निरीक्षण कर स्टॉल में उपस्थित कर्मियों को शिविर में उपस्थित लाभुकों का सहयोग करने का निर्देश दिया. कहा कि राज्य सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग को समाज की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ही यह कार्यक्रम किया जा रहा है. उन्होंने पदाधिकारियों व कर्मियों से कहा कि लाभुकों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें व योजना का लाभ लेने में सहयोग भी करें. उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रखंड एवं अंचल के शिविर में उपस्थित कर्मी ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें तथा ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें, ताकि आमजनों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके. जबकि शिविर में अबुआ आवास के स्टॉल में काफी भीड़ देखी गई. इसके अलावे सर्वजन पेंशन योजना, पीएम आवास योजना, पीडीएस, पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, शिक्षा विभाग, प्रज्ञा केंद्र, पशुपालन विभाग, जमीन संबंधित विभाग, बिजली विभाग आदि का स्टॉल लगाया गया था. जहां अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम को सफल बनाने में उपमुखिया मनोहर साहू, वार्ड सदस्य भोला साव, निकुंज केतन भगत आदि का योगदान रहा.

### तांतनगर : टोंटो के पास सड़क हादसे में दो व्यक्ति की मौत

**चाईबासा।** चाईबासा-भरभरिया सड़क पर मंझारी थाना अंतर्गत बिरूवा टोंटो के पास शुक्रवार शाम को जोरदार सड़क दुर्घटना हुई है. दुर्घटना में दो व्यक्ति की मौके पर मौत हो गयी. एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है. मंझारी पुलिस ने गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को मंझारी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया. जहां घायल व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने चाईबासा सदर अस्पताल रेफर किया गया है. वहीं मृतक दोनों का शव को पुलिस ने कब्जे में लिया. शनिवार को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा जायेगा. मृतक दोनों में अनीस गोंड (22), उध्दव नायक (20) शामिल है. वहीं विष्णु नायक (24) गंभीर रूप से घायल हो गया है. सभी मंझारी थाना क्षेत्र के थई गांव के रहने वाले हैं.

## उत्तरकाशी टनल से निकले छह श्रमिकों को जिला प्रशासन ने किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी टनल में फंसे डुमरिया के सभी छह मजदूर शनिवार को सकुशल अपने घर पहुंच गए. डुमरिया जाने से पहले सभी को जिला मुख्यालय में एक समारोह आयोजित जिला प्रशासन की ओर सम्मानित किया गया. यहां डीडीसी मनीष कुमार और धालभूम एसडीओ पियूष सिन्हा ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया. साथ ही स्मृति चिन्ह के रूप में पौधा प्रदान किया. रांची से सभी श्रमिक सुबह ही अपने-अपने घरों के लिए निकले. घर पर परिवार से मिलने की खुशी इनके चेहरे पर साफ दिख रही थी. इधर, जमशेदपुर में स्वागत होने पर श्रमिकों ने जिला प्रशासन का आभार प्रकट किया. एक मजदूर गौतम ने टनल में फंसे होने के अनुभवों को साझा किया. बताया कि वह मात्र छह माह पहले ही काम करने के लिए गया था. वे लोग 11 नवंबर को काम के लिए घुसे थे और 12 नवंबर को वहां फंस गए. डुमरिया रवाना होने से पहले डीडीसी और एसडीओ ने मजदूरों से बात की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. आगे उन्हें हर तरह की मदद का भरोसा भी दिया.

### रैयतों का धरना दूसरे दिन भी जारी

**धनबाद।** बीसीसीएल एरिया पांच के तेतुलमारी कोलियरी अंतर्गत संचालित चेन्नई राधा आउटसोर्सिंग कंपनी में जमीन के बदले मुआवजा और नियोजन की मांग को रैयतों का अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा. नगरी कला और चंदौर के रैयत दूसरे दिन भी धरना पर बैठे रहे. शनिवार को धरना-प्रदर्शन के दौरान रैयतों ने टुंडी के पूर्व विधायक स्व. राजकिशोर महतो को पुण्यतिथि पर धरना स्थल पर ही एक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी. आंदोलन तथा श्रद्धांजलि सभा में आजसू पार्टी के वरीय नेता संतोष महतो ने कहा कि राजकिशोर महतो ने पार्टी से बढ़कर झारखंड के विकास के लिए कार्य किया. आज पार्टी नेता नरेश महतो की अगुवाई में यहां के रैयतों का दूसरे दिन भी धरना जारी है.

**मनमानी**

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में स्टॉल नहीं रहने से ग्रामीण नाराज

# बैंक के खिलाफ युवाओं ने दिया धरना, की नारेबाजी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो जिले के खैराचातर में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में प्रखंड, अंचल, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे. इनमें से बैंक ऑफ इंडिया खैराचातर शाखा का स्टॉल नहीं लगाए जाने से ग्रामीण नाराज हो गए. इस दौरान कई युवा कार्यक्रम के दौरान बैंक की मनमानी के खिलाफ हाथों में नारे लिखे तख्तियां लेकर धरना पर बैठ गए. धरना पर बैठते ही अधिकारियों व प्रतिनिधियों की नजर गयी, तो युवाओं ने बैंक ऑफ इंडिया की खैराचातर शाखा के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली. धरना पर बैठे आजसू प्रखंड अध्यक्ष मुरहुलसुदी निवासी महेंद्र नाथ महतो, सिंहपुर पंचायत समिति सदस्य विनोद कुमार महतो, सिंहपुर निवासी मानू गुलियार व गोरियाकुदर निवासी रामधन महतो, सचिन कुमार महतो समेत अन्य युवाओं ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया की खैराचातर शाखा में बैंक अधिकारियों की मनमानी चरम पर है. केसीसी लोन हो या मुद्रा लोन, इसके लिए महीनों दौड़ाया जाता है. इसके बावजूद काम नहीं हो रहा है. इसके अलावा बैंक में दलालों की चांदी है. बगैर दलाल के छोटा से बड़ा कोई भी काम बैंक में नहीं होता. बुजुर्ग पेंशनधारियों को भी काफी परेशान किया जाता है. 20 से 25 किमी दूर से ग्रामीण बैंक में आते हैं और दिन भर परेशान होने के बाद निराश होकर वापस घर लौट जाते हैं. धरना पर बैठे युवाओं ने कार्यक्रम में पहुंचे जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी को बैंक की मनमानी की शिकायत की. जिला परिषद अध्यक्ष ने मामले पर संज्ञान लेते हुए इस दिशा में बैंक के वरीय अधिकारियों से बात करने व कार्रवाई का भरोसा दिया.

### चार दिसंबर को सीएम हेमंत सोरेन का गिरिडीह दौरा, तैयारियों में जुटा प्रशासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** 4 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गिरिडीह पहुंचेंगे. झंडा मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार-आपकी द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे. सीएम गिरिडीह में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे. सीएम के आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है. इसी के मद्देनजर गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस कप्तान दीपक कुमार शर्मा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों के दिशा-निर्देश दिए.

### धनबाद: ड्यूटी पर जा रहे सिपाहियों के साथ मारपीट, छह युवक गिरफ्तार



**धनबाद।** जोगता थाना इलाके में मेला ड्यूटी पर जा रहे दो सिपाही के साथ मारपीट करने एवं उन्हें घायल करने के मामले में आरोपित छह युवकों को गिरफ्तार कर जोगता थाने की पुलिस ने जेल भेज दिया है. गिरफ्तार किए गए सभी 6 युवकों को पुलिस शुक्रवार को सदर अस्पताल मेडिकल जांच के लिए लेकर आई जहां से उन्हें कोर्ट में पेश किया गया और फिर जेल में भेज दिया गया. घटना के संबंध में अरक कारू मुर्मू एवं थाना प्रभारी दीपक झा ने फोन पर बताया कि ड्यूटी पर जा रहे दो सिपाहियों के साथ इन युवकों के द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया. घटना में दर्जन भर युवक शामिल थे. ये युवक आसपास के आउटसोर्सिंग कंपनियों में अवैध कोयला चोरी करने में भी संलिप्त रहे हैं. पहले दो युवकों को मौके से गिरफ्तार किया गया बाद में उनकी निशानदेही पर चार अन्य को गिरफ्तार किया गया है.

### ऑल ड्राइवर कल्याण संघ का अनिश्चितकालीन धरना जारी, 21 सूत्री मांगों को लेकर धरना



**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर डाकघर के समीप ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना का जारी किया. प्रदर्शन विगत कई दिनों से जंतर मंतर में चल रहे धरने के प्रारूप आज जिले के ऑल ड्राइवर कल्याण संघ ने अपनी 20 सूत्रों मांगो को लेकर धरना दिया है. ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के बैनर तले केंद्र सरकार को साधा निशाना जिले के सचिव हरेंद्र कुमार ने बताया कि ड्राइवर की जिंदगी सफर में ही गुजरती हैं, लेकिन आयात निर्यात में सफर में हमेशा ड्राइवर का ही योगदान रहा है लेकिन सरकार के द्वारा आज तक कोई ड्राइवर के भविष्य के लिए विचाराधीन नही रहा. एक्सिडेंट में कितने ड्राइवर की मौत के साथ साथ अपाहिज हो जाते हैं. आज हमारी संघ ड्राइवर के परिवार को आर्थिक सहायता की जरूरत होती है लेकिन हमे केंद्र सरकार की तरफ से कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराया गया है.

### तेनुघाट सिविल कोर्ट में सहायक लोक अभियोजक ने दिया योगदान

**बोकारो।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के सहायक लोक अभियोजक के रूप में नवीन कुमार मिश्रा एवं आशीष रंजन लोहरा ने अपना योगदान दिया. मालूम हो कि नवीन कुमार मिश्रा जो इससे पहले सिमडेगा में सहायक लोक अभियोजक के रूप में कार्य कर रहे थे, उनका स्थानांतरण तेनुघाट में हुआ. वहीं आशीष रंजन लोहरा जो हजारीबाग में ट्रेनिंग कर रहे थे उनके यहां पोस्टिंग हुई है. इस बारे में दोनों ने संयुक्त रूप से बताया कि वह पूरी तन्मयता से अपना कार्य करेंगे और हमेशा सहायक लोक अभियोजक के कार्य को पूरी लगन से पूरा करूंगा, जिससे लोगों को इंसाफ मिले.

## सत्याग्रह पर बैठे कृष्णा के समर्थन में पहुंचे सरयू राय




**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** शुक्रवार को जमशेदपुर के विधायक सरयू राय दूसरे दिन गांधी सेवा सदन में चल रहे अनिश्चितकालीन सत्याग्रह आंदोलन में भाग लेने पहुंचे. उन्होंने कहा की जिला पुलिस से हटकर जो काम करेगा वही अपराधियों पर विराम लगा सकेगा. उन्होंने कहा कि एटीएस की टीम बनाई गई है, इसे जिला पुलिस से अलग रखा जाय और इसे राज्य सरकार हैंडल करें. केंद्र और राज्य सरकार मिलकर अपराध पर नियंत्रण कर सकते है. वहीं सरयू राय ने कहा कि सरकार के तरफ से जो कारवाई होनी चाहिए वो भी नही हुआ है. उन्होंने दो पहलू पर बात करते हुए कहा कि जो अपराध शहर में बढ़ रहे है उसपर नियंत्रण करना और दूसरा जो विदेश में बैठकर अपराधी संचालन कर रहे है उसे पकड़कर यहां लाने का काम होना चाहिए. उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार अगर मिलकर काम करे तो अपराधी नाक रगड़ते हुए चले आयेंगे. गांधी सेवा सदन में समाज सेवी कृष्णा अग्रवाल के द्वारा अनिश्चित कालीन सत्याग्रह आंदोलन की शुरूआत 30 नवंबर से शुरू किया गया था. वहीं इस आंदोलन में जमशेदपुर के विधायक सरयू राय तथा 300 समाज सेवियों तथा समाज के बुद्धिजीवी वर्गो ने समर्थन दिया. कार्यक्रम में रांची से चलकर धनबाद पहुंचे जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने कहा की अपराध को लेकर गृह सचिव से वार्ता हुई है. तथा आगे इस पर विचार नहीं हुआ तो सदन में आवाज उठाया जाएगा. सरयू राय ने गुलदस्ता देकर अनिश्चित कालीन सत्याग्रह आंदोलन का समापन करवाया. कार्यक्रम में आप पार्टी के जिला संयोजक डीएन सिंह, पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह के साथ सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

# हजारीबाग : आपके द्वार कार्यक्रम में 7064 आवेदन आए

## पंचायत स्तरीय शिविरों का ग्रामीणों को मिल रहा लाभ, जिले के नौ स्थानों पर लगे शिविर, अबतक 55067 हुए



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड सरकार का महत्वाकांक्षी अभियान आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार को आम जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। पंचायतों में लगाए जा रहे शिविरों में अच्छी संख्या में ग्रामीण जुट रहे हैं। वहीं इन शिविरों में आनेवालों में बड़ी संख्या युवाओं की भी है। अभियान के तहत दो दिसंबर को भी शिविर लगाया गया, जिनमें इचाक के कारीमाटी, बरकट्ठा के झुरझुरी, बरही के गौरियाकरमा, बड़कागांव के सांढ़, कटकमसांडी के बरगड्डा, विष्णुगढ़ के बेड़ाहरियारा, सदर हजारीबाग के सखिया, डाड़ी के हेसालौंग और चौपारण प्रखंड के ताजपुर पंचायत में शिविर लगाकर आमजनों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया। शिविर में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार अभियान को लेकर लोगों का उत्साह जारी रहा। अबतक आयोजित शिविरों में विभिन्न योजनाओं के कुल 55067 आवेदन प्राप्त किये गये हैं जिनमें 11840 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया है। वहीं 132 आवेदन निरस्त करते हुए शेष को प्रक्रियाधीन किया गया है। आयोजित शिविरों में अबतक अबुआ आवास के 32090 आवेदन, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के 1654, सर्वजन पेंशन के 1387, मुख्यमंत्री पशुधन के 1113, बिरसा सिंचाई कूप संर्वधन योजना के 331, गुरूजी क्रेडिट योजना के 521, मनरेगा के 1125, लगान रसीद के 594, केसीसी- 396, भूमि म्यूटेशन के 127, राशनकार्ड संशोधन 495, जाति प्रमाण पत्र 349 सहित कई अन्य योजनाओं के आवेदन ग्रामीणों की ओर से विभागीय स्टॉलों पर समर्पित किये गए। वहीं 329 लोगों के आधार निबंधन व सुधार ऑन द स्पॉट किया गया। इन शिविरों के दौरान अबतक 4879 आवेदन के विरुद्ध 3881 कंबल जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया गया। साथ ही 4578 आवेदन के विरुद्ध 3308 लाभुकों को योजना के तहत धोती-साड़ी का वितरण किया गया।

## रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने विशेषाधिकार हनन का उठाया मामला



**रामगढ़।** रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी ने रामगढ़ जिले में चल रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किए से आहत व नाराज हैं। उन्होंने इसे विशेषाधिकार हनन का मामला बताया है और इसको लेकर उन्होंने विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबिद्र नाथ महतो को दिया है। उन्होंने संबंधित नोडल पदाधिकारी, गोला, दुलमी, चितरपुर व रामगढ़ प्रखंड के विकास पदाधिकारी के साथ-साथ अंचल पदाधिकारी पर भी विशेषाधिकार हनन की कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने विशेषाधिकार हनन को लेकर दिए गए अपने प्रस्ताव में कहा है कि 24 नवंबर को रामगढ़ जिला प्रशासन के द्वारा गोला प्रखंड के चौकद पंचायत में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुझे आमंत्रित नहीं किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन एक खास राजनीतिक पार्टी की पूर्व विधायक, जो सजायफ्ता व जमानत पर है, से ही कराया नहीं गया बल्कि उनसे ही परिसंपत्ति का वितरण भी कराया गया। 25 नवंबर को बरियातू पंचायत गोला में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ तो मुझसे कराया गया और परिसंपत्ति वितरण भी कराया गया लेकिन कार्यक्रम से जाने के बाद पुनः कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कर परिसंपत्ति का वितरण पूर्व विधायक को आमंत्रित कर कराया गया।

## रामगढ़ : सरकार की योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के आलोक में 24 नवंबर 2023 से 29 दिसंबर 2023 तक मनाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को चितरपुर प्रखंड के चितरपुर पूर्वी पंचायत में आयोजित शिविर का उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने निरीक्षण किया। शिविर के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी लोगों से उनके पंचायत में आयोजित हुई शिविर के दौरान सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उप विकास आयुक्त ने कहा कि आप सभी के लिए यह एक बहुत अच्छा अवसर है कि एक ही जगह पर आपको सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी व लाभ मिल सकता है। मौके पर उन्होंने ने सभी से विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने की बात कही



वहीं उप विकास आयुक्त ने सभी से कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जो भी शिविर आयोजित हो रहे हैं उन सभी में प्राप्त आवेदनों को यथा संभव शिविर के दौरान ही निष्पादित करने का प्रयास किया जा रहा है।वहीं, जिन आवेदनों को तत्काल रूप से निष्पादित करना संभव नहीं है उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है एवं जल्द से जल्द आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित कराया जा रहा है। शिविर के दौरान उपस्थित सभी लोगों से उप विकास आयुक्त ने स्वयं एवं अपने आसपास के क्षेत्र में रह रहे अन्य लोगों को भी सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करने के अपील की। शिविर के दौरान उप विकास आयुक्त ने चितरपुर पूर्वी क्षेत्र में पंचायत भवन के निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने वाले ग्रामीणों को प्रशस्ति पत्र देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### एक नजर

### मुखिया ने आंगनबाड़ी व विद्यालय में किया पोशाक का वितरण

**बरकट्ठा।** बेलकप्पी पंचायत अंतर्गत मुखिया ललीता देवी द्वारा पंचायत क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र में पोशाक वितरण किया। इस निमित्त उन्होंने पासवान टोला,जलहैया टोला, शिव मंदिर टोला एवं उत्क्रमित मध्य विधालय बन्दासिंगा में बच्चों के बीच पोशाक,स्वेटर का वितरण किया। पोशाक वितरण के दौरान उन्होंने सभी बच्चों को नियमित विद्यालय आने तथा साफ सुथरे ड्रेस पहन कर विद्यालय आने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी सह मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, समाजसेवी नंदू राणा, पंचायत समिति प्रतिनिधि संजय साव, बालमुकुंद पांडेय आदि मौजूद थे।

### मानसरोवर पब्लिक स्कूल में कंप्यूटर कक्षा का विस्तार

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के घंघरी स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल में विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर कंप्यूटर कक्षा में नए कंप्यूटर्स के साथ कक्षा का विस्तार किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक महेंद्र मंडल ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले नए शास्त्र में अपने इस स्मार्ट क्लास को और बेहतर बनाते हुए और नए कंप्यूटर उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे ज्यादा से ज्यादा बच्चों को आधुनिक समय में कंप्यूटर का ज्ञान मिल सके। इस अवसर पर विद्यालय में खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमें लूडो, कैरम, क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल ,बैडमिंटन आदि खेलों में बच्चों ने भाग लिया।

## एसआई की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई

नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** महिला थाना के वरिष्ठ एसआई कामेश्वर सिंह 35 वर्षों की सेवा देने के पश्चात 30 नवंबर को सेवानिवृत हो गए. इस अवसर पर महिला थाना की ओर से महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी के देख देख में सम्मान सह विदाई समरोह का आयोजन किया गया. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि एसडीपीओ नाजिर अख्तर और विशिष्ट अतिथि पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह शामिल हुए. सेवानिवृत एसआई श्री सिंह को फूल माला पहनाकर, शॉल व उपहार भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई. कार्यक्रम का संचालन पुलिस अवर निरीक्षक




महेंद्र बैठा ने किया। एसडीपीओ ने सेवानिवृत एसआई श्री सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस सेवा में रहते हुए सामाजिक दायित्वों को बखूबी निभाते हुए अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन किया. उन्होंने उज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य पुलिसकर्मियों को भी उनसे सीख लेने की सलाह दी. सेवानिवृत सिंह ने कहा कि आयोजित समारोह की भव्यता और उपस्थित जनों की गरिमामयी उपस्थिति ही उनकी निष्ठा का सत्यापन है. उन्होंने सेवाकाल में सदा ही वरिष्ठों का सम्मान करते हुए कानूनी दायरे में कार्य करने का प्रयास किया. 1988 में सिपाही से अपना कैरियर शुरू कर सहायक पुलिस अवर निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुआ. समाज में अपनी अहम भूमिका को निभाकर अपनी पहचान बनाकर एक मजबूत स्तंभ की तरह स्थापित होना ही एक श्रेष्ठ पुलिस अधिकारी की पहचान है. कार्यक्रम को इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी, जगलाल मुंडा,महिला थाना प्रभारी, एसआई बबिता कुमारी आदि सहित कई लोगो ने भी संबोधित किया. मौके पर चंदन कुमार, लक्ष्मण बोंबोगा, एएसआई शिवनाथ प्रसाद, दयानंद सरस्वती, सीमा कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता रवि केशरी, हरेंद्र ठाकुर, चौकीदार सकलदेव पासवान, दिनेश कुमार, सकलदेव यादव, बिनोद राम, कैलाश पासवान, ग्यासुद्दीन, घनश्याम पासवान, सत्यानंद, सुबेष कुमार, मुंशी पासवान, महेंद्र पासवान, पुनिया मसोमात सहित कई पुलिस कर्मी व उनके परिजन मौजूद थे.

### श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय प्रतियोगिता

**रामगढ़।** शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण 2 दिसम्बर को में अंतर सदनीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता चार सदनों के बीच खेली गई। जिनमें साहबजादा अजीतसिंह हाउस, साहबजादा जुझारसिंह हाउस, साबहजादा फतेहसिंह हाउस और साहबजादा जोरावर सिंह हाउस शामिल थे । इसमें कबड्डी प्रतियोगिता, खो-खो प्रतियोगिता वॉलीबॉल प्रतियोगिता कक्षा 3 से 5 6से8 तथा 9से12 के बीच हुई। कक्षा 9 से 12 बालकों के बीच हुई कबड्डी के प्रतियोगिता में जोरावर सिंह तथा बालिकाओं में फतेह सिंह हाउस ने सफलता प्राप्त की और खो-खो प्रतियोगिता में बालिकाओं में अजीत सिंह हाउस तथा फतेह सिंह हाउस को सफलता मिली।

## विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने किया बरही चौक पर कंबल वितरित



मानवता

**बरही ।** सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने शनिवार को जरूरतमंद लोगों के बीच बरही चौक पर कंबल का वितरण किया. इस दौरान रिक्शा वाले, ठेला वाले, मोची, मजदूर आदि को कंबल देकर ठंड से बचाने में सराहनीय भूमिका निभाई. वितरण कार्यक्रम संस्थापक सदस्य कुणाल कटरियार के नेतृत्व में आयोजित किया गया. श्री कटरियार ने बताया कि उनका फाउंडेशन जनहित के कार्यों के लिए समर्पित है. ठंड के बढ़ते आसार और प्रकोप को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है. शीघ्र ही प्रखंड के अन्य पंचायतों में भी यह कार्यक्रम चलाए जाएंगे. इस दौरान फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव सहित रघुनंदन गोप, हरि प्रसाद गुप्ता, शरीफुल हक मनोहर यादव, राजेंद्र मद्धेशिया, सुशील केसरी, राजद के बरही विधानसभा प्रभारी राजेंद्र स्वर्णकार, नरेश यादव समेत कई लोग उपस्थित थे.

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई की शनिवार को कुंदरु में कमेटी विस्तार को लेकर लालू प्रसाद की अध्यक्षता एवम सूरज कुमार महतो के संचालन में बैठक हुई । इस बैठक मे जिला के पदाधिकारी व प्रखंड कोर कमेटी के संयोजक मंडली तथा सभी समुदायों के लोग उपस्थित हुए। सभी ने अपने स्तर से गांव, टोला मोहल्ला, कस्बा, एक दूसरे को जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही। कहा की अपनी भाषा, संस्कृति परंपरा को बचा कर रखना है। झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है। स्थानीय नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति, उधोग नीति, हक अधिकार सिर्फ और सिर्फ टाईगर जयराम महतो के हाथो ही संभव है । 2024 में राज्य में बदलाव होगा क्योंकि यहां की जनता यहां के नीति नियम से लोग त्रस्त है। कुंदरु पंचायत अध्यक्ष पद के लिए ओम प्रकाश महतो,उपाध्यक्ष विकाश साहू, गोतम महतो,सचिव राजेश महतो, सह सचिव रविन्द्र टाइगर, कोषाद्यक्ष सुनील कुमार महतो, मीडिया प्रभारी विशाल कुमार संगठन सचिव नंद किशोर महतो, राजू महतो को तथा महिला कमेटी के लिए अध्यक्ष सावित्री देवी, सचिव संगीता कुमारी, सह सचिव झानो देवी को सर्व समिति से बनाया गया। सभी ने अपना दायित्व बखूबी से निभाने की बात कही। बैठक मुख्य रूप से आनंद, पाणेश्वर, देवानंद, रवि,संतोष, रमेश, लालू, चंदन, विशाल, पवन,पांडव, लीलावती, गुड़िया, सानिया, प्रीति, अनुपम, बिनोद, विकाश आदि उपस्थित थे।

## दो दिवसीय रामगढ में फर्स्ट टी-20 दिव्यांग ट्रायंगुलर टूर्नामेंट का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर प्रदेश की प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वाधान में शनिवार को होटल शिवम इन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से सरंक्षक विजय मेवाड़, संरक्षक शाहिद सिद्दीकी, सचिव अतहर अली,स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (बीआरएल) के जीमए फाइनेंस आरके शाहा, जीमए मेंटनेंस पीके गुप्ता,डीजीएम एके सिन्हा मौजूद थे। मौके पर सरंक्षक विजय मेवाड़ ने कहा की सिद्धू कान्हू मैदान में विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर 3 दिसम्बर को दो दिवसीय फर्स्ट टी-20 दिव्यांग ट्राइंगुलर टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। बताया की टूर्नामेंट में झारखंड, तामिलनाडु और राजस्थान की टीमें भाग ले रही हैं। बताया की टूर्नामेंट के उदघाटन के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील वेस्ट बोकारो के महाप्रबंधक अनुराग दीक्षित एवं सम्मानित अतिथि के रूप में विजय मेवाड़ मौजूद रहेंगे। बताया की प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर जिलावासी उत्साहित हैं। कहा की लोगों के उत्साह से हम सभी का मनोवल बढ़ा है। प्रेस वार्ता के क्रम में विजय टीम को दी जानेवाली ट्राफी का विमोचन किया गया। टूर्नामेंट का समापन 4 दिसंबर को होगा। टूर्नामेंट के मैच मैच ड्यूस बॉल से खेले जायेंगे । प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से झारखंड दिव्यांग क्रिकेट टीम के कोच जितेंद्र कुमार, महासचिव लालदेव प्रसाद, कोषाध्यक्ष संदीप करमाली , मीडिया प्रभारी अलाउद्दीन अंसारी, रविंद्र सिंह , सुरेंद्र कुमार मौजूद थे।

### मतदाता विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दो ट्रांसजेंडर का कराया गया पंजीकरण



**हजारीबाग।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत आज उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया के द्वारा 24 मांडू विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुरचू प्रखंड के इंदिरा पंचायत के अंतर्गत निवास कर रहे तीन तृतीय लिंग के मतदाताओं का पंजीकरण कराया गया। इसके अतिरिक्त 25 हजारीबाग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मंडई खुर्द में निवास कर रहे हैं दो तृतीय लिंग के मतदाताओं का प्रपत्र 8 के माध्यम से सुधार कराया गया। कोई मतदाता छूटे नहीं इसी उद्देश्य से जिले भर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है।

**हिदायत दी** — विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस पर कार्यशाला आयोजित, एसडीपीओ बोले

## साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूकता जरूरी

नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर रामनारायण यादव मेमोरियल सेमिनार व कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसे सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन ने केंद्र के रजत जयंती समापन समारोह कार्यक्रम की शुभारंभ पर किया था. सेमिनार साइबर फ्रॉड और सेफ्टी और कार्यशाला ऑनलाइन कार्यों की जानकारी पर आधारित था. जिसमे महाविद्यालय सहित सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन, प्लस टू उच्च विद्यालय बरही, उच्च विद्यालय करियातपुर, उउ विद्यालय खोड़ाहार, डीएवी पब्लिक स्कूल, आईलेक्स पब्लिक स्कूल, श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल, डॉ भीम राव अंबेदकर स्कूल, सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल आदि विभिन्न




विद्यालयों से कुल एक सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया. जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि एसडीपीओ नाजिर अख्तर, विशिष्ट अतिथि पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी, सीएससी के जिला शिक्षा सलाहकार मुकेश झा, महाविद्यालय के सचिव परमेश्वर यादव, प्राचार्य डॉ बिमल किशोर आदि अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया. जिन्हे केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. कार्यक्रम में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए एसडीपीओ ने कहा कि जानकारी के अभाव में लोग आए दिन साइबर ठगी के शिकार हो रहे है. उम्मीद है कि सॉफ्टेक का यह कार्यक्रम लोगो को साईबर क्राइम से सुरक्षित रखने में मदद करेगा. उन्होंने लोगो से अपने मोबाईल पर आने वाले अनजान लिंक, ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी शेयर नही करने की हिदायत दी. इंस्पेक्टर ने बताया कि जागरूकता ही साईबर ठग से निबटने के लिए साइबर सेल बने हुए है. ठगी के शिकार होने पर अवश्य शिकायत करे. प्राचार्य ने भी विद्यार्थियों को साईबर फ्रॉड के कई उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों से सजग और सुरक्षित रहने की बात कही. प्राध्यापक डॉ वर्णवाल ने सॉफ्टेक के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत फोटो या अनजान व्यक्ति के साथ वीडियो कॉल करने से परहेज करने की सलाह दी. सेमिनार में केंद्र निदेशक सहित प्रो डॉ अजय कुमार, केजीबीभी की सामाजिक विज्ञान शिक्षिका ज्योति वर्मा, श्रीदस के सुमित कुमार पांडेय, गुलाब दास आदि सहित कई लोगो ने अपने विचार रखे. कार्यशाला में बतौर मुख्य प्रशिक्षक केंद्र निदेशक ने विद्यार्थियों को डिजिलॉकर बनाने, जाति/आय/आवासीय सहित विभिन्न कार्यों की जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया.

### स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर का हुआ उद्घाटन

**बरही।** विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर एसडीपीओ नजीर अख्तर, पुलिस इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह, सीएससी के जिला शिक्षा सलाहकार मुकेश झा, रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय के सचिव परमेश्वर यादव, प्राचार्य डॉ विमल किशोर आदि अतिथियों ने महाविद्यालय परिसर में स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया. जिन्हे केंद्र संचालक जयदीप कुमार सिन्हा ने बुके देकर स्वागत किया. सीएससी के जिला सलहकर ने बताया कि यूनिवर्सिटी के निदेर्शानुसार कस के सौजन्य से एसआरसी केंद्र की स्थापना की गई है. जिसके माध्यम से यहां के विद्यार्थियों को रियायत दर पर सभी डिजिटल सेवाएं मिलेगी. इसके साथ ही विद्यार्थी अत्यंत ही सस्ते दर पर इस केंद्र के माध्यम से विभिन्न प्रकार के डिप्लोमा, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी इत्यादि कर सकेंगे.

## सशिविमं में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव कोर्रा में शनिवार को दादा -दादी एवं नाना - नानी सम्मान समारोह आयोजित कर भैया -बहनों द्वारा दादा-दादी एवं नाना -नानी का चरण प्रक्षालित एवं स्पर्श कर पुष्पार्पण किया गया। कार्यक्रम का श्रीगणेश मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष, डॉ ब्रजकुमार विश्वकर्मा ,कोषाध्यक्ष हरि शंकर सिंह ,सहसचिव अनूप कुमार सिंह, सदस्य शैलेंद्र कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने इस आयोजन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि भैया बहनों में बुजुर्गो के सम्मान का संस्कार भरने के लिए यह आयोजन किया गया है । विद्यालय में आए एक दादाजी शोधन गोप ने कहा कि गरीब आदमी नहीं बल्कि अमीर आदमी ही दादा-दादी या नाना नानी को वृद्धाश्रम में भेजते हैं, उन्हें यह मालूम नहीं कि एक दिन हम भी वृद्ध होंगे और हमारे साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया जाएगा।

### टाटी पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# 'सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं'





**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के टाटी पंचायत में शनिवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार उपस्थित थे। वहीं मंच पर मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख जुसाफ लुगुन, जिला परिषद सदस्य शांता रोजालिया कंडुलना, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो, सीओ मधुश्री मिश्रा, पशुपालन पदाधिकारी डॉ जॉनसन भेंगरा, बीपीओ संजीता कुमारी, ओडगा ओपी प्रभारी पंकज कुमार, एएसआई प्रमोद कुमार मुखिया अगस्ती टिडू सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में मनरेगा, अबुआ आवास, 15वें वित्त, मत्स्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, जेएसएलपीएस, लीड्स, श्रम विभाग, कुटीर उद्योग, विद्युत विभाग, पेंशन, समाज कल्याण विभाग, आधार कार्ड, प्रज्ञा केंद्र, अंचल सहित कई अन्य विभागों का स्टॉल लगाया गया था। जिसमे ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं के समाधान और नए योजनाओं का लाभ के लिए संबंधित विभागों के स्टॉल में आवेदन जमा किया। कुछ मामलों का कार्यक्रम स्थल पर ही निदान किया गया। जबकि कुछ आवेदनों को जांच के बाद निष्पादित किए जाने की बात कही गई। ग्रामीणों ने दाखिल खारिज, अबुआ आवास, पेंशन, जाति, आवासीय, जॉब कार्ड आदि के संबंधित आवेदन दिया। इनमें से सबसे अधिक आवेदन अबुआ आवास के लिए भरे गए। परंतु कार्यक्रम में वन विभाग और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का स्टॉल नहीं होने के कारण लोग हाथी द्वारा किए गए नुकसान का मुआवजा तथा पेयजल संबंधित शिकायतों को नही बता पाए। और उन्हे बेरंग वापस लौटना पड़ा। शिविर में जॉब कार्ड, कम्बल, जेएसएलपीएस के तहत महिलाओं को आईडी कार्ड, फूलो झानों योजना के तहत महिलाओं को चेक, धोती साड़ी, सायकिल के लिए चेक सहित प्रमाण पत्र आदि का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक बिनोद कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योजनाओं को जन- जन तक पहुंचाना है। उन्होने विशेषकर आवास विहिनों के लिए शुरू की गई अबुआ आवास योजना को लेकर बताया कि राज्य सरकार वैसे सभी व्यक्ति जिनके पास पक्का मकान नहीं है उनके लिए यह योजना लेकर आई है। उसी प्रकार 10वीं और 12 वीं उत्तीर्ण छात्र जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वे गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिए अपना आवेदन पंचायत स्तरीय शिविरों में जमा कर सकते हैं। वही बताया गया की जनता दरबार में कुल 1803 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 693 आवेदनों को निष्पादित किया गया इसके अलावा बाकी आवेदनों को जल्द निष्पादन करने की बात कही गई।

### चार घंटे में ही कार्यक्रम संपन्न, प्रमुख-जिप सदस्य नाराज

दो बजते ही कार्यक्रम स्थल से एक-एक कर्मी अपने स्टॉल से उठ उठ कर भागने लगे, और लगभग 2.30 बजे कार्यक्रम को समाप्त करने की घोषणा किए जाने पर ग्रामीणों ने प्रमुख जुसाफ लुगुन और जिला परिषद सदस्य रोजालिया शांता कंडुलना से इसकी शिकायत की और कहा कि मात्र 4 घंटे में ही कार्यक्रम को समाप्त किया गया। जिस पर प्रमुख और जिला परिषद सदस्य ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रशासन ग्रामीणों के साथ गलत कर रही है, गांव में रहने वाले लोग अपनी समस्याओं को लेकर हमेशा प्रखंड मुख्यालय नहीं जा पाते हैं कम से कम इस बात का तो विशेष रूप से ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 5 बजे तक न सही कम से कम 4 बजे तक कार्यक्रम में कर्मियों के स्टॉल लगाकर रहना होगा। इधर इस मामले को लेकर सिमडेगा उपायुक्त से शिकायत की जाएगी।

### कोडरमा : 4-5 दिसंबर को होगा इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल



**कोडरमा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में लीग राउंड का मैच समाप्त हो चुका है. चार टीमें डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्रेड हार्ट स्कूल, आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड और मेरिडियन पब्लिक स्कूल सेमीफाइनल में पहुंची है. 4 दिसंबर को पहला सेमीफाइनल मैच में सीएच हाई स्कूल के मैदान में 40-40 ओवर का खेला जाएगा. सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरी तिलैया और आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड के बीच सुबह 9 बजे से खेला जाएगा. वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच 5 दिसंबर को डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया और मेरिडियन पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया के बीच होगा. बता दें कि एसोसिएशन के बैनर तले खेले जाने वाले सभी मैच बीसीसीआई और जेएससीए के नियमों के आधार पर खेले जाते हैं. इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट टीम मेंजगह मिलती है. इसकी जानकारी केडीसीए सचिव दिनेश सिंह, टूर्नामेंट चेयरमैन कृष्णा बरहपुरिया और वाइस चेयरमैन सुरेंद्र प्रसाद ने दी.

### तिलैया पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**कोडरमा।** जिले के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर तिलैया थाना प्रभारी बिनोद कुमार के नेतृत्व में तिलैया थाना पुराना गेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया. जांच में हेलमेट, लाइसेंस, वाहनों के कागजात की जांच की गई. दर्जनों वाहनों में त्रुटि पाए जाने पर वाहनों को पुराना थाना परिसर में जब्त कर रखा गया. इस दौरान थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने सभी क्षेत्रवासियों को वाहन चलाते समय नियमों का पालन करने की अपील की. उन्होंने कहा कि आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती है और लोग हेलमेट नहीं पहनते हैं जिससे उनकी जान चली जाती है. इसलिए सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें. मौके पर एसआई प्रमोद कुमार के अलावा कई पुलिस जवान मौजूद थे.

# सिमडेगा : चौकीदार बनने के लिए उमड़ी अभ्यर्थियों की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा उपायुक्त कार्यालय के द्वारा चौकीदार पद के लिए नियुक्ति निकली है जिसको लेकर शनिवार को सिमडेगा डाकघर में आवेदन जमा करने वाले अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ी। बताया गया कि चौकीदार पद के लिए कुल 108 पद निकल गई है और जिसकी अंतिम तिथि 4 दिसंबर को तय की गई है इधर तिथि नजदीक होने की वजह से पोस्ट ऑफिस में दिनभर मेला की तरह भीड़ का माहौल देखा और लोग घंटे तक लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार कर आवेदन जमा करते हुए देखे गए। वहीं इधर पोस्ट ऑफिस के द्वारा दो काउंटर बनाकर सबके आवेदनों को रिसीव किया जा रहा था। इधर कहीं अभ्यर्थियों ने बताया कि सिमडेगा के विभिन्न थानाओं में आचरण प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया गया है। लेकिन अब तक आचरण प्रमाण पत्र नहीं बना है । जिसकी वजह से कई लोग इस चौकीदार पद की नियुक्ति में अपना आवेदन समर्पित नहीं कर सकेंगे इधर सिमडेगा पुलिस से इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक महीना मासिक में 200 से 400 आचरण प्रमाण पत्र प्राप्त होते थे ।अचानक से 4000 से अधिक आवेदन प्राप्त हो गए हैं और इसके अलावा कई लोग एक आईडी से अलग-अलग व्यक्तियों का प्रमाण पत्र के लिए अपलोड किया है। ऐसे में पुलिस को परेशानियों का सामना एवं वेरिफिकेशन करने में समय लग रही है इस वजह से विलंब हो रहा है।

### कोडरमा के कई पंचायतों में लगे शिविर

**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिला के कई प्रखंडों में शिविर लगाया गया. चंदवारा प्रखंड के बेन्दी, जयनगर प्रखंड के सतडीहा और मरकच्चो प्रखंड के महुँगाय पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में ग्रामीणों को राज्य सरकार की योजनाओं यथा, अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई. मौके पर साइकिल वितरण योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत योजनाओं का लाभ दिया गया. वहीं कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किये गये.

# सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन में मना कंप्यूटर साक्षरता दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** प्रिंस चौक, सिमडेगा के निकट स्थित सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन में कंप्यूटर साक्षरता दिवस मनाया गया इस अवसर पर संस्थान में क्विज प्रतियोगिता तथा टाइपिंग टेस्ट आयोजित की गई। जिसमें सफल विद्यार्थियों को प्रोत्साहन हेतु संस्थान की ओर से अनेक प्रकार की पुरस्कार प्रदान की गई। संस्था के संचालक निशांत कुमार तथा विपुल कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को कंप्यूटर ट्रेनिंग देना ही नहीं बल्कि उन्हें रोजगार से जोड़ना भी है और हमारी संस्थान लगातार इस दिशा में कार्यरत भी हैं। आज कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर संस्थान में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं तो कराई गई ।साथ ही साथ इस अवसर पर संस्थान से पास आउट एक सौ से अधिक विद्यार्थियों को रोजगार से जुड़ने का प्रयास किया गया हैं। बहुत जल्द उनकी ज्वाइनिंग हो जाएंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान में कार्यरत अजय मंझी, महेंद्र सिंह आदि भूमिका रहीं।

### आगरा में एकलव्य राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में सिमडेगा के दो छात्रों ने जीता पदक



**सिमडेगा।** ताइक्वांडो संघ के खिलाड़ी जो की 26 - 27 नवंबर 2023 को आगरा में आयोजित दूसरी एकलव्य राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में सिमडेगा जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए। दो खिलाड़ी जिसमें अंकित कुमार ने सिल्वर मेडल और विश्वनाथ विश्वकर्मा ने ब्रांच मेडल प्राप्त किया। दोनों खिलाड़ी एस एस प्लस टू हाई स्कूल कोलेबिरा के छात्र हैं। कोच पप्पू कुमार और दोनों खिलाड़ियों के लौटने पर सिमडेगा ताइक्वांडो संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा स्वागत किया गया साथ ही इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से दयाराम मेंहर, गोविंद प्रधान, भरत सिंह, जगदीश बिंझीया, रितु रानी डुंगडुंग और अंजली तिर्की शामिल थे।

### ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मौत

**बानो।** हटिया -राउरकेला रेलखंड के कनारोवाँ स्टेशन के नार्थ केबिन के पास हटिया जयनगर एक्सप्रेस से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी बानो थाना व आरपीएफ रेलवे पुलिस बानो को जानकारी दे दी गई है।मिली जानकारी के अनुसार मृतक पेंट्रीकार स्टाफ है। घटना के संबंध में बताया गया कि हटिया जयनगर एक्सप्रेस से अचानक युवक गिरा और उसके माथे सहित का हिस्सों में चोट लगी जिसकी वजह से मौके पर ही मौत हो गई मामले की जानकारी रेलवे पुलिस को हुई जिसके बाद शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

### डीसी ने कृषि मॉडल का किया निरीक्षण

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह शनिवार को कोचेडेगा पंचायत स्थित बांसपहार पहुंचे, जहां उन्होंने मॉडल कृषि पद्धति प्रणाली का जायजा लिया। स्थानीय किसानों के द्वारा लिफ्ट इरिगेशन के तहत 100 एकड़ भूमि में किये जा रहे सब्जी उत्पादन कार्य का भ्रमण कर अवलोकन किया। उन्होंने योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी लिया। किसानों द्वारा किया जा रहे कृषि कार्यों को देख उपायुक्त ने कहा कि ऐसे ही सफल योजना से ग्रामीणों का कल्याण होता है। उपायुक्त महोदय ने जिले के सभी प्रखंडों का सर्वे करते हुए इस तरह के कृषि कार्य से और कृषकों को जोड़ने और पुरे जिले में जहां खेती की अच्छी संभावना हो वहां लिफ्ट इरिगेशन की सुविधा को बहाल करने का निर्देश दिया।मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, जिला - जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, भवन प्रमंडल पदाधिकारी अमृत मिंज एडीएफ असीम सिंन्हा सहित आत्मा विभाग के कर्मी गण उपस्थित थे।

### सिमडेगा में जितेंद्र कुमार पाठक बने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य

**सिमडेगा।** वनवासी कल्याण केंद्र श्रीहरि वनवासी विकास समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में नवीन प्रधानाचार्य के रुप में जितेंद्र कुमार पाठक की नियुक्ति की गई है। जबकि संकुल प्रमुख के रूप संतोष दास को नियुक्त किया गया। सभी नव नियुक्त सदस्यों का स्कूल के भैया-बहनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। जितेंद्र कुमार पाठक ने कहा कि वे विद्यालय को आगे बढ़ाने एवं बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की दिशा में हर संभव कार्य करने का प्रयास करेंगे। संकुल प्रमुख संतोष दास ने कहा कि प्रांत ने जो जिम्मेवारी सौंपी है उस दायित्व का निर्वहन पूरी प्रमाणिकता व निष्ठा के साथ करते हुए सलडेगा संकुल को सुदृढ़ करने का प्रयास करेंगे। मौके पर प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे, समिति सदस्य मुरारी प्रसाद, जिला निरीक्षक दीनबंधु सिंह आदि उपस्थित थे।

# अनिल कुमार प्रिंसिपल कॉन्क्लेव में सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** पंजाब व हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ के फाइव स्टार होटल पार्क प्लाजा में तीन दिवसीय स्कूल लीडरशिप सम्मिट 2023 का आयोजन किया गया. इसमें देश भर के हजारों विद्यालय के प्रधानाचार्य, निदेशक और शिक्षाविदों के साथ विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक अनिल कुमार ने भी भाग लिया. देशभर के शिक्षाविदों ने एक स्वर में शिक्षा की गुणवता एवं बच्चों के मानसिक व भौतिक विकास पर बेहतर पहल करने के लिए निर्णय लिया. वहीं चंडीगढ़ स्थित चितकारा यूनिवर्सिटी के द्वारा प्रिंसिपल कॉन्क्लेव आयोजित किया गया था, जिसमे लगभग पांच सौ प्रधनाचार्यो ने भाग लेकर देश के कई बड़े विद्वानों को सुना. साथ ही विश्वविद्यालय का भ्रमण कर शिक्षा जगत की नई व्यवस्था व टेक्नोलोजी को जानने व सीखने का प्रयास किया.

### वीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में क्रिकेट लीग में खेले गए दो मैच

**सिमडेगा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वधान में खेली जा रही वीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में जिला क्रिकेट लीग में आज दो मैच खेला गया। पहला मैच कोलेबिरा क्रिकेट क्लब बनाम डायमंड क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। पहले खेलते हुए डायमंड क्रिकेट क्लब ने 148 रन बनाए, जिसमें नीरज ने ?48 अमित ने 26 रन बनाए। कोलेबिरा की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सुमित और जतिन ने तीन-तीन विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलते हुए कोलेबिरा की पूरी टीम। मात्र 106 रन पर सिमट गई जिसमें नवीन ने 37 रन बनाएं गेंदबाजी करते हुए डायमंड क्रिकेट क्लब के अमन कुमार ने 4 और इम्तियाज ने 3 विकेट लिएदूसरा मैच निखिल क्रिकेट क्लब बनाम यंग क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। पहले खेलते हुए निखिल क्रिकेट क्लब ने 165 रन बनाए जिसमें क्रिश 23 ओम ने 24 रन बनाए यंग क्रिकेट क्लब की तरफ से गेंदबाजी करते हुए वकील ने तीन सुधीर और जयप्रकाश ने दो-दो विकेट लिए।

# ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया खेल मैदान, विधायक ने किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत गयपहाड़ी में ग्रामीणों ने श्रमदान कर खेल मैदान बनाया। खेल मैदान का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने नारीयल फोड़कर व फीता काटकर किया। गौरतलब हो कि स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों से इस कार्य हेतू कई बार मांग की थी। परंतु इस पर कोई पहल नहीं हुई तो मजबूरन ग्रामीणों ने श्रमदान कर खेल मैदान बना डाला। उद्घाटन समारोह के मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदान होना जरूरी है। हमने अपने कार्यकाल में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में कई स्टेडियम बनाया। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे खेल के माध्यम से अपने क्षेत्र का परचम लहरायें। मौके पर महेंद्र प्रसाद, मनोहर चौधरी, जागेश्वर प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, रामेश्वर चौधरी, उपेंद्र ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, दुलारचंद यादव, प्रकाश सिंह, निरंजन पंडित, लोकनाथ प्रसाद, किशुन राम, मनोज प्रसाद, लीलधारी प्रसाद, केदार प्रसाद, रामदेव प्रसाद, भुनेश्वर प्रसाद, लीलधारी महतो, अनिल पासवान करू पासवान, बिजय प्रसाद, रोहित प्रसाद, चेतलाल पंडित, हिरालाल प्रसाद, हिरालाल ठाकुर, महादेव ठाकुर, रामेश्वर महतो, लाक्षो महतो, बिजय सिंह, बसंत प्रसाद, भीम प्रसाद, नगीना प्रसाद, रेखा देवी, सारो देवी, मंदोदरी देवी, झलिया देवी, संजू कुमारी समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

**बच्चों में उत्साह** — कोडरमा सीडी बालिका उवि. सहित जिले के अन्य स्कूलों में पेंटिंग प्रतियोगिता

# बाल विवाह के खिलाफ चला जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोडरमा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा सौ दिवसीय आउटरिच कैंपेन चला रहा है. इसके तहत सीडी बालिका उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया सहित जिले के अन्य विद्यालयों में बाल विवाह, बाल श्रम, घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, बाल तस्करी सहित अन्य विषयों पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा वीरेन्द्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन और जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के सचिव अभिषेक प्रसाद के नेतृत्व में चल रहा है. जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी नरेन्द्र सिंह और उनकी टीम के सहयोग से इसका आयोजन किया गया. जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के डिप्टी चीफ लीगल डिफेन्स कौंसिल किरण कुमारी ने विद्यालय में जाकर पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग ले रहे बच्चो को प्रोत्साहित किया और उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी.

# आजसू की बोलबा प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन, इंद्रजीत बने प्रखंड अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**



**बोलबा।** आजसू पार्टी की बोलबा प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धूपेन्द्र पांडे ने किया बैठक में बोलबा प्रखण्ड कमिटी का कार्यकाल पुरा होने पर प्रखंड कमेटी का पुर्नगठन किया जिसमे सर्वसम्मति से प्रखण्ड अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह, सचिव भोलेनाथ सेनापति, कोषाध्यक्ष सकिन्दर बड़ाइक, बुद्धिजीवी मंच अध्यक्ष रूपलाल सिंह सचिव राजेश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष मोतीलाल सेनापति वही पिड़ियापोछ पंचायत अध्यक्ष रोशन केरकेट्टा, बेहरिनबासा संतोष सिंह को चुना गया वही पूर्व प्रखंड अध्यक्ष निहाल सिंह को जिला कार्यकारिणी कमेटी में सदस्य नियुक्त किया गया।मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि आगामी चुनाव के मद्देनजर संगठन को ग्राम स्तर पर मजबूत करना है।एवं सभी नेता कार्यकर्ता चुनाव के तैयारी में लग जाए तथा आजसू पार्टी के नीति सिध्दांतों को गांव के एक-एक व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। झारखंड आन्दोलनकारी सह आजसू पार्टी केंद्रीय समिति सदस्य श्याम सुन्दर बड़ाइक ने कहा की झारखंड राज्य के वर्तमान राजनीति हालात में आजसू पार्टी ही एक विकल्प के रूप में हम सभी के सामने है.

## एक नजर

### लातेहार में रेलवे ट्रैक पर मिला दो युवकों के शव

**रांची।** झारखंड के लातेहार में शनिवार को रेलवे ट्रैक पर दो युवकों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। इनकी हत्या कर शव को ट्रैक पर फेंका गया है या फिर ट्रेन से कटकर मौत हुई है, यह साफ नहीं हो पाया है। रेलवे पुलिस घटना की जांच कर रही है। बरवाडीह थाना क्षेत्र के कचनपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर दो युवकों के शव पड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने रेलवे पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। मृतकों की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। घटनास्थल पर एक युवक का शव ट्रैक के किनारे पड़ा था, जबकि दूसरे युवक का शव ट्रैक के बीच में था। ट्रैक पर लेटे युवक का एक कंधा भी कट गया, जबकि ट्रैक के किनारे पड़े युवक के शरीर पर जख्म के निशान दिख रहे थे। पुलिस हादसा या हत्या, दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है।

### थाना प्रभारी ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा, विभिन्न व्यवस्थाओं को जांचा

**बारियातु।** लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर प्रभारी थाना प्रभारी बिंदेश्वर महतो ने शनिवार को थाना क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सदर पंचायत के गाडी, लोदमदाग, नचना, बठेठ, साल्वे पंचायत के जबरा, गुरुलाल्वै, बारिखाप, टोंटी पंचायत के इटके, हेसला, टुणडाहुटु, शिबला पंचायत के राजगुरु, भाटचतरा, मकरा, राजगुरु के अलावा कई मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय व मतदान कर्मियों के बैठने, रहने की व्यवस्था सहित आदि का जायजा लिया। महतो ने बताया कि यह सामान्य प्रकिया है।

### अज्ञात वाहन के धक्के से दो युवक गंभीर

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में रांची-चतरा मुख्य मार्ग बरनी ग्राम के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बाइक सवार चंदवा निवासी विकाश भगत सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को बारियातु थाना पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से एंबुलेंस द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घायलों के पैर टूट गये हैं। शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। दोनों युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद उचित इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### विकसित भारत के तहत शिविर आयोजित

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत बसिया एवं चेताग ग्राम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक योग्य व्यक्तियों को केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है। कृषि विभाग द्वारा ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान नुक्कड़-नाटक के माध्यम से भी लोगों को डायन प्रथा के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर पूर्वी जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

### सुबह से ही ग्रामीण इन युवकों के घर आकर अपनी खुशियां साझा करते दिखे

# अपने के बीच पहुंचे टनल से निकले मजदूर, गांव में उत्सवी माहौल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची से 40 किलोमीटर दूर खेराबेड़ा गांव के तीन मजदूर उत्तराखंड के सिल्क्यारा सुरंग हादसे में फंसे हुए थे। लगभग 20 दिनों से जिस गांव में उदासी छाई हुई थी। शनिवार को वहां खुशी का माहौल है। पीड़ित परिवार खुशियां मना रहा है। नाच रहा है। आपस में लोग हंसी ठिठोली कर रहे हैं। सुरंग में फंसे यहां के तीनों मजदूर सकुशल घर वापस आ गए हैं। शुक्रवार की देर रात सभी अपने घर पहुंचे।

सुरंग में फंसे राजेंद्र बेदिया के घर का माहौल बदला-बदला दिखा। बेटे के घर वापस की खुशी मां के चेहरे पर साफ झलक रही है। कहती है अब किसी भी हाल में वापस जाने नहीं देंगे। यहीं जो काम मिलेगा करेगा। कुछ पूजा हुआ है, कुछ होना बाकी है। मुर्गे की बलि होगी। देवता ने हमारी मन्नत सुन ली है।

राजेन्द्र ने बताया कि 600 रुपये हर दिन की मजदूरी थी, जिसमें से 150 रुपये खाना का देना पड़ता था। वह बताता है कि जिस दिन हादसा हुआ हम सभी टनल के अंदर काम कर रहे थे। तभी जोरों कर आवाज हुई। पहले तो समझ नहीं आया फिर पता चला कि हम फंस चुके हैं।

इसी खेराबेड़ा गांव के पठार पर सुकराम बेदिया का परिवार रहता है। पिता खेतीबाड़ी करते हैं। सुकराम बताता है कि घर में खेती से कमाई होती नहीं है। गांव में भी कोई काम नहीं। तीन साल पहले मैट्रिक पास किया था। गांव में ही इधर-उधर घूमता था। किसी परिचित ने बताया कि बाहर काम करने चलो अच्छी सैलेरी मिल जाएगी। मुझे भी लगा कि कुछ पैसे हाथ में आ जाएंगे तो आगे की पढ़ाई कर सकूंगा। घर की मजबूरियां भी थी तो घर छोड़ कर जाना है। पहली बार गया ही था और इस तरह का हादसा होगा। सुकराम के घर लौटने पर सभी खुश हैं। घर में सुकराम के साथ उसका साथी नरेश बेदिया भी है। वह हादसे में फंसा तो नहीं था पर बाहर ही वह अपने साथी का इंतजार कर रहा था। वह बताता है कि मेरा डे शिफ्ट था। इस वजह से हम बाहर थे। खेराबेड़ा गांव घुसते ही सबसे पहला घर अनिल बेदिया का है। इसके घर के आंगन में भी लोग जुटे हुए हैं। खुशी का माहौल है। सभी अनिल को घेरे हुए हैं। अनिल बताता है कि मेरे गांव और आसपास के गांव के कई लोग बाहर काम करने जाते थे। उसी में से कई दोस्त भी थे। उन्होंने कहा कि बाहर काम करने चलोगे तो मैं चला गया। टनल में काम करने की बात नहीं बतायी गयी थी। घटना के 24 घंटे तक की थोड़ा डर, थोड़ी घबराहट हुई। तभी सब निराश ही हो गए थे कि अब क्या होगा। कई लोग तो रोने लगे थो जब बाहर लोगों से संपर्क हुआ फिर सब सामान्य लगने लगा। अनिल बेदिया की घर वापसी के बाद परिजनों ने फूल माला और आरती से स्वागत। परिजनों ने कहा कि अब तक घर में दीपावली नहीं मनी। अब मनाई जाएगी। अनिल ने सुबह-सुबह ही अपने गांव देवता की पूजा की है। वह बताता है कि घर वालों ने मन्नत रखी थी। उसी को लेकर बकरे की बली दी गई है।

## डुमारी, गुमडू और मधुगामा गांव में नजारा ही कुछ और था



खूंटी,। कर्रा प्रखंड के डुमारी, गुमडू और मधुगामा गांव में शनिवार का नजारा ही कुछ और था। क्या बच्चे और क्या बुढ़े सभी के चेहरे पर मुस्कान थी। आखिर हो भी क्यों नहीं, इन गांवों के तीन युवक उत्तरकाशी के टनल में 17 दिनों तक जिंदगी की जंग लड़कर सकुशल घर जो लौटे हैं। शुक्रवार आधी रात के बाद घर लौटे इन युवकों के गांव में शनिवार को उत्सव का माहौल दिखा। सुबह से ही ग्रामीण इन युवकों के घरों में आकर उनके परिवारों के साथ अपनी खुशियां साझा कर रहे थे।

गुमडू गांव के विजय होरो ने बताया कि शुरूआत में दो दिनों तक लगातार टनल में मलवा गिरता रहा, तो वह भी अन्य मजदूरों की तरह बुरी तरह डर गया था और संकट की इस घड़ी में उसे अपने माता-पिता, पत्नी, बच्चे और अन्य स्वजनों की बहुत याद आ रही थी। विजय ने कहा कि उसे लग रहा था कि वह अब परिवार से कभी नहीं मिल पाएंगे। टनल ढ़हने के 18 घंटे बाद टनल में पानी निकालने के लिए लगाई गई चार इंच की पाइप से जब बाहर की आवाज आई कि तुम सब ठीक हो, तो उम्मीद की नई किरण जगी। दो दिन पहले उसके एकलौत बेटे आर्यन का पहला जन्मदिन था।

टनल से सकुशल बाहर निकलकर घर लौटे डुमारी गांव के चमरा उरांव में बताया कि कुछ माह पूर्व बहन की शादी के कारण सिर पर चढे कर्ज को उतारने के उद्देश्य से ही वह दो माह पहले वहां काम पर गया था। टनल से निकाल कर सकुशल घर लौटे मधुगामा गांव के गणपत होरो ने बताया कि वह और उसका बड़ा भाई विलकन होरो एक साथ टनल में वहां काम कर रहे थे। अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी होने के कारण गणपत टनल के अंदर फंस गया, जबकि उसका भाई विलकन बाहर था। उसने बताया कि टनल में फंसे कंपनी के दो फोरमैन गब्बर सिंह नेगी और सबा अहमद टनल के अंदर फंसे सभी मजदूरों का हर समय पूरा ख्याल रख रहे थे। साथ ही सभी मजदूरों को हौसला बनाए रखने का हमेशा साहस दे रहे थे।

## हटिया से मुंबई और सूरत जाने वाली ट्रेनें दिसंबर रहेंगी रद्द




**रांची।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल पर नॉन इंटरलॉकिंग का काम चल रहा है। इसके कारण दिसंबर में सूरत और मुंबई जाने वाली ट्रेनों को रद्द कर दिया है। ऐसे में आने वाले समय में रांची से मुंबई और सूरत जाने वाले यात्रियों को परेशानी हो सकती है।

**ये ट्रेनें रद्द रहेंगी :** ट्रेन संख्या 12812 झ्र हटिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस-आठ और नौ दिसंबर को हटिया से रद्द, ट्रेन संख्या 12811-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-हटिया एक्सप्रेस-10 और 11 दिसंबर को रद्द, ट्रेन संख्या 13425-मालदा टाउन- सूरत एक्सप्रेस-दो और नौ दिसंबर को रद्द, ट्रेन संख्या 13426-सूरत- मालदा टाउन एक्सप्रेस-चार और 11 दिसंबर को सूरत से रद्द। वहीं चक्रवात मिचौंग की वजह से ट्रेन संख्या 18637 हटिया- सर एम विश्वईश्वरैया, बेंगलुरु एक्सप्रेस, यात्रा प्रारम्भ दिनांक 02/12/2023 को हटिया से रद्द रहेगी।

## रांची में ऑटो और ई-रिक्शा के खिलाफ चला अभियान, 68 जब्त



**रांची।** रांची ट्रैफिक पुलिस बिना परमिट ऑटो चालकों और ई रिक्शा के खिलाफ अभियान चला रही है। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने शनिवार को बताया कि अभियान के दौरान 43 ऑटो और 25 ई-रिक्शा को जब्त किया गया है। उन्होंने सभी ऑटो चालकों से अपील किया कि कोई भी चालक बिना परमिट, लाइसेंस सहित अन्य कागजात के बिना गाड़ी ना चलाये। पकड़े जाने पर रांची ट्रैफिक पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि एमवी एक्ट की धारा 192ए के तहत बिना परमिट के ऑटो चलाने पर 10 हजार रुपये जुमार्ना का प्रावधान है। साथ ही बिना रूट परमिट के ई-रिक्शा चलाने पर पहली बार तीन हजार और दूसरी बार पांच हजार रुपये के जुमार्ना का प्रावधान है।

## पिता-पुत्र ने मिलकर की भाईराम की हत्या, केस दर्ज

**रांची।** तुपुदाना ओपी क्षेत्र में कुसूम टोली निवासी भाईयाराम मिंज की हत्या के मामले में पुलिस के हाथ खाली है। घटना के 24 घंटे बीत चुके हैं, मगर अबतक पुलिस नामजद अपराधियों को पकड़ नहीं सकी है। इस मामले में मृतक की पुत्री पूनम मिंज के बयान पर तुपुदाना ओपी में दो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में सुलेमान तिर्की और अमित तिर्की को आरोपी बनाया गया है। पूनम की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि एक दिसंबर की शाम छह बजे उनके पिता सुलेमान के घर जाने की बात कहकर निकले थे। उसी के साथ उनके पिता शराब का सेवन किया करते थे। साथ ही सुलेमान के साथ ही ढोने का काम किया करते थे। सुलेमान का पुत्र अक्सर गांव वालों को नशा कर धमकाता रहता था। शराब पीने के दौरान हुए विवाद में ही सुलेमान और अमित उनके पिता को पत्थर से कूचकर हत्या की होगी।

## मिश्रोल के आपके द्वार कार्यक्रम में सर्वाधिक आवास के 795 आवेदन

**टंडवा।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मिश्रोल पंचायत सचिवालय परिसर में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बीस सुत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, मुखिया संघ जिला अध्यक्ष अंरविद सिंह, सुबेश राम, महावीर साव, सुरेश यादव, रविन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने विभिन्न विभाग द्वारा लगें स्टॉलों का निरीक्षण किया। शिविर में विभिन्न विभगों के साथ विशोष रुप से आबुआ आवास के लिए स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में 1012 आवेदन आए, जिसमें सबसे अधिक आबुआ आवास 795 आवेदन जमा हुए। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिप सदस्य ने कहा कि शिविर में आम लोगों का कार्य आसानी से हो रहा है। शिविरों में सरकार ने गरीबों के लिए सर्वजन पेंशन और अबुवा आवास की सौगात दे रही है।

## कपूर्री ठाकुर चेतना मंच का गठन, राकेश ठाकुर अध्यक्ष व नंदकिशोर यादव सचिव

**श्री बंशीधर नगर।** धुरकी प्रखंड मुख्यालय स्थित कपूर्री चौपाल पर पूर्व मुखिया रामबदन राम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर जन नायक कपूर्री ठाकुर चेतना मंच का गठन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुये पूर्वमंत्री रामचंद्र केशरी ने कहा कि धुरकी में कई वर्षों से जननायक कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा लगी है। प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को उनकी जयंती व 17 फरवरी को पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई जाती है।

# गिरिडीह के दो श्रमिक पहुंचे घर बजे ढोल-नगाड़े, उतारी आरती

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

। उत्तराखंड के उत्तरकाशी टनल में 17 दिनों तक फंसे रहने के बाद गिरिडीह-बिरनी के श्रमिक विश्वजीत वर्मा और सुबोध वर्मा शनिवार को घर पहुंचे। दोनों श्रमिकों का घरवालों के साथ गांव वालों ने भी ढोल-नगाड़े के साथ माला पहनाकर, बुके देकर, तिलक लगाकर, अंगवस्त्र देकर, आरती उतारकर एवं मुंह मीठा कराकर जिंदगी की जंग जीतने की खुशी का इजहार किया। विश्वजीत वर्मा की पत्नी चमेल देवी बच्चों के साथ आज बहुत खुश थी। वह भगवान का लाख-लाख शुक्रिया कर रही थी। साथ ही इस खुशी के मौके पर अपने हाथों से गांव घर के लोगों को लड्डू खिला रही थी। सुबोध वर्मा के पिता बुधन महतो और माता चन्द्रिका देवी आज बेटे के घर लौटने की खुशी में भावुक लेकिन अत्यंत खुश थे। दोनों ने कहा कि उनका इकलौता पुत्र घर आ गया। इससे बड़ी खुशी और क्या हो सकती है। बुधन महतो ने कहा कि उनके बुढ़ापे का सहारा घर लौटा है। जिंदगी की जंग जीतकर बेटा घर वापस लौटा है। आज उनके लिए बहुत बड़ा शुभ दिन है। श्रमिकों ने कहा कि शुरूआती दो-तीन दिनों तक कुछ साथी विचलित हुए थे लेकिन न जाने क्यों हमें विश्वास था कि हम अवश्य बाहर निकलेंगे। जब पाइप के जरिये फल, खिचड़ी और जरूरी सामग्री हम तक पहुंचने लगी तो विश्वास और मजबूत हुआ। कंपनी के लोगों का और सरकारी अधिकारियों के फोन आते थे। हालचाल पूछते, हिम्मत देते, निकालने का भरोसा देते तो दिन कटते गये। इस दौरान लूडो खेलते, पहाड़ का पानी पीते, नहाते और अन्य रोजमर्रा के काम करते रहे घर वालों से भी बात करते थे। अब आगे क्या करना है इस बाबत दोनों ने कहा कि फिलहाल कंपनी ने दो माह की छुट्टी दी है। इसके बाद तय करेंगे कि क्या करना है। यदि झारखंड सरकार हमें यही नौकरी देगी तो बाहर नहीं जाएंगे। दोनों श्रमिकों एवं उनके परिजनों ने राज्य सरकार से नौकरी देने की मांग की है। क्षेत्र के विधायक और भाकपा माले के सीनियर लीडर विनोद कुमार सिंह ने भी दोनों से मुलाकात की। साथ ही सरकार से झारखंड के सभी 15 वीर श्रमिकों को राज्य में समायोजन करने का आग्रह किया।

# चान्हो प्रखंड में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

प्रखण्ड के सिलागाई पंचायत भवन के पास मैदान में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में योजनाओं से संबंधित आवेदनों के आधार पर अबुआ आवास योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, कल्याण विभाग द्वारा साइकिल वितरण, बुजुर्गों, निःसहाय के बीच कंबल वितरण, मनरेगा से संबंधित नई योजना, जॉब कार्ड, अंचल कार्यालय से सेवा की गारंटी के तहत जाति और आवासीय प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण, कृषकों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड , 15वे वित?त पंचायत राज की नई योजनाएं, राशन कार्ड सुधार एवं निर्माण के साथ सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण सर्वजन-पेंशन योजना का लाभ और बाल विकास परियोजना से किशोरी समृद्धि योजना एवं अन्य मामले से संबंधित 1525 आवेदनों में से 1066 का त्वरित निपटारा किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि झारखण्ड सरकार के द्वारा संचालित सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को इस कार्यक्रम के द्वारा आपके गांव और द्वार तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित है।

# ग्रामीणों को दिया गया गैस चूल्हा



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज और देवघर में भारत सरकार के प्रचार जागरूकता वाहन से लोगों ने नए साल 2024 का कैलेंडर प्राप्त किया व एलईडी वॉल पर प्रधानमंत्री का संदेश देखा और सुना पाकुड़िया में उज्ज्वला योजना के तहत गैस चूल्हा और उससे संबंधित सामान ग्रामीणों को दिया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकास का कारवां रविवार को दुमका , पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज और देवघर में कार्यरत रहा और लोग विशेष कर ग्रामीण उससे लाभान्वित होते रहे। भारत सरकार के प्रचार जागरूकता वाहन से लोगों ने जानकारी प्राप्त की और एलईडी वॉल पर प्रधानमंत्री का संदेश देखा और सुना। कार्यक्रम के दौरान सभा में आए हुए ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई व सुयोग्य लाभुकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराया गया। सभा स्थल पर स्वास्थ्य विभाग एवं उज्जवला गैस योजना के स्टॉल भी मौजूद रहे और गैस चूल्हा इत्यादि का वितरण भी हुआ। आज भारत सरकार का प्रचार जागरूकता वाहन विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम स्थल पहुंचा। प्रचार / जागरूकता वाहन के माध्यम से ग्रामीण बड़े एलइडी वॉल पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी से लैस हुए। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं,ग्रामीण जनता तथा लाभुक पहुंचे। सभी को वर्ष 2024 का वार्षिक कैलेंडर तथा प्रचार सामग्री दी गई। इस तरह का कार्यक्रम देखकर ग्रामीण जनता काफी लभानवित हुए।

# मुस्लिम मजलिस-ए-उलेमा का संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ सम्मेलन आज, तैयारी पूरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने आज प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड द्वारा आयोजित संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ सम्मेलन 3 दिसंबर को जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। सम्मेलन में राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं जन प्रतिनिधियों का एक बड़ा समूह भाग ले रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन झारखंड सरकार के माननीय मंत्री श्री सत्यानंद भुक्ता करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुबोध कांत सहाय पूर्व मंत्री, फुरकान अंसारी पूर्व सांसद, भुवनेश्वर मेहता पूर्व सांसद, कामेश्वर बैठा पूर्व सांसद, वक्ता के रूप में मंजूर अहमद अंसारी पूर्व अध्यक्ष हज समिति झारखंड, डॉ. इरफान अंसारी विधायक झारखंड अध्यक्ष हज समिति झारखंड, अख्तरुल इस्लाम उर्फ ??शाहीन विधायक बिहार, मौलाना अकील अख्तर पूर्व विधायक झारखंड, संजय सिंह पूर्व विधायक झारखंड, राधा किशोर पूर्व विधायक झारखंड, रंजन कुमार यादव, प्रदेश अध्यक्ष युवा राजद झारखंड, अजय सिंह सचिव सीपीआई रांची, आबिद अली अंसारी अध्यक्ष मोमिन कॉन्फ्रेंस झारखंड, कैलाश यादव अध्यक्ष ओबीसी ए मंच रांची, हजरत मौलाना मुफ्ती नजर तौहीद मजाहिरी, मौलाना तौफीक अहमद कादरी, डॉ. असगर मिस्बाही, मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी, प्रभाकर तुर्की, जय सिंह यादव अध्यक्ष महावीर मंडल रांची, गौतम चौधरी वरिष्ठ पत्रकार रांची, सैयद सोहेल सईद, हसीब अख्तर अध्यक्ष जमीयत उल-इराकीन रांची, सुश्री खुशबू खान रांची, शाहीन मरियम रांची के अलावा विभिन्न विचारधाराओं और धर्मों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर ने बताया कि मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड ने राष्ट्रीय, कल्याण, सामाजिक, शैक्षणिक, राजनीतिक और हर गंभीर स्थिति में राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का कर्तव्य निभाते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## मैट्रिक-इंटर परीक्षा 2024-25 जनवरी से एडमिट कार्ड होगा जारी

# परीक्षा केन्द्र को अंतिम रूप देने में जुटा जैक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जैक ने मार्च से पहले ही मैट्रिक-इंटर परीक्षा संपन्न कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए जैक ने पहले ही 2024 के मैट्रिक-इंटर परीक्षा 06 फरवरी से 26 फरवरी तक संचालित करने की घोषणा कर रखी है। पिछली बार यानी 2023 में 14 मार्च से मैट्रिक-इंटर की परीक्षा शुरू हुई थी। इन सबके बीच मैट्रिक परीक्षा के आवेदन भरने की अंतिम दिन शनिवार यानी 2 दिसंबर को काफी गहमागहमी बनी रही।

देर शाम तक स्कूलों द्वारा फॉर्म भरे जाते रहे। जिला स्कूल रांची में इस साल 120 छात्र मैट्रिक के हैं जिन्होंने फॉर्म भरा है। परीक्षा नियंत्रक महेंद्र प्रसाद के अनुसार परीक्षा की तैयारी की जा रही है। मैट्रिक के फॉर्म के साथ-साथ इंटर के भी फॉर्म भरे जा रहे हैं। जैक की घोषणा के अनुसार मैट्रिक के आवेदन ऑनलाइन माध्यम से 16 नवंबर से 2 दिसंबर तक वगैर विलंब शुल्क के भरे जायेंगे। वहीं, इंटरमीडिएट के फार्म 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक बिना विलंब शुल्क के भरे जायेंगे।

**25 जनवरी से एडमिट कार्ड होगा जारी:** 2024 की मैट्रिक-इंटर परीक्षा को लेकर प्रवेश पत्र विद्यार्थियों को 25 जनवरी से मिलना शुरू हो जायेगा। ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थी इसे डाउनलोड कर सकते हैं। जैक अध्यक्ष अनिल महतो के अनुसार परीक्षा को लेकर प्रारंभिक तैयारी पूरी की जा रही है। फॉर्म भरे जाने की तारीख के बाद अंतिम आंकड़ा का पता चलेगा कि परीक्षार्थियों की संख्या क्या है। पिछली बार 2023 के बोर्ड परीक्षा में 7.68 लाख परीक्षार्थियों ने निबंधन कराया था, जिसमें मैट्रिक के लिए 4.34 लाख और इंटर के लिए 3.34 लाख विद्यार्थी थे।

**परीक्षा केन्द्र को अंतिम रुप देने में जुटा जैक:** इधर, परीक्षा के सफल संचालन को लेकर जैक के द्वारा सभी जिलों से आए परीक्षा केंद्रों की सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रांची के जिला स्कूल सहित एक दर्जन से अधिक स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाने की तैयारी की गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची द्वारा मैट्रिक के लिए 102 स्कूल-कॉलेज और इंटर परीक्षा के लिए 57 स्कूल कॉलेज को चिंहित कर उन संस्थानों से रिपोर्ट तलब की गई है, जिसमें कमरों की संख्या, शौचालय, पेयजल, सीसीटीवी, चाहरदीवारी, बिजली जैसी सुविधा के बारे में जानकारी देनी है। इसी तरह राज्य के अन्य जिलों में परीक्षा केंद्रों को चिन्हित किया जा रहा है।

## संस्कृत की नहीं होती पढ़ाई छात्रों ने कहा बिन पढ़ाए ही थमा दिया जाता है प्रश्न पत्र

**कुंदा (चतरा)।** 6 से 14 वर्ष आयु के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने को लेकर सरकार शिक्षा व्यवस्था पर लाखों खर्च कर रही है। लेकिन गुणवत्ता युक्त शिक्षा नहीं मिलने से बच्चे परेशान हैं। कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय की छात्राओं का आरोप है की संस्कृत की एक दिन भी पढ़ाई नहीं हुई और प्रश्न पत्र थमा दिया जाता है। ऐसे में संस्कृत की परीक्षा कैसे दिया जाय। साथ ही छात्रों का आरोप है कि शिक्षक क्लास में पढ़ाने के बजाय सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज कर आपस मे गप्पे लड़ाने व मोबाइल फोन चलाने में व्यस्त रहते हैं। वहीं एक छात्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि रसोईया द्वारा गैस चालू करने की मांग पर शिक्षक द्वारा बेतुका शब्द का प्रयोग करते हुए ड्रेस के बजाय साड़ी व ब्लाउज पहन कर स्कूल आने की बात कह दी गई। अब ऐसे में सवाल उठता है कि क्या ऐसे शिक्षक बच्चों को अनुशासन व नैतिकता का ज्ञान दे सकते हैं।

# एकलव्य विद्यालय के विरोध ने पकड़ा जोर

## बैठक कर अंचल व अनुमंडल कार्यालय में आवेदन देने का लिया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड की अक्सी पंचायत के सरनाडीह ग्राम में शनिवार को ग्रामीणों ने बैठक कर गांव में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय निर्माण का विरोध करते हुए अंचल और अनुमंडल कार्यालय में पुणः आवेदन देने का निर्णय ग्रामसभा माध्यम से लिया। बैठक में अक्सी पंचायत मुखिया रोजलिया टोप्पो एवं सरनाडीह गांव के ग्रामीण भारी संख्या में मौजूद थे। बता दें कि महुआडांड़ अंचल द्वारा बीती 22 नवंबर को अंचल निरीक्षक गौतम कुमार एवं अमीन हैदर अंसारी समेत कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कंपनी के पदाधिकारी, रनधीर सिंह, थाना प्रभारी इंचार्ज रतन टुडू की मौजूदगी में विद्यालय निर्माण की 15 एकड़ भूमि की मापी करके सीमांकन किया गया है। आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के मंतव्य से भारत सरकार द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निर्माण किया जाना है। सरनाडीह गांव में करोड़ों रुपये की लागत से विशाल खेलकूद मैदान, छात्रावास, चहारदीवारी, आवास और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित विद्यालय का निर्माण कार्य जल्द शुरू होना था। विद्यालय निर्माण का कार्य हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कंपनी को दिया गया है। 2019 में सरकारी (बकास) भूमि चिह्नित की गई, परंतु ग्रामीणों के विरोध के कारण उक्त विद्यालय निर्माण की राह आसान नहीं लगती।

**क्या कहते हैं ग्रामीण :** सरनाडीह गांव के ग्रामीण कहते हैं कि इस विद्यालय के लिए जो भूमि चिन्हित की गई है वह प्रसिद्ध स्नान घाट है। विद्यालय निर्माण के लिए ग्रामीणों के साथ बैठक भी कभी नहीं की गई। अचानक मालूम होता है कि विद्यालय का निर्माण होना है। वहीं फर्जी तरीके से ग्राम सभा कर ग्रामीणों के हस्ताक्षर कराए गए हैं। ग्रामीण यह भी कहते हैं कि पहले से ही गांव में प्राथमिक मध्य विद्यालय सरनाडीह विद्यमान है।

## एक नजर इधर भी

# संवेदनहीनता की पराकाष्ठा

***मध्य*** प्रदेश के भोपाल शहर में 1984 में हुई भयानक गैस त्रासदी की घटना को पूरी दुनिया के औद्योगिक इतिहास की सबसे भीषण और हृदयविदारक औद्योगिक दुर्घटना माना जाता है। 03 दिसंबर, 1984 को आधी रात के बाद यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड के कारखाने से निकली जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनाइट ने हजारों लोगों की जान ली थी। इस त्रासदी से लाखों लोग प्रभावित हुए। दुर्घटना के चंद घंटों के भीतर ही कई हजार लोग मारे गये थे और मौत का यह दिल दहलाने वाला सिलसिला रात से शुरू होकर कई वर्ष तक अनवरत चलता रहा। भोपाल गैस कांड को 39 साल बीत जाने के बावजूद इसका असर पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और पीड़ितों के जख्म आज भी हरे हैं। यह हादसा पत्थर दिल इंसान को भी इस कदर विचलित कर देने वाला था कि हादसे में मारे गये लोगों को सामूहिक रूप से दफनाया गया या अंतिम संस्कार किया गया। करीब दो हजार जानवरों के शवों को विसर्जित करना पड़ा और आसपास के सभी पेड़ बंजर हो गये। एक शोध में सामने आया है कि भोपाल गैस पीड़ितों की बस्ती में रहने वालों को दूसरे क्षेत्रों में रहने वालों की तुलना में किडनी, गले तथा फेफड़ों का कैंसर 10 गुना ज्यादा है। इसके अलावा इस बस्ती में टीबी तथा पक्षाघात के मरीजों की संख्या भी बहुत ज्यादा है। इस गैस त्रासदी में पांच लाख से भी ज्यादा लोग प्रभावित हुए थे, जिनमें से हजारों लोगों की मौत तो मौके पर ही हो गई थी और जो जिंदा बचे, वे विभिन्न गंभीर बीमारियों के शिकार होकर जीवित रहते हुए भी पल-पल मरने को विवश हैं। इनमें से बहुत से लोग कैंसर सहित बहुत सी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं और घटना के 39 साल बाद भी इस गैस त्रासदी के दुष्प्रभाव खत्म नहीं हो रहे हैं। विषैली गैस के सम्पर्क में आने वाले लोगों के परिवारों में इतने वर्षों बाद भी शारीरिक और मानसिक रूप से अक्षम बच्चे जन्म ले रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक गैस त्रासदी से 3787 की मौत हुई और गैस से करीब 558125 लोग प्रभावित हुए थे। हालांकि कई एनजीओ का दावा रहा है कि मौत का यह आंकड़ा 10 से 15 हजार के बीच था तथा बहुत सारे लोग अनेक तरह की शारीरिक अपंगता से लेकर अंधेपन के भी शिकार हुए। विभिन्न अनुमानों के मुताबिक करीब 8 हजार लोगों की मौत तो दो सप्ताह के भीतर ही हो गई थी जबकि करीब 8 हजार अन्य लोग रिसी हुई गैस से फैली संबंधित बीमारियों के चलते मारे गये थे। हजारों लोगों के लिए काल बने और लाखों लोगों की जिंदगी बर्बाद कर देने वाले भोपाल के इस कारखाने का निर्माण वर्ष 1969 में हुआ था। इसके बाद यहां मिथाइल आइसोसाइनाइट (मिक) नामक पदार्थ से कीटनाशक बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। वर्ष 1979 में मिथाइल आइसोसाइनाइट के उत्पादन के लिए एक नया कारखाना खोला गया लेकिन भोपाल गैस त्रासदी की घटना के समय तक उस कारखाने में सुरक्षा उपकरण ठीक हालात में नहीं थे और वहां सुरक्षा के अन्य मानकों का पालन भी नहीं किया जा रहा था। 03 दिसंबर 1984 को इसी कारखाने से करीब 40 टन गैस का रिसाव हुआ। रिसाव के उपरांत गैस के बादल में फोस्जीन, हाइड्रोजन सायनाइड, कार्बन मोनो-ऑक्साइड, हाइड्रोजन क्लोराइड इत्यादि के अवशेष भी पाये गये थे। जिन लोगों के फैंफड़ों में सांस के जरिये गैस की ज्यादा मात्रा पहुंच गई, वे सुबह देखने के लिए जीवित ही नहीं बचे। बहुत सारे लोग ऐसे थे, जिन्होंने नींद में ही अपनी आखिरी सांस ली। लोगों को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि आखिर यह सब हो क्या रहा है? गैस के कारण लोगों की आंखों और सांस लेने में परेशानी हो रही थी, सिर चकरा रहा था, बहुतों को कुछ दिखाई ही नहीं दे रहा था। हजारों लोगों के एकाएक अस्पतालों में पहुंचने से डॉक्टरों को भी कुछ समझ नहीं आ रहा था कि जहरीली गैस से पीड़ित इतने सारे लोगों का किस प्रकार और क्या इलाज किया जाय, क्योंकि उनके पास भी मिक गैस से पीड़ित लोगों के इलाज का कोई अनुभव नहीं था।

■ **योगेश कुमार गोयल**

# काउंटिंग में देखिये एग्जिट पोल का 'रोल'

***अगले*** साल होने वाले लोकसभा चुनाव के सेमीफाइनल माने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल, मसलन वास्तविक अनुमान कहीं बदलाव तो कहीं बराबर की टक्कर जता रहे हैं। वास्तविक नतीजे तो तीन दिसंबर को आयेंगे, उससे पहले सामने आये इन अनुमानों ने मतदाता की नब्ज टटोलने की कोशिश की है। लेकिन इस बार एग्जिट पोल में जो भिन्नता व दुविधा दिखाई दे रही है, उससे लगता है कि मतदाता की मंशा टटोलने वाली सर्वे एजेंसियों की सर्वेक्षण प्रणालियां वैज्ञानिक नहीं हैं, क्योंकि मध्य प्रदेश से जुड़े जो आठ सर्वे खबरिया चैनलों में प्रसारित हुए हैं, उनमें से सात भाजपा को और एक एबीपी-सी वोटर कांग्रेस को बहुमत दे रहे हैं। भाजपा सत्ता में आती है तो इसकी जीत का श्रेय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और चुनाव के ठीक पहले लाई गई लाड़ली बहना योजना को दिया जायेगा। जिन सात सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़ाया गया था, वे खुद अपनी जीत की उधेड़बुन में लगे रहे। ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर-चंबल अंचल में कोई करिश्मा दिखा पायेंगे, ऐसा मतदाता के रुख से फिलहाल नहीं लग रहा है। राजस्थान के आठ सर्वे में से पांच भाजपा और तीन कांग्रेस के पक्ष में हैं। छत्तीसगढ़ में आठ में से आठ सर्वे कांग्रेस को फिर से सत्ता में आते दिखा रहे हैं। तेलंगाना में छह सर्वे में से पांच कांग्रेस को साफ बहुमत दे रहे हैं। दूसरे नंबर पर यहां मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की पार्टी भारतीय राष्ट्र समिति है। भाजपा को पांच से लेकर 13 सीटों पर ही संतोष करना पड़ेगा। साफ है, कर्नाटक के बाद कांग्रेस तेलंगाना में भी सत्तारूढ़ होती दिख रही है। यहां के चंद्रशेखर राव की पार्टी अधिकांश एक्जिट पोल में कांग्रेस से चुनाव हारती हुई नजर आ रही है। ध्यान रहे, तेलंगाना में कुछ ही महीने पहले कांग्रेस चुनावी संग्राम में उतरी थी। बावजूद वह बढ़त में है तो इसका प्रमुख कारण सत्तारूढ़ दल के प्रति सत्ता विरोधी रुझान है। मिजोरम में राष्ट्रीय पार्टियां आती नहीं दिख रही हैं। यहां त्रिशंकु सरकार बनती दिखाई दे रही है। मिजोरम में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में 14 से 18 सीटों की जीत के साथ एमएनएफ उभरती दिख रही है। उसका सीधा मुकाबला जेडपीएम से है। इस क्षेत्रीय दल को 12 से 16 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस को 8 से 10 और भाजपा को दो सीटें मिलने के अनुमान लगाये गये हैं। साफ है, एग्जिट पोल करने वाली सर्वे एजेंसियों में इतना झोल और विरोधाभास है कि ये सर्वे भरोसे के नहीं लग रहे हैं। इसीलिए इन सर्वेक्षणों को 'जितने मुंह, उतनी बातें' कहा जा रहा है। वैसे भी ये अनुमान संयोग से ही सटीक बैठते हैं। ओपिनियन पोल, मसलन जनमत सर्वेक्षण जहां मतदान पूर्व मतदाता की मंशा टटोलने की कोशिश होते हैं, वहीं एग्जिट पोल, अर्थात सटीक सर्वेक्षण, मतदान पश्चात, मतदाता का निर्णय जानने की कोशिश होते हैं। ओपीनियन पोल शुल्क चुकाकर प्रायोजित ढंग से कराये जा सकते हैं, इसलिए इनके प्रकाशित व प्रसारित होने से मतदाता के रुख को प्रभावित करने की आशंका होती है। किंतु एग्जिट पोल मतदान पूरा हो के बाद, महज वास्तविक परिणाम के पूर्व अनुमान होते हैं। इसलिए कोई राजनीतिक दल इन्हें अपनी इच्छानुसार कराने में रुचि नहीं लेता। मतदान के बड़े प्रतिशत को अब तक सत्तारूढ़ दल के खिलाफ व्यक्तिगत असंतुष्टि और व्यापक असंतोष के रूप में देखा जाता था, लेकिन मतदाता में आई बड़ी जागरुकता ने परिदृश्य को बदला है, इसलिए इसे केवल नकारात्मकता की तराजू पर तौलना बड़ी भूल होगी। इसे सकारात्मक दृष्टि से देखने की भी जरूरत है। मध्य प्रदेश में महिलाओं का बढ़ा प्रतिशत भाजपा के पक्ष में दिखाई दे रहा है। एंटी इनकमबेंसी का संकेत आमतौर पर मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर को माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971, 1977 और 1980 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिये जाते हैं। लेकिन यह धारणा पिछले कुछ चुनाव में बदली है। 2018 को छोड़कर 2013, 2008 और 2003 में बड़े मतदान का लाभ सत्तारूढ़ होते हुए भी मध्यप्रदेश में भाजपा को मिलता रहा है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिशत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई। जबकि पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ और मतदाताओं ने 34 साल पुरानी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बुद्धदेव भट्टाचार्य की सरकार को परास्त कर, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जीत दिलाई थी। गोया, चुनाव विश्लेषण करने वालों और राजनीतिक दलों को अब किसी मुगालते में रहने की जरूरत नहीं है, मतदाता पारंपरिक जड़ता और प्रचलित समीकरण तोड़ने पर आमादा है। बड़े मत प्रतिशत का सबसे अहम, सुखद व सकारात्मक पहलू है कि यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर रहा है। हालांकि फिलहाल हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। निकट भविष्य में इस उम्मीद की पूरी होने की संभावना भी नहीं है। मेरी सोच के मुताबिक ज्यादा मतदान की जो बड़ी खूबी है, वह है कि अब अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारगी से छुटकारा मिल रहा है। इससे कालांतर में राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। क्योंकि जब मतदान प्रतिशत 75 से 85 प्रतिशत होने लग जायेगा तो किसी धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र विषेश से जुड़े मतदाताओं की अहमियत खत्म हो जायेगी। नतीजतन उनका संख्याबल जीत या हार की गारंटी नहीं रह जायेगा। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति नगण्य हो जायेगी। यह स्थिति मतदाता को धन व शराब के लालच से मुक्त कर देगी। क्योंकि कोई उम्मीदवार छोटे मतदाता समूहों को तो लालच का चुग्गा डालकर बरगला सकता है, लेकिन संख्यात्मक दृष्टि से बड़े समूहों को लुभाना मुश्किल होगा।

**राजस्थान के आठ सर्वे में से पांच भाजपा और तीन कांग्रेस के पक्ष में हैं। छत्तीसगढ़ में आठ में से आठ सर्वे कांग्रेस को फिर से सत्ता में आते दिखा रहे हैं। तेलंगाना में छह सर्वे में से पांच कांग्रेस को साफ बहुमत दे रहे हैं। दूसरे नंबर पर यहां मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की पार्टी भारतीय राष्ट्र समिति है। भाजपा को पांच से लेकर 13 सीटों पर ही संतोष करना पड़ेगा। साफ है, कर्नाटक के बाद कांग्रेस तेलंगाना में भी सत्तारूढ़ होती दिख रही है।**

इन दिनों



प्रमोद भार्गव

# कोई भी संख्या पूर्ण से बड़ी नहीं होती

***अस्तित्व*** में दो नहीं। यहां द्वैत नहीं है। वेदांत अनुभूति में इसे अद्वैत कहा गया। ऋग्वेद के एक ऋषि ने इसे 'पुरुष' कहा और बताया कि जो भूतकाल में अब तक हो चुका और जो आगे होगा वह सब पुरुष ही है। पुरुष एक है। इसी के भीतर सम्पूर्णता है। यही बात ऋग्वेद में 'अदिति' के लिए कही गई है और छान्दोग्य उपनिषद में 'भूमा' के लिए। भूमा सम्पूर्णता का पर्याय है। पूर्ण भारतीय दर्शन की अनोखी खोज है। 'पूर्ण' असीम विराट है। संख्या गणित का विषय है। विराट अस्तित्व के रहस्य गणित की पकड़ में नहीं आते। गणित में बड़ी से बड़ी संख्या भी पूर्ण का ही भाग होती है। कोई भी संख्या पूर्ण से बड़ी नहीं होती। 'पूर्ण' वैदिक पूर्वजों का आत्मीय विषय रहा है। 'शतपथ ब्राह्मण' उत्तर वैदिक काल का प्रमुख सामाजिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक व दार्शनिक ग्रंथ है। इसमें संख्या व गणित के तमाम उल्लेख हैं लेकिन इसी के अंश वृहदारण्यक उपनिषद (पांचवें अध्याय) में पूर्ण की रम्य व्याख्या है। बताते हैं- वह पूर्ण है, यह पूर्ण है-'पूर्णमदः पूर्णमिदं'। मन प्रश्न करता है कि क्या पूर्ण भी दो हो सकते हैं। एक यह पूर्ण और दूसरा वह पूर्ण। इस जिज्ञासा का उत्तर भी इसी मंत्र में है-'यह पूर्ण उस पूर्ण का ही विस्तार है-पूर्णात पूर्णमुदच्यते।' शंका तो भी शेष न रहे इसलिए आगे कहते हैं-'पूर्ण में पूर्ण निकाल देने पर भी पूर्ण ही बचता है-पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।' भारतीय अनुभूति का यह पूर्ण उल्लासदायी है। प्रगाढ़ अनुभूति और दर्शन में 'पूर्ण' पूरा पूर्ण है। हम सबको अनेक पूर्ण दिखाई पड़ सकते हैं। लेकिन उन्हें पूर्ण नहीं कहा जा सकता। जो वास्तविक पूर्ण है, उस पूर्ण में कुछ भी घटाओ, जोड़ो, गुणा करो, पूर्ण पूर्ण ही रहता है। निस्संदेह गणित में कोई भी अंश या संख्या पूर्ण से छोटी होती है लेकिन पूर्ण अनुभूति में अंश या संख्या भी पूर्ण ही होती है। सारी संख्याएं पूर्ण का ही अविभाज्य अंश हैं और अंश कभी पूर्ण से पृथक अस्तित्व नहीं रखते। इस दृष्टि से हम सब पूर्ण हैं। पूर्णता के बोध के अभाव में अपूर्ण जान पड़ते हैं। अपूर्ण होना दुख है, पूर्ण होना आनंद। वेदों में अनेक देवों की स्तुतियां हैं। पश्चिमी विद्वान इसी आधार पर भारतवासियों को बहुदेववादी बताते हैं। हम भारतवासी बहुदेववादी नहीं, बहुदेव उपासक हैं। ऋषि की घोषणा है कि इन्द्र, अग्नि तमाम देवता हैं लेकिन सत्य एक है, विद्वान उसे भिन्न-भिन्न ढंग से बताते हैं। तैत्तिरीय उपनिषद में कहते हैं-'वह पुरुष और आदित्य में एक ही है।' संभवतः कुछ विद्वान पुरुष को और कुछ सूर्य को अलग-अलग बताते रहे होंगे। ऋषि दोनों को एक बताते हैं। पूर्णता सनातन प्यास है। हम सब अपूर्ण हैं। भोजन या पानी की प्यास अपूर्णता का संदेश है। सांसारिक उपलब्धियों की इच्छा भी हमारी अपूर्णता की ही सूचना है। इच्छा, अभिलाषा या आकांक्षा अपूर्णता के ही बोधक हैं। तनावग्रस्त होने का कारण भी हमारी अपूर्णता है। हम अतृप्त हैं। हम किसी भी मार्ग या उपाय से समृद्धि चाहते हैं और समृद्धि अतिशीघ्र नई रिक्तता में बदल जाती है। सुख फिसल जाता है, दुख घेर लेता है। प्रकृति सृष्टि सम्पूर्णता है। सम्पूर्णता में ही रहती है। सम्पूर्णता में ही प्रकट होती है। यहां सामान्य गणित नहीं है। पूर्ण से पूर्ण घटा देने पर शून्य नहीं बचता। यहां अस्तित्व की सम्पूर्णता का सुन्दर विवेचन है-'मेरा मन ऐसा ही मंत्र गढ़ने को उतावला है-मैं अपूर्ण हूं। हम सब अपूर्ण हैं। मैं में हम घटाओ तो अपूर्ण मैं ही बचता है।' मैं दुख है, हम होना सुख है और सम्पूर्ण होना आनंद। सम्पूर्णता की प्यास स्वाभाविक ही गहरी ही होनी चाहिए। हम बोधरहित हैं सो अपूर्ण हैं। अपूर्ण हैं सो सांसारिक उपलब्धियों में पूर्णता खोजते हैं। सांसारिक उपलब्धियां क्षणभंगुर हैं। वे अपूर्ण से भी लघुतम हैं। हमारी अपूर्णता हमको बार-बार जगाती है। हम तनावग्रस्त होते हैं। अपूर्णता का ज्ञान अच्छा है। तब हम पूर्णत्व के बारे में विचार करते हैं। पूर्णता को प्राप्य मानते हैं। पूर्वजों ने शब्द संकेतों से ऐसा मार्गदर्शन किया है। संसार के साथ स्वयं का ज्ञान ही पूर्णता की दिशा तय करता है। कार्य और कारण की श्रृंखला में पूर्ण विराम की गुंजाइश नहीं। 'ब्रह्म' पूर्णतम पूर्णता है। यह 'ब्रह्म' ही कारण है और 'ब्रह्म' ही कार्य। गीता के एक सुन्दर श्लोक (4.24) में 'ब्रह्म' ही 'ब्रह्म' को हवि अर्पण करता है-ब्रह्मार्पण ब्रह्म। 'ब्रह्म' ही अग्नि है और 'ब्रह्म' ही हवि। यह हवि 'ब्रह्म' को ही मिलती है। इसका परिणाम भी 'ब्रह्म' ही होता है। इसके पहले के श्लोक में ऐसा जानने वाले व्यक्ति के लिए 'ज्ञानावस्थित चेतसः-ज्ञान में स्थिर चेतना' शब्द आये हैं। ऐसे व्यक्ति के सभी कर्म 'समग्रं विलीयते-सम्पूर्णता में विलीन होते हैं।' लेकिन यह ज्ञान की उच्चतर स्थिति है। संसार का अध्ययन कार्य कारण की श्रृंखला के विवेचन से होता है।

**'शतपथ ब्राह्मण' उत्तर वैदिक काल का प्रमुख सामाजिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक व दार्शनिक ग्रंथ है। इसमें संख्या व गणित के तमाम उल्लेख हैं लेकिन इसी के अंश वृहदारण्यक उपनिषद (पांचवें अध्याय) में पूर्ण की रम्य व्याख्या है। बताते हैं- वह पूर्ण है, यह पूर्ण है-'पूर्णमदः पूर्णमिदं'। मन प्रश्न करता है कि क्या पूर्ण भी दो हो सकते हैं।**

■ **हृदयनारायण दीक्षित**

## है न विचित्र बात !

# वैश्विक व्यापार अनुसंधान की पहल

***वैश्विक*** स्तर पर आज दुनियां में कई देश भारत के साथ व्यापार करने के लिए उत्साहित हैं और भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफडीए) करने के लिए बातचीत कर रहे हैं जिसमें ब्रिटेन के साथ करीब 12 दौर की बैठके हो चुकी है। भारत अपने मिशन आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है तो स्वाभाविक ही है के घरेलू खपत के अलावा दुनियां के अनेक देशों में अपना माल बेचने के लिए प्रतिस्पर्धा माहौल के बीच स्थान बनाना जरूरी है, जिसके लिए अनेक निर्यात स्कीम छूट सहित अनेक रणनीतिक पैसेज तैयार करने होंगे, इसके संबंध में वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल ने अनेक देशों के साथ जारी मुक्त व्यापार समझौतों की समीक्षा करने का प्रस्ताव किया है और व्यापक समीक्षा की सिफारिश की है, क्योंकि भारत अपनी अनेक वस्तुओं का निर्यात बढ़ाने के लिए अनेक स्कीम्स योजनाएं चलता है, परंतु अमेरिका ईयू सहित अनेक देश इसे सब्सिडी के रूप में घोषित कर प्रतिपूरक शुल्क लगा देते हैं जो हमारे निर्यातकों को दंडित करने जैसा है। जीटीआरआई ने विशेष रूप से सिंगापुर और थाईलैंड के साथ एफडीए समझौता का मूल्यांकन करने की सिफारिश की है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, जीटीआरआई द्वारा सिंगापुर व थाईलैंड के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौतों पर विशेष गौर करने की सिफारिश को रेखांकित करना जरूरी है। साथियों बात अगर हम वैश्विक अनुसंधान पल द्वारा 26 नवंबर 2023 को दी गई सिफारिश की करें तो, ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका जैसे भारत के प्रमुख व्यापार साझेदारों सहित कई देश भारतीय योजनाओं को सब्सिडी के रूप में घोषित करते हैं और प्रतिपूरक शुल्क लगाकर निर्यातकों को दंडित करते हैं। वर्तमान में भारत निर्यात को सुविधाजनक बनाने के लिए कई योजनाएं लागू कर रहा है। इनमें एडवांस ऑथराइजेशन स्कीम (एएएस), एक्सपोर्ट प्रमोशन कैपिटल गुड्स स्कीम (ईपीसीजीएस), ड्यूटी ड्रॉबैक स्कीम (डीडीएस), निर्याितत उत्पादों पर शुल्क व करों में छूट (आरओडीटीईपी), विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड), एक्सपोर्ट ओरिएंटेड यूनिट (ईओयू), प्री-शिपमेंट एंड पोस्ट-शिपमेंट क्रेडिट बैंक और इंटरेस्ट इक्वलाइजेशन स्कीम (आईईएस) शामिल हैं। इन योजनाओं का मकसद वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। जीटीआरआई के सह संस्थापक ने कहा कि यूरोपीय संघ, अमेरिका और कई अन्य ने अक्सर इन योजनाओं को सब्सिडी के रूप में देखा है और भारत द्वारा अपने निर्यातकों को प्रदान किये जाने वाले मौद्रिक लाभों को बेअसर करते हुए प्रतिपूरक शुल्क लगाये है। इन देशों का पहला तर्क यह है कि ये योजनाएं विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सब्सिडी और प्रतिपूरक उपायों (एएससीएम) पर समझौते का उल्लंघन करती हैं। उन्होंने कहा, इन चुनौतियों के चलते भारत सरकार को एक बहु-आयामी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। इसमें निर्यात योजनाओं की संरचना में सुधार, डब्ल्यूटीओ में सक्रिय रूप से विवाद उठाना, योजनाओं की समयपूर्व निकासी का विरोध करना और सीमा शुल्क संरचना को तर्कसंगत बनाना शामिल हैं। कच्चे माल और पूंजीगत वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करने से सरकार को कई मौजूदा निर्यात योजनाओं की आवश्यकता में कटौती करने में मदद मिल सकती है। शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को यह बात कही। उसके अनुसार, यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा क्योंकि भारत को अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानूनों के ढांचे के भीतर इन प्रोत्साहनों के प्रबंधन में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। साथियों बात अगर हम जीटीआरआई द्वारा की गई सिफारिश में सिंगापुर थाईलैंड के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता पर विशेष ध्यान देने की करें तो, सिंगापुर के साथ भारत के द्विपक्षीय एफटीए की व्यापक समीक्षा का प्रस्ताव दिया है।

■ **किशन भावनानी गोंदिया**

# दिव्यांगों को नया आयाम व जीवन मुस्कान दें

***हर*** वर्ष 3 दिसंबर का दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकलांग व्यक्तियों को समर्पित है। विकलांग भी किसी से कम नहीं, उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए थोड़े से सहयोग एवं समतामूलक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वभर में विकलांगता और विकलांग लोगों के साथ सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक भागीदारी को बढ़ावा देना है और उनके अधिकारों, समर्थन, और समाज में उनके साथ सौहार्द्र बनाये रखना है। वर्ष 2023 की विकलांग दिवस की थीम है एक समावेशी समाज का निर्माण और समान अवसरों का सृजन है। वर्ष 1976 में संयुक्त राष्ट्र आम सभा के द्वारा 'विकलांगजनों के अंतरराष्ट्रीय वर्ष' के रूप में मनाया गया और वर्ष 1981 से अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाने की विधिवत शुरूआत हुई। विकलांगों के प्रति सामाजिक सोच को बदलने और उनके जीवन के तौर-तरीकों को और बेहतर बनाने के लिये एवं उनके कल्याण की योजनाओं को लागू करने के लिये इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। पूरी दुनिया में एक अरब लोग विकलांगता के शिकार हैं। जिनमें से 80 प्रतिशत विकासशील देशों में हैं। अधिकांश देशों में हर दस व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शारीरिक या मानसिक रूप से विकलांग हैं। इनमें कुछ संवेदनाविहीन व्यक्ति भी हैं। विकलांगता एक ऐसा शब्द है, जो किसी को भी शारीरिक, मानसिक और उसके बौद्धिक विकास में अवरोध पैदा करता है। ऐसे व्यक्तियों को समाज में अलग ही नजर से देखा जाता है। यह शर्म की बात है कि हम जब भी समाज के विषय में विचार करते हैं, तो सामान्य नागरिकों के बारे में ही सोचते हैं। उनकी ही जिंदगी को हमारी जिंदगी का हिस्सा मानते हैं। इसमें हम विकलांगों को छोड़ देते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है? ऐसा किस संविधान में लिखा है कि ये दुनिया केवल पूर्ण मनुष्यों के लिए ही बनी है? बाकी वे लोग जो एक साधारण इंसान की तरह व्यवहार नहीं कर सकते, उन्हें अलग क्यों रखा जाता है। क्या इन लोगों के लिए यह दुनिया नहीं है? इन विकलांगों में सबसे बड़ी बात यही होती है कि ये स्वयं को कभी लाचार नहीं मानते। वे यही चाहते हैं कि उन्हें अक्षम न माना जाय। उनसे सामान्य तरह से व्यवहार किया जाय। पर क्या यह संभव है? पिछले कुछ वर्षों में, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों से, विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करने और दुनिया भर में एक बाधा-मुक्त, समतामूलक समाज की स्थापना करने में कुछ प्रगति हासिल हुई है। लेकिन विकलांग लोगों को हाशिये पर धकेलने वाली पर्यावरणीय, सामाजिक, पारिवारिक और कानूनी बाधाएं फिर भी मौजूद हैं, इसलिए रोजगार, शिक्षा और चिकित्सा देखभाल में विकलांग लोगों के अधिकार अभी भी अलग-अलग स्तर के प्रतिबंधों के अधीन हैं। लेकिन विकलांग दिवस की बदौलत न केवल सरकारें बल्कि आम जनता में भी विकलांगों के प्रति जागरूकता एवं सौहार्द का माहौल बना है। समाज में उनके आत्मसम्मान, प्रतिभा विकास, शिक्षा, सेहत और अधिकारों को सुधारने के लिये और उनकी सहायता के लिये एक साथ होने की जरूरत है। विकलांगता के मुद्दे पर पूरे विश्व की समझ को नया आयाम देने एवं इनके प्रति संकीर्ण दृष्टिकोण को दूर करने के लिये इस दिन का महत्वपूर्ण योगदान है। यह दिवस विकलांग लोगों के अलग-अलग मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करता है और जीवन के हर क्षेत्र में चाहे वह राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कोई भी हो, सभी विकलांग लोगों को शामिल करने और उन्हें अपने प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकलांगों को विकलांग नहीं कहकर दिव्यांग कहने का प्रचलन शुरू कर न केवल उनके आत्म-विश्वास को जगाया है बल्कि एक नयी सोच को जन्म दिया है। हमें इस बिरादरी को जीवन की मुस्कुराहट देनी है, न कि हेय समझना है। विकलांगता एक ऐसी परिस्थिति है जिससे हम चाह कर भी पीछा नहीं छुड़ा सकते। एक आम आदमी छोटी-छोटी बातों पर झुंझला उठता है तो जरा सोचिये उन बदकिस्मत लोगों का जिनका खुद का शरीर उनका साथ छोड़ देता है, फिर भी जीना कैसे है, कोई इनसे सीखे। कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने विकलांगता को अपनी कमजोरी नहीं, बल्कि अपनी ताकत बनाया है। ऐसे लोगों ने विकलांगता को अभिशाप नहीं, वरदान साबित किया है। प्रश्न यह भी है कि विकलांग लोगों को बेसहारा और अछूत क्यों समझा जाता है? उनकी भी दो आँखें, दो कान, दो हाथ और दो पैर हैं और अगर इनमें से अगर कोई अंग काम नहीं करता तो इसमें इनकी क्या गलती? यह तो नसीब का खेल है। इंसान तो फिर भी कहलायेंगे, जानवर नहीं। फिर इनके साथ जानवरों जैसा बर्ताव कहां तक उचित है? किसी के पास पैसे की कमी है, किसी के पास खुशियों की, किसी के पास काम की तो अगर वैसे ही इनके शारीरिक, मानसिक, ऐन्द्रिक या बौद्धिक विकास में किसी तरह की कमी है तो क्या हुआ है? कमी तो सबमें कुछ-न-कुछ है ही, तो इन्हें अलग नजरों से क्यों देखा जाय? परिपूर्ण यानी सामान्य मनुष्य समाज की यह विडम्बना है कि वे अपंग एवं विकलांग लोगों को हेय की दृष्टि से देखते हैं। लेकिन विकलांग लोगों से हम मुंह नहीं चुरा सकते क्योंकि आज भी कहीं-न-कहीं हम जैसे इन्हें हीन भावना का शिकार बना रहे हैं, उनकी कमजोरी का मजाक उड़ा कर उन्हें और कमजोर बना रहे हैं। उन्हें दया से देखने के बजाय उनकी मदद करें, आखिर उन्हें भी जीने का पूरा हक है और यह तभी मुमकिन है जब आम आदमी इन्हें आम बनने दें। जीवन में सदा अनुकूलता ही रहेगी, यह मानकर नहीं चलना चाहिए। परिस्थितियां भिन्न-भिन्न होती हैं और आदमी को भिन्न-भिन्न परिस्थितियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। मनुष्य के मजबूत इरादे दृष्टि दोष, मूक तथा बधिरता को भी परास्त कर देते हैं। अनगिनत लोगों की प्रेरणा स्रोत, नारी जाति का गौरव मिस हेलेन केलर शरीर से अपंग थी, पर मन से समर्थ महिला थीं। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति ने दृष्टिबाधिता, मूक तथा बधिरता को पराजित कर नई प्रेरणा शक्ति को जन्म दिया। सुलिवान उनकी शिक्षिका ही नही, वरना जीवन संगिनी जैसे थीं। उनकी सहायता से ही हेलेन केलर ने टालस्टाय, कार्लमार्क्स, नीत्शे, रविन्द्रनाथ टैगोर, महात्मा गाँधी और अरस्तू जैसे विचारकों के साहित्य को पढ़ा। हेलेन केलर ने ब्रेल लिपि में कई पुस्तकों का अनुवाद किया और मौलिक ग्रंथ भी लिखे। उनके द्वारा लिखित आत्मकथा 'मेरी जीवन कहानी' संसार की 50 भाषाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। अल्प आयु में ही पिता की मृत्यु हो जाने पर प्रसिद्ध विचारक मार्कट्वेन ने कहा कि, केलर मेरी इच्छा है कि तुम्हारी पढ़ाई के लिए अपने मित्रों से कुछ धन एकत्रित करूँ। केलर के स्वाभिमान को धक्का लगा। सहज होते हुए मृदुल स्वर में उन्होंने मार्कट्वेन से कहा कि यदि आप चन्दा करना चाहते हैं तो मुझ जैसे विकलांग बच्चों के लिए कीजिए, मेरे लिए नहीं।


**वर्ष 2023 की विकलांग दिवस की थीम है एक समावेशी समाज का निर्माण और समान अवसरों का सृजन है। वर्ष 1976 में संयुक्त राष्ट्र आम सभा के द्वारा 'विकलांगजनों के अंतरराष्ट्रीय वर्ष' के रूप में मनाया गया और वर्ष 1981 से अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाने की विधिवत शुरूआत हुई। विकलांगों के प्रति सामाजिक सोच को बदलने और उनके जीवन के तौर-तरीकों को और बेहतर बनाने के लिये एवं उनके कल्याण की योजनाओं को लागू करने के लिये इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है।**

■ **ललित गर्ग**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### राम मंदिर का फैसला मेरे जीवन का सबसे सुखमयी क्षण : पूर्व राष्ट्रपति



**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के लोदीपुर निवादा गांव में दिव्यसेवा मिशन के सहयोग से भव्य राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। रामकथा के शुभारंभ पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पहुंचे। उन्होंने भगवान राम की मूर्ति कथा व्यास विजय कौशल महाराज को भेंट की। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि1947 में आजादी की लड़ाई में भी भगवान श्रीराम का सहयोग रहा है। आजादी के सबसे बड़े योद्धा महात्मा गांधी रोज रघुपति राघव राजा राम की राम धुन गाकर आजादी ली थी। अंतिम समय में जब उन्हे गोली लगी तब भी, वो हे राम कहते हुए धरती में गिरे थे। उन्होंने आगे कहा कि मेरे जीवन का सबसे सुखमय क्षण वह था जब मेरे कार्यकाल में सुप्रीम कोर्ट द्वारा राम मंदिर का फैसला आया था।

### केलांग, कल्पा में माइनस में न्यूनतम तापमान



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम साफ होते ही ठंढक बढ़ गई है और बर्फ जमने से कई सड़कें बंद हो गई हैं। मनाली-लाहौल का संपर्क कटा हुआ है। धुंध में जमी बर्फ पर वाहन फिसल रहे हैं। केलांग, कल्पा और समदो में न्यूनतम तापमान माइनस में पहुंच गया है। लगातार दो दिन बर्फबारी के बाद के प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ठिठुरन बढ़ गई है।

### खराब मौसम से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट डायवर्ट





**दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब है। कई इलाकों मे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के पार पहुंच गया। राजधानी में हवा की सेहत बिगड़ रही है। केंद्र व दिल्ली सरकार की प्रयासों के बावजूद वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है। दिल्ली एयरपोर्ट पर खराब मौसम और कम विजिबिलिटी के कारण विस्तारा एयरलाइंस की दो फ्लाइट डायवर्ट की गई हैं। विस्तारा एयरलाइंस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस बात की जानकारी दी है। पोस्ट में बताया गया है कि दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण अहमदाबाद से दिल्ली जाने वाली उड़ान यूके906 को अहमदाबाद वापस भेज दिया गया है। इसके अलावा मुंबई से दिल्ली जाने वाली उड़ान यूके954 को जयपुर डायवर्ट कर दिया गया है।

# शराबबंदी सफल नहीं : हमारी सरकार बनी तो इसे कड़ाई से लागू करेंगे : जीतन राम

**एजेंसी। पटना**

पूर्व मुख्यमंत्री और हम पार्टी के संस्थापक जीतनराम मांझी ने शनिवार को बयान जारी कर कहा शराबबंदी कानून सफल नहीं है, हमारी सरकार बनी तो बिहार में फिर से शराब चालू हो जाएगा। जीतन राम मांझी ने कहा कि नीतीश सरकार और मद्य निषेध विभाग के तरफ से यह दावा किया जाता है कि शराबबंदी सफल है इनको नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए, लेकिन हकीकत यह है कि शराबबंदी के मामले में जो बंदी है उसमें 80 प्रतिशत दलित लोग हैं जो एक पैग पीकर शाम में घर जाता है। वैसे लोगों को इन्होंने बंद कर रखा है। मांझी ने कहा कि पांच सौ रुपये कमाने वाले 2000 और 3000 कहां से देगा इसी वजह से वह जेल चला जाता है। आपका यह शराबबंदी कानून कहीं से सही ही नहीं है यदि



मेरी सरकार आएगी तो हम लोग या तो गुजरात के तर्ज पर इस कानून को कड़ाई से लागू करेंगे या यूं ही खुला छोड़ देंगे। पहले से तो बिहार में शराब चालू था ही ना। मांझी ने खुद को लेकर सीएम नीतीश कुमार के तरफ से कही गई बातों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि- यदि उस समय मैं विधानसभा में नहीं रहता तो सीएम के उस बर्ताव को बर्दाश्त नहीं करता। मैं विधानसभा के अंदर था इस वजह से लिहाज कर लिया। नीतीश कुमार की सोच शुरू से दलित के प्रति नकारात्मक रही है। हमें कहां आरक्षण है। इस बात को जानने के लिए आरक्षण आयुक्त का पद था। उसे भी नीतीश कुमार ने गायब कर दिया। यही तो नीतीश कुमार का दलित प्रेम है। मांझी ने कहा कि 2017 में क्लास फोर में शेड्यूल कास्ट से बहाली को बंद कर दिया और अब एजेंट के माध्यम से बहाली करवाते हैं। पहले ऐसी प्रक्रिया नही थी। पहले डायरेक्ट बहाली होती थी कोई आउट सोर्स से नही। शिड्यूल कास्ट को लेकर नीतीश कुमार का रोल शुरूआत से ही नकारात्मक रहा है और ये सिर्फ ढोल पीट रहे कि हम शिड्यूल कास्ट के हिमायती थे।इसके आगे उन्होंने रत्नेश सदा को लेकर कहा कि, बिहार सरकार में क्या होता है कि यह आपने देख लिया। यहां अपने मंत्री का माइक छीन लिया गया, हम रहते तो बर्दाश्त नही करते। ऐसे मंत्री के साथ कोई कैसे कर सकता है। हम तो यही कहना चाहता हूं कि शिड्यूल कास्ट से आने वाले मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। मुझे तो यह समझ में नहीं आता है कि बेइज्जत होकर कोई कैसे पद पर बना रह सकता है। मांझी ने कहा कि हमलोग पांच दिसम्बर को दिल्ली के जंतर मंतर में नीतीश कुमार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे और हवन भी करेंगे।

## सीएम नीतीश के स्वास्थ्य में सुधार कल लगायेंगे जनता दरबार

**एजेंसी। पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त सूचनानुसार आगामी चार दिसम्बर सोमवार को सीएम जनता दरबार में उपस्थित रहेंगे। इसको लेकर कैबिनेट विभाग ने अधिसूचना जारी की है। कैबिनेट विभाग के अपर सचिव निशीथ वर्मा ने जनता दरबार कार्यक्रम को लेकर पत्र भेजकर सभी जिलाधिकारियों को जानकारी दी है। इसके साथ ही इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी है। अधिसूचना और डीएम को भेजे गये पत्र के मुताबिक चार दिसम्बर को जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दिन महीने के पहले सोमवार के लिए निर्धारित विभागों और विषयों से संबंधित मामले लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री निर्धारित समय पर इन विभागों से जुड़ी आम लोगों की समस्याएं सुनेंगे। इससे पहले सीएम नीतीश कुमार राजगीर महोत्सव के समय बीमार हो गए थे। उसके बाद यह आयोजन स्थगित था। स्वस्थ होकर नीतीश कुमार फिर से जनता दरबार में शामिल होकर लोगों की फेस टू फेस समस्या सुनते हैं और अधिकारियों को तत्काल निर्देश देकर समाधान करवाते हैं। ऐसे में अब सोमवार को एक बार फिर सीएम लोगों की समस्या को सुनते हुए नजर आएंगे। उल्लेखनीय है कि सीएम नीतीश के जनता दरबार में शामिल होने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है। इसमें समस्याओं का विवरण देना पड़ता है। फरियादी को ऑनलाइन ही मिलने का समय मिल जाता है। राज्य भर से फरियादी जनता दरबार में पहुंचते हैं।

# 15 दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाएगा श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट

**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या का मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 15 दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाएगा और इससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी 22 जनवरी को रामलला के नए मंदिर में विराजने के पहले शुरू हो जाएंगी।

एयरपोर्ट के निर्माण कार्य का निरीक्षण और समीक्षा करने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह जानकारी दी। उनके साथ केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह भी मौजूद थे । मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया तेजी के साथ समयबद्ध तरीके से कम कर रही है। राम मंदिर का लोकार्पण होने से पूर्व अयोध्या को



हवाई सेवा से जोड़ दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि देशी या विदेशी पर्यटक जब यहां के एयरपोर्ट पर प्रवेश करेंगे तो अयोध्या की सांस्कृतिक विशेषता और क्षमता से परिचित होंगे। उन्होंने कहा कि अभी पहले चरण के काम को पूरा किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण के काम की स्वीकृति कैबिनेट से ली जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि अयोध्या अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर चमकते सितारे की तरह जगमगाए। इसी दिशा में केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, ज्योतिरादित्य सिंधिया व वीके सिंह ने निमार्णाधीन राम मंदिर को भी देखा और हनुमान गढ़ी व रामलला के दरबार में भी हाजिरी लगाई।

### उड़ीसा से निकला 190 किलो गांजा कटनी में जब्त 28 लाख बताई गई कीमत

**कटनी।** मध्यप्रदेश की कटनी पुलिस ने उड़ीसा से सीधी जा रही गांजा की बड़ी खेप पकड़ी है। पूरी कार्रवाई कुठला पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर से लगे बाईपास हाइवे के पास अंजाम दी है, जहां कुठला पुलिस को एक ट्रक में गांजे से भरी 8 बोरियां मिली है। इस पूरे मामले पर कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने कंट्रोल रूम में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि उड़ीसा से गांजा की बड़ी खेप लेकर छत्तीसगढ़ के रास्ते एमपी में दाखिल होकर सीधी जिले की तरफ जा रहा था। तभी जबलपुर जोन की नारकोटिक्स इंटेलिजेंस विंग की टीम से जानकारी मिली कि ट्रक क्रमांक टढ04 ऋ्ष 4165 में गांजा लेकर सीधी जिले जा रहा था, जिसके बाद थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने अपने दल बल के साथ घेराबंदी करते हुए खड़ी गाड़ी को पकड़ा। जिसकी जांच में भूसा भरा मिला, लेकिन अन्दर तक जांच करने पर सफेद बोरी मिली। बताया जा रहा है कि इसे खोलने पर गांजा मिला, जिसका वजन 190 किलो निकला। इसकी कीमत 28 लाख रुपये बताई गई है।

### चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ पहुंचे देहरादून, एफआरआई में बोले-

## भारत सौभाग्यशाली देश...पवित्र पुस्तक संविधान



**देहरादून।** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ आज शनिवार सुबह देहरादून पहुंचे। यहां एफआरआई में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जो देश हमारे साथ आजाद हुए थे वो इतने सौभाग्यशाली नहीं हैं जितना की भारत।

### डाक से पहुंचा 8.20 लाख की कार जीतने का पत्र

**कानपुर।** कानपुर के भीतरगांव में शातिरों ने मोबाइल फोन के बाद अब डाक विभाग के माध्यम से लोगों के लूटने का नया हथकंडा अपनाया है। शुक्रवार को दोपहर साढ़ थाना क्षेत्र के युवक के पास पहुंचे पत्र में पुरस्कार जीतने की बात कहते हुए बैंक जानकारी साझा कर 8.20 लाख रुपये कीमत की स्विफ्ट डिजायर कार देने की बात लिखी है। साढ़ थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव निवासी शैलेंद्र यादव ने बताया शुक्रवार को दोपहर डाक विभाग के माध्यम से उनके पते पर फोन नंबर सहित एक पत्र प्राप्त हुआ। पत्र के अंदर पश्चिम बंगाल के वर्धमान (कोलकाता) की एक ऑनलाइन शापिंग कंपनी के नाम स्क्रैच एंड विन कूपन मिला।

### ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

## लंबित फंड की मांग की



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत राज्य सरकार को केंद्रीय धन जारी करने में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। सीएम ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को लिखे अपने पत्र में कहा है कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हाल ही में राज्य सरकार को सूचित किया गया है कि केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने अन्य शर्तों को पूरा करने के बावजूद स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के लिए कुछ कलर ब्रांडिंग दिशानिदेर्शों का पालन न करने के कारण पश्चिम बंगाल को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत फंड जारी करने से रोक दिया है। फंड जारी करने पर रोक लगाने से गरीब लोगों को उनके लाभ से वंचित होना पड़ेगा? पत्र में मुख्यमंत्री ने यह भी बताया है कि वर्तमान में पश्चिम बंगाल में 1,100 कार्यात्मक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र हैं, जिससे राज्य में प्रतिदिन 3,00,000 से अधिक लोग लाभान्वित होते हैं। इन इमारतों का निर्माण 2011 से राज्य की कलर ब्रांडिंग के अनुसार किया गया है। सीएम ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री से इस बात का भी अनुरोध किया कि इतनी सारी इमारतों को फिर से रंगने के माध्यम से कलर ब्रांड में बदलाव में काफी निरर्थक खर्च शामिल होगा।

### अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण की प्रगति पर मुख्यमंत्री योगी ने ली जानकारी

**अयोध्या।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। राम कथा पार्क हेलीपैड से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे? हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां पहुंचकर हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद श्रीराम लला के दर्शन-पूजन कर देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। रामलला के दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर निर्माण की प्रगति का हाल जाना। यहां श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को मंदिर निर्माण से जुड़ी जानकारी दी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन राम मंदिर का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह और अपर मुख्य सचिव एसपी. गोयल ने भी रामलला एवं हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया।

## उमेश पाल केस : बमबाज गुड्डू मुस्लिम और शूटर साबिर की संपत्ति कुर्क



**एजेंसी। प्रयागराज**

उमेश पाल हत्याकांड में पांच-पांच लाख के इनामी बदमाश बमबाज गुड्डू मुस्लिम और शूटर साबिर के घर को प्रयागराज पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कुर्क किया है। धूमनगंज खुल्दाबाद और करेली थाने की पुलिस और एसीपी की मौजूदगी में चकिया इलाके में स्थित उसके घर पर कुर्की की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इसी तरह से पुलिस की तरफ से पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मरियाडीह इलाके में शूटर साबिर के मकान की भी कुर्की की गई। 24

**दोनों हैं 5-5 लाख के इनामी था अपराधी**

**फरवरी को हुई थी उमेश पाल की हत्या:** साबिर पर भी उमेश पाल हत्याकांड के बाद यूपी पुलिस की तरफ से पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है। शूटर साबिर और बमबाज गुड्डू मुस्लिम दोनों ही उमेश पाल तिहरे हत्याकांड को अंजाम देने के बाद 24 फरवरी से फरार चल रहे हैं। इससे पहले पुलिस ने अगस्त में कोर्ट के आदेश पर गुड्डू मुस्लिम और साबिर को भगोड़ा घोषित किया था। प्रयागराज पुलिस की तरफ से 24 फरवरी से लगातार फरार चल रहे 5-5 लाख के इनामी बदमाश बमबाज गुड्डू मुस्लिम और उसके साथ रहे शूटर साबिर के घर पर शनिवार को कुर्की की कार्रवाई की गई। कई थानों की फोर्स के साथ एसीपी धूमनगंज वरुण कुमार की अगुवाई में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने बमबाज गुड्डू मुस्लिम के घर को कुर्क करने के साथ ही साबिर के घर से घरेलू इस्तेमाल के सामानों को बाहर निकालकर कुर्की करते हुए ट्रक पर लादकर ले जाया गया। जिसमें सोफा सेट, डबल बेड, फ्रिज, अलमीरा, ड्रेसिंग टेबल समेत अन्य घरेलू इस्तेमाल के सामानों को कुर्क करते हुए जब्त करके पुलिस ले गई। जिसे न्यायालय के आदेश पर मालखाने में जमा किया जाएगा।


### कोहरा बना काल : युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**भदोही।** कोहरा का असर बढ़ते ही हादसे भी बढ़ने लगे हैं। चौकी क्षेत्र के वाराणसी-प्रतापगढ़ रेलवे रूट पर सराय छत्रशाह गांव के पास सोमवार को शौच को गए व्यक्ति को ट्रैक पार करते समय ट्रेन ने धक्का मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कोहरे के कारण वह ट्रेन की रफ्तार को भांप नहीं पाया। जानकारी के अनुसार मीरगंज, जौनपुर निवासी छोटे लाल कन्नौजिया (45) का ससुराल मोढ़ के सरायछत्रशाह गांव में है। शुक्रवार की रात वह अपने ससुराल किसी कार्यक्रम में शामिल होने आया था। सुबह वह ट्रैक की तरफ शौच के लिए गया। जहां हरिपट्टी रेलवे फाटक के पश्चिम दिशा की तरफ सराय छत्रशाह गांव के पास प्रयागराज की तरफ जा रही डेमो ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसके सर में गंभीर चोटे आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बिहार की बदहाली खत्म करने चंद्रगुप्त बन आएंगे चिराग

**एजेंसी। नवादा**

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व सांसद डॉक्टर अरुण कुमार ने कहा है कि बिहार अति बदहाली की दौर से गुजर रही है। जिस बदहाली को दूर करने चिराग पासवान से बड़ा कोई विकल्प नहीं हो सकता ।चंद्रगुप्त की तरह बिहार की बदहाली दूर करने चिराग पासवान को जन- समर्थन से बिहार का मुख्यमंत्री बनना ही एक विकल्प हो सकता है ।जिसके लिए बिहार के सभी प्रमुख जिलों में जन - संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10 दिसंबर को नवादा के आईटीआई के मैदान में लोके जनशक्ति पार्टी (रामविलास) तथा लोक सेवक रामविलास वैचारिक पासवान स्मृति मंच के संयुक्त तत्पावधान में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान सहित पार्टी के सभी



कादावर नेता शामिल होंगे। वे शनिवार को नवादा परिसदन में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने नवादा जिले वासियो से आह्वान किया है कि लाखों लोग इस जन - ांवाद कार्यक्रम में पहुंचकर चिराग को चंद्रगुप्त की तरह बिहार की सत्ता पर स्थापित कर बिहार की बदहाली दूर करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली में पत्रकारों से कहा था नीतीश कुमार को अधिकारियों तथा कुछ नेताओं द्वारा दवा खिलाकर दिमाग को खराब किया जा रहा है। जिसका सबसे बड़ा प्रमाण विधानसभा तथा विधान परिषद में जनसंख्या नियंत्रण के सवाल पर दिए गए उनका बयान है।

### जन्मदिन के मौके पर शनि देव की शरण में जेपी नड्डा

## पत्नी के साथ की पूजा अर्चना



**एजेंसी। ग्वालियर**

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज ग्वालियर के ऐतिहासिक शनि मंदिर की शरण में पहुंचे। ऐती पर्वत पर स्थित प्राचीन शनि मंदिर पर पहुंचकर जेपी नड्डा और उनकी पत्नी ने पूजा अर्चना की और शनि देव पर तेल अर्पित किया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल भी मौजूद रहे। बता दें कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उनकी पत्नी दो दिवसीय दौरे पर ग्वालियर चंबल अंचल आए हुए हैं।

**सिंधिया के महल में किया भोज :** बता दें कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उनकी पत्नी बीते शुक्रवार को ग्वालियर पहुंचे। उसके बाद जेपी नड्डा ने सीएम शिवराज सिंह चौहान, सिंधिया और नरोत्तम मिश्रा के साथ चुनावी रिजल्ट को लेकर मंथन किया और फिर वहीं भोज करने के लिए सिंधिया के महल में पहुंचे। उसके बाद वह सीधे दतिया के लिए रवाना हुए, वहां पहुंचकर मां पीतांबरा के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। दतिया से लौटने के बाद ग्वालियर में रुके और आज सुबह वह सीधे विश्व प्रसिद्ध प्राचीन शानी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी जन्मदिन पर पूजा अर्चना की।

### अलग-अलग कोने से आते हैं श्रद्धालु

मुरैना जिले में स्थित रामायण कालीन भगवान शनि की प्रतिमा है और विश्व में एक मात्र मूर्ति के रूप शनिदेव विराजमान है। मान्यता है कि शनि सिंगापुर की शिला में भी यही से गई है। इसलिए यहां पर लाखों की संख्या में देश के अलग-अलग कोने से श्रद्धालु आते हैं और भगवान शनि देव की दर्शन करते हैं। शनि अमावस्या के दौरान यहां पर लाखों की संख्या में देश के अलग-अलग राज्य से श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं।

## बिना देर किए केन्द्र सरकार कराए जातीय जनगणना : मायावती

**एजेंसी। लखनऊ**



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को जातीय जनगणना की मांग एक बार फिर से उठाई है। मायावती ने कहा कि केन्द्र सरकार के लिए अब इस मुद्दे पर बिना देरी के सकारात्मक कदम उठाना जरूरी हो गया है। बसपा मुखिया ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा कि चार दिसंबर से शुरू हो रहे संसद के आगामी शीतकालीन सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक में बीएसपी द्वारा सरकार से देश में जातीय जनगणना कराए जाने की मांग की गयी। अब, जबकि इसकी मांग देश के कोने-कोने से उठ रही है, केन्द्र सरकार द्वारा इस बारे में अविलम्ब सकारात्मक कदम उठाना जरूरी हो गया है। उन्होंने आगे लिखा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, बदहाल सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था से त्रस्त व जातिवादी शोषण-अत्याचार से पीड़ित देश के लोगों में जातीय जनगणना के प्रति जो अभूतपूर्व रुचि एवं जागरूकता है, वह भाजपा की नींद उड़ा रही है। मायावती ने कहा कि वैसे विभिन्न राज्य सरकारें 'सामाजिक न्याय' की दुहाई देकर आधे-अधूरे मन से जातीय जनगणना कराकर जनभावना को काफी हद तक साधने का प्रयास कर रही हैं। लेकिन, इसका सही समाधान तभी संभव है।

## फैकल्टी क्रिकेट लीग, बीआईटी मेसरा का 12 संस्करण



### कंप्यूटर सुपर किंग्स फाइनल में हैं

मैच-1 (2/12/23) कंप्यूटर सुपर किंग्स बनाम एलक्ट्रोब्लास्टर्स
टॉस-कंप्यूटर और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया
स्कोर कार्ड- कंप्यूटर सुपर किंग्स 12 ओवर में 102/1। श्रीधर ने नाबाद 26 और रजनीश ने नाबाद 57 रन बनाए। जवाब में ब्लास्टर्स ने 12 ओवर में 3 विकेट खोकर 89 रन बनाए. कार्तिक ने नाबाद 45 रन बनाए. कंप्यूटर 13 रन से जीता। रजनीश को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

## टी20 वर्ल्डकप से पहले टीम इंडिया के सामने नया चैलेंज

# ओपनर्स कौन होंगे...5 दावेदार | रोहित-यशस्वी रेस में सबसे आगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आगामी टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारत के पास 7 इंटरनेशनल टी-20 मैच और एक आईपीएल सीजन बचा है। इन मुकाबलों से ही जून में शुरू हो रहे टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की टीम तय होगी। पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद सिलेक्टर्स ने रोहित शर्मा और विराट कोहली से आगे बढ़कर टीम चुनने के संकेत दिए थे। दोनों खिलाड़ी एक साल तक कोई टी-20 मुकाबला नहीं खेले, लेकिन वर्ल्ड कप टीम में वापसी की चर्चा तेज है। अब सिलेक्टर्स के सामने नए समीकरण तलाशने और फिर खिलाड़ियों को उनके रोल में ढालने की चुनौती है। भारतीय टीम में सबसे ज्यादा माथापच्ची ओपनिंग स्लॉट्स को लेकर है, जहां 5 मजबूत दावेदार हैं।

### एक नजर इन खिलाड़ियों के टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की संभावनाओं पर

#### यशस्वी जायसवाल



यशस्वी ने भारत के लिए इसी साल अगस्त में टी20 डेब्यू किया और तब से लगातार टीम का हिस्सा हैं। वे वर्ल्ड कप में ओपनिंग के सबसे बड़े दावेदार हैं। इसकी वजह है पहली गेंद से अटैक करने की क्षमता। पिछले टी-20 वर्ल्ड कप से अब तक 132 खिलाड़ी दुनियाभर में ओपनिंग कर चुके हैं, इनमें पहली 10 गेंदों में यशस्वी का 167.51 का स्ट्राइक रेट दूसरा सबसे बेहतर है। लेग स्पिन भी डाल सकते हैं।

#### रोहित शर्मा



नवंबर 2022 में आखिरी टी-20 खेलने वाले रोहित टीम में वापसी की तैयारी में हैं। जाहिर तौर पर वे खेले तो प्रमुख ओपनिंग बल्लेबाज होंगे। हालिया वनडे वर्ल्ड कप में उन्होंने 126 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए और वे ये कारनामा टी20 फॉर्मेट में भी कर सकते हैं। हार्दिक पंड्या की फिटनेस पर संशय को देखते हुए उनके कप्तानी करने की भी चर्चा है।

#### शुभमन गिल



वर्ल्ड कप के बाद गिल टी20 फॉर्मेट के ओपनर की रेस में सबसे आगे थे। तब से वे अपनी पारी की हर 16वीं गेंद पर छक्का जमा रहे हैं। आईपीएल 2023 में उन्होंने 890 रन बनाए। हालांकि, रोहित वापस आते हैं तो अंतिम-11 में जगह मुश्किल होगी। लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन को देखते हुए यशस्वी को तरजीह दी जा सकती है।

#### ऋतुराज गायकवाड



गायकवाड़ टी20 फॉर्मेट में स्पिन गेंदबाजी के शानदार खिलाड़ियों में से एक हैं। पिछले टी20 वर्ल्ड से अब तक स्पिन के खिलाफ वे 47 के औसत और 166 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। वर्ल्ड कप में विंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए टीम में उनकी जगह बन सकती है। हालांकि, शुरूआत में उनका धीमा स्ट्राइक रेट भी चिंता का विषय है, लेकिन लंबी पारियां खेलते हैं।

#### ईशान किशन

ओपनिंग के दावेदारों में ईशान किशन अकेले विकेटकीपर हैं। केएल राहुल के अलावा वर्ल्ड कप टीम में इशान इकलौते विकेटकीपर



नजर आते हैं। वे ओपनिंग और विकेटकीपिंग स्लॉट एक साथ भर सकते हैं। पिछले वर्ल्ड कप से अब तक 13 मैचों में उनका औसत 19.46 और स्ट्राइक रेट 111.94 का है।

## एक नजर

### राजेश ने की धुआंधार बल्लेबाजी, पीडब्ल्यूडी ने जीता मैच

**लखनऊ।** इंटर आफिस क्रिकेट टूनार्मेंट में पीडब्ल्यूडी ने सेतु निगम को एक विकेट से हरा दिया। इस मैच में पीडब्लयूडी के राजेश सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी शानदार की। सेतु निगम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 107 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज रोहन मात्र पांच रन पर आउट हो गये। वहीं आमोद शर्मा ने दो रन बनाया, जबकि अजय गौतम और नवाज ने 26-26 रन का योगदान दिया। सुदीश पांडेय ने 11 रन बनाये। वहीं पीडब्ल्यूडी की टीम ने 17वें ओवर में ही नौ विकेट गंवाकर 111 रन बना लिये और मैच को एक विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अवनीश ने छह रन बनाये। वहीं राजेश सिंह ने मात्र 18 बाल पर 23 रन बनाये और अंत तक क्रीज पर जमे रहे। राजेश ने दो विकेट भी लिये, जबकि राका और विजय ने 16-16 रन का योगदान दिया।

### पीकेएल 10 के मुकाबले में यू मुंबा की चुनौती के लिए तैयार यूपी योद्धा

**अहमदाबाद।** जीएमआर समूह के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी यूपी योद्धा यू मुंबा के खिलाफ अपने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 10 अभियान की शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यूपी योद्धा, जिन्होंने कुछ दिन पहले प्रतिष्ठित रेडर परदीप नरवाल को अपना कप्तान घोषित किया था, अपने शुरूआती मुकाबले को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि प्रो कबड्डी लीग पहली बार कोविड-19 के बाद घरेलू और विदेशी प्रारूप में लौट रही है। एलिमिनेटर चरण में बाहर होने के बाद यूपी योद्धा ने 22 मैचों में 71 अंकों के साथ चौथे स्थान पर अपना सीजन नौ अभियान समाप्त किया था। इस सीजन में योद्धा की टीम दो साल के अंतराल के बाद 29 दिसंबर 2023 से 3 जनवरी 2024 तक नोएडा इंडोर स्टेडियम, नोएडा में अपना होम लेग खेलेगी।

# न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किये 4,000 रन

**एजेंसी। सिलहट**



न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 4,000 रन पूरे कर लिए हैं। मिशेल ने सिलहट में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। मैच में, मिशेल ने बल्ले के साथ अच्छा प्रदर्शन करते हुए, पहली पारी में 41 और दूसरी पारी में 58 रन बनाए। मिशेल ने 114 अंतरराष्ट्रीय मैचों में, 41.43 के औसत से 4,061 रन बनाए हैं। उनका सबसे अच्छा स्कोर 190 है। मिशेल के पास 117 पारियों में 117 पारियों में 11 शताब्दियों और 19 पचास हैं। मिशेल ने 19 टेस्ट खेले हैं, 56.60 के औसतन 1,415 रन बनाए हैं, जिसमें 29 पारियों में पांच शताब्दियों और नौ अर्द्धशतक हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 190 है। मिशेल के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 117 पारियों में 11 शतक और 19 अर्द्धशतक दर्ज हैं। मिशेल ने 19 टेस्ट खेले हैं, 56.60 के औसतन 1,415 रन बनाए हैं, जिसमें 29 पारियों में पांच शतक और नौ अर्द्धशतक हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 190 रन है। ऑलराउंडर भी एकदिनी क्रिकेट में भी 98.07 की स्ट्राइक रेट के साथ 52.56 की औसत से 1,577 रन बनाए हैं। उन्होंने 134 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ, प्रारूप में छह शतक और पांच अर्द्धशतक बनाए हैं। उन्होंने 56 टी-20 अंतरराष्ट्रीय भी खेला है, जिसमें 24.86 के औसत से 1,069 रन बनाए हैं, जिसमें 72*का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। उन्होंने प्रारूप में पांच अर्द्धशतक बनाए हैं और उनके रन 137 से अधिक की स्ट्राइक रेट से आए हैं। मिशेल भारत में एक अविश्वसनीय आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के बाद टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश पहुंचे। विश्व कप में उन्होंने 69 की औसत और 111 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 552 रन बनाए, जिसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल है। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में तईजुल इस्लाम की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश ने शनिवार को इतिहास रचते हुए सिलहट टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को 150 रनों से करारी शिकस्त देकर कीवी टीम के खिलाफ अपनी पहली घरेलू टेस्ट जीत दर्ज की।

### खेलो इंडिया पैरा गेम्स सबसे कठिन टूनार्मेंट होने जा रहा है: शीतल देवी

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया पैरा गेम्स 10 दिसंबर, 2023 से पहली बार राजधानी दिल्ली में शुरू हो रहा है। पहली बार, देश के पैरा सितारे इस बहुप्रतीक्षित टूनार्मेंट में अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। इन सितारों में से एक शीतल देवी, जो पहली महिला आर्मलेस-आर्चर है, प्रतियोगिता में अपना कौशल दिखाएंगी। शीतल ने चीन के हांग्जो में चौथे एशियाई पैरा खेलों में डबल गोल्ड मेडल जीता और इसके कुछ ही दिनों बाद, दो टीम इवेंट गोल्ड और एक व्यक्तिगत कांस्य जीता, जो कि बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित एशियाई पैरा चैम्पियनशिप में था। वह पहले से ही पेरिस पैरालिम्पिक्स, 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक कोटा सुरक्षित कर चुकी हैं और अब उनका लक्ष्य इस बार जम्मू और कश्मीर के लिए और पदक जीतने पर हैं। शीतल ने एक आधिकारिक बयान में कहा, अपने घर में और अपने साथी खिलाड़ियों के साथ खेलना थोड़ा अजीब सा लगेगा, क्योंकि सब एक दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं।

# 4,130 मीटर ऊंचे अन्नपूर्णा बेस कैंप की ट्रैकिंग पर जाएंगे रांची के नौ ट्रैकर

**एजेंसी। रांची**

रांची टीम में कुल 14 सदस्य, तीन दिसंबर से शुरू होगी चढ़ाई, डेढ़ महीने से कठिन तैयारी में जुटे हैं सभी सदस्य,पर्वतारोही सत्यरूप सिद्धांत हैं टीम लीडर। नेपाल में स्थित दुनिया के 10 वें सबसे ऊंचे पर्वत समूह अन्नपूर्णा बेस कैंप की ट्रैकिंग के लिए 14 लोगों की टीम अपनी तैयारी पूरी कर चुकी है। यह टीम तीन दिसंबर से बेस कैंप की चढ़ाई शुरू करेगी। 4130 मीटर ऊंचे इस अन्नपूर्णा बेस की ट्रैकिंग सामरूंग से शुरू होगी। 14 लोगों की इस टीम में रांची शहर से अकेले नौ लोग शामिल हैं। टीम में सबसे अधिक उम्र 56 वर्ष के शख्स राजीव गुप्ता और प्रवीण राजगढ़िया हैं। जबकि सबसे कम उम्र की प्रतिभागी 16 साल की रिया कोच्चीकर हैं। टीम में रांची के राजीव गुप्ता, प्रवीण राजगढ़िया, तुहिनिका प्रसाद, श्रवण कुमार अग्रवाल, सत्यरूप सिद्धांत, संजय कुमार यादव, नंदिनी श्रवण अग्रवाल, ब्रजेश कुमार, अमित मोदी, राहुल राजगढ़िया शामिल हैं। अन्नपूर्णा बेस कैंप अपनी चुनौतियों, खूबसूरत वादियों और रंग-बिरंगी फूलों के लिए प्रसिद्ध है। यहां ट्रेकिंग के लिए प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में वे लोग पहुंचते हैं, जिन्हें माउंटेनिंग में रुचि होती है। 4130 मीटर ऊंचे अन्नपूर्णा बेस कैंप की चढ़ाई के लिए टीम के प्रत्येक सदस्य का हौसला बुलंद है। रांची के सभी सदस्यों ने इस कठिन चुनौती के लिए खुद को शारीरिक और मानसिक तौर पर तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।



#### प्रसिद्ध पर्वतारोही सत्यरूप हैं टीम लीडर

ट्रैकिंग टीम के लीडर प्रसिद्ध पर्वतारोही व गिनीज बुक रिकॉर्ड होल्डर सत्यरूप सिद्धांत हैं। इनकी अगुवाई में ही सभी लोग अन्नपूर्णा बेस कैंप की यात्रा करेंगे। आइडिएट इंस्पायर इग्नाइट फाउंडेशन के डायरेक्टर व टीम के सदस्य राजीव गुप्ता ने बताया कि बीते 20 अगस्त को रांची में एवरेस्ट समिट कराया गया था। इस समिट से ही सभी इस कठिन यात्रा के लिए मोटिवेट हुए हैं। हमारी कोशिश है कि रोमांचकारी और साहसिक गतिविधियों के माध्यम से झारखंड में भी ट्रैकिंग को बढ़ावा दे सकें। प्रकृति हमें बहुत कुछ सिखाती है।

# जूनियर व सब जूनियर हॉकी चैंपियनशिप का आज से

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नवंबर में तमिलनाडु के कोविलपत्ती में जोन बी में मैचों के सफल समापन के बाद, पहला हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर मेन एकेडमी चैंपियनशिप 2023 -(जोन ए) 3 दिसंबर से नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में शुरू होने वाली है। राउंड-रॉबिन लीग स्टेज में 10 टीमों को जूनियर श्रेणी में दो पूलों में विभाजित किया जाएगा, जबकि 8 टीमों को उप जूनियर श्रेणी में दो पूलों में विभाजित किया जाएगा। जूनियर श्रेणी में पूल ए में, आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स कंपनी, भाई बेहलो हॉकी अकादमी, घुमानरा राइसर अकादमी, हर हॉकी अकादमी और सल्यूट हॉकी अकादमी पूल का हिस्सा हैं, जबकि पूल बी में मार्कंडेश्वर हॉकी अकादमी, चीमा हॉकी अकादमी, नामधारी स्पोर्ट्स एकेडमी, राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी और राजा करण हॉकी अकादमी शामिल हैं। उप जूनियर श्रेणी में पूल ए में भाई बेहलो हॉकी अकादमी, हर हॉकी अकादमी, मार्कंडेश्वर हॉकी अकादमी और राजा करण हॉकी अकादमी शामिल हैं। पूल बी में चीमा हॉकी अकादमी, घुमानरा राइसर अकादमी, राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब और सैल्यूट हॉकी अकादमी शामिल हैं। प्रत्येक पूल की शीर्ष दो टीमें टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में आगे बढ़ेंगी, जो 9 दिसंबर को होने वाली है। महत्वपूर्ण फाइनल के साथ 3/4 वें स्थान का मैच 10 दिसंबर को होने वाला है। आगामी टूनार्मेंट को लेकर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्म श्री डॉ.दिलीप तिर्की ने कहा, ह्लहम एक और घरेलू हॉकी इवेंट पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब-जूनियर मेन एकेडमी चैंपियनशिप 2023 (जोन ए), के शुरू होने से खुश हैं।



### पैरा ओलंपिक के सभी विजेता खिलाड़ियों किया गया सम्मानित

**रांची।** बिरसा विकलांग उत्थान एवं कल्याण ब्लेसिंग सेंटर में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया गया कार्यक्रम में पैरा ओलंपिक फीमेल स्क्वाड के सभी जीते हुए खिलाड़ियों एवं उनके कोच मुकेश कंचन को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया । संस्था के सचिव राजू सिंह ने कहा कि आज के इस युग में अपने बच्चों को दिव्यांगों के प्रति समर्पण एवं सद्भावना की सीख देना अपने आप में काफी गरिमामयी बात है और पूरी संस्था तहे दिल से खिलाड़ियों की शुक्रगुजार है जिन्होंने दिव्यांगता को परे रख झारखंड का नाम संपूर्ण देश में जागृत किया । दीपशिखा फाउंडेशन की क्लीनिकल मनोचिकित्सक डॉ अनुराधा वत्स ने संस्था के प्रति समर्पित लोगों की प्रशंसा के साथ दिव्यांगों के मनोबल को बढ़ाते हुए अपने शब्दों से पूरे आगंतुकों को को भाव विभोर कर दिया। अंत में संस्था के आशीष,रंजन सिंह जिटो टीम की सभी सदस्य, सुदीप्त सरकार ने दिव्यांगों को प्रेरित कर समाज में उन्हें सम्मान, प्यार, सद्भावना हेतु सभी को जागरूक किया।

## मैच-2 मैकेनिकल चैलेंजर्स बनाम इलेक्ट्रोब्लास्टर्स



### टॉस जीतकर ब्लास्टर्स ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया

ब्लास्टर्स ने 11.2 ओवर में 96 रन बनाए।कार्तिक-41 और नीतीश ने 26 रन बनाए। जवाब में मैकेनिकल ने 10.3 ओवर में 97/1 का स्कोर बनाया। धीमान ने 47 रन बनाए और मृणाल-23 के साथ नॉट आउट रहे। धीमान को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैकेनिकल ने 9 विकेट से जीत दर्ज की।

# प्लेयर ऑक्शन में 165 क्रिकेटर, इनमें 104 भारतीय और 61 विदेशी खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** टाटा महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे संस्करण के लिए मुंबई में 09 दिसंबर को होने वाले प्लेयर ऑक्शन में कुल 165 क्रिकेटर शामिल होंगे। 165 खिलाड़ियों में से 104 भारतीय और 61 विदेशी खिलाड़ी हैं, जिनमें से 15 खिलाड़ी एसोसिएट देशों से हैं। कुल कैप्ड खिलाड़ी 56 और अनकैप्ड खिलाड़ी 109 हैं। पांच टीमों के पास अधिकतम 30 स्लॉट उपलब्ध हैं, जिसमें 9 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। इन 30 स्लॉटों में दिल्ली के पास चार (1 ओवरसीज) स्लॉट उपलब्ध हैं। वहीं, गुजरात के पास सबसे ज्यादा 10 स्लॉट हैं, जिनमें 3 ओवरसीज हैं। इसके अलावा मुंबई के पास 5 (1 ओवरसीज), आरसीबी के पास 7 (3 ओवरसीज) और यूपी के पास 5 (1 ओवरसीज) स्लॉट उपलब्ध हैं। 50 लाख रुपये उच्चतम आरक्षित मूल्य है, जिसमें 2 खिलाड़ी - डींड्रा डॉटिन और किम गर्थ शामिल हैं।

### यूपी के सैयद खालिद ने ट्रैक साइकिलिंग में जीता स्वर्ण

**रांची।** उत्तर प्रदेश के सैयद खालिद बागी ने 75वीं सीनियर, 52वीं जूनियर एवं 38वीं राष्ट्रीय सब जूनियर होने वाली राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में सब जूनियर बालक वर्ग की 500 मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इस जीत पर प्रदेश के विभिन्न खेल एसोसिएशन के पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने खालिद को बधाई दी है। उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के महासचिव आरके गुप्ता ने बताया कि रांची (झारखंड) में 30 नवंबर से 4 दिसंबर तक आयोजत चैंपियनशिप में मुरादाबाद के सैयद खालिद बागी ने 00:34.929 सेकेंड का समय निकालते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की।झारखंड के विकास को 00:35.590 सेकेंड के समय के साथ रजत और झारखंड के ही नारायण महतो को 00:35.845 के समय के साथ कांस्य पदक मिला। लखनऊ ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ.आनंद किशोर पांडेय व उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आयोजन

## राष्ट्रीय विद्यालय खेल में कई खेलों में शिरकत करेंगे खिलाड़ी

# राज्य की भागीदारी के लिए बच्चों को मिल रहा प्रशिक्षण



**एजेंसी। रांची**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तहत राष्ट्रीय विद्यालय खेल में झारखंड राज्य की भागीदारी को लेकर एथलेटिक्स, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, खोखो, जिमनास्टिक, तीरंदाजी व बैंड का विशेष प्रशिक्षण शिविर चलाया जा रहा है। खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास हेतु उनके पढ़ाई के साथ पौष्टिक आहार, आवासन इत्यादि की सुविधा हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के फ्लैट्स व खेल गांव एथलेटिक्स स्टेडियम में दी गई है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी सह एसजीएफआई के नोडल पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने बताया कि खेलो झारखंड के तहत विद्यालय, प्रखंड, जिला स्तर एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर राज्य के विभिन्न जिलों के चयनित बच्चों को कैंप में खेल के साथ साथ शिक्षा की सुविधा भी दी जा रही है। इसके लिए प्रशिक्षण उपरांत सभी अपने क्लास के अनुसार पढ़ाई कर रहे हैं।

### झारखंड शिक्षा परियोजना आयोजन स्थल

- **एथलेटिक्स:** बालक एवं बालिका अंडर 14 वर्ष, 17 वर्ष, 19 वर्ष तक प्रशिक्षण शिविर स्थल बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, होटवार, खेलगांव।
- **राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजन स्थल:** राष्ट्रीय एसजीएफआई प्रतियोगिता अंडर 14 बालक एवम बालिका झ्र 16 से 20 दिसंबर 2023 ,लखनऊ (उत्तर प्रदेश) अंडर-19 बालक एवम बालिका 26 से 30 दिसंबर चंद्रपुर (महाराष्ट्र)
- **फुटबॉल:** अंडर 17 बालक एवं बालिका प्रशिक्षण स्थल-खेलगांव।
- **राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजन स्थल:** अंडर 17 बालक 27 दिसंबर से 5 जनवरी तक पोर्ट ब्लेयर अंडमान निकोबार। अंडर 17 बालिका 25 से 29 दिसंबर, सारण (बिहार)।
- **खो-खो:** अंडर-19 बालक एवम बालिका प्रशिक्षण- स्थल खेलगांव।
- **राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजन स्थल:** अंडर-19 बालक एवं बालिका 12 से 16 दिसंबर, नासिक (महाराष्ट्र)।
- **बास्केटबॉल:** अंडर 17 एवं 19 बालक प्रशिक्षण शिविर स्थल-हरिवंश, टाना भगत, खेलगांव।
- **राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजन स्थल:** अंडर-19 बालक 6 से 11 जनवरी, 2024 पटियाला (पंजाब)।
- **वॉलीबॉल:** अंडर 14 बालक एवं बालिका हरिवंश ताना भगत, खेलगांव।
- **राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजन स्थल:** अंडर 14 बालक एवं बालिका 22 से 26 दिसंबर भुवनेश्वर (उड़ीसा)
- **तीरंदाजी:** अंडर 14 ,17 ,19 बालक एवम बालिका प्रशिक्षण स्थल सिल्ली।
- **राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजन स्थल:** अंडर 14 बालक एवम बालिका 13 से 14 दिसंबर नाडियाड (गुजरात) अंडर 17 बालक एवं बालिका 17 से 18 दिसंबर नाडियाड (गुजरात) अंडर-19- बालक एवम बालिका 9 से 10 दिसंबर नाडियाड (गुजरात)।
- **जिमनास्टिक :** अंडर 14, 17, 19 बालक एवं बालिका प्रशिक्षण स्थल-सेरसा, (चाईबासा)।
- **राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजन स्थल:** 16 से 23 दिसंबर (नई दिल्ली)।

# जूनियर हॉकी पुरुष विश्व कप में भाग लेने भारतीय टीम रवाना

**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम आज बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मलेशिया के कुआलालंपुर के लिए रवाना हुई, जहां टीम 5 दिसंबर से 16 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 में हिस्सा लेगी। भारत टूनार्मेंट के पिछले संस्करण में चौथे स्थान पर रहा था, जो कि 2021 में भुवनेश्वर, भारत में आयोजित किया गया था। भारत को स्पेन, कोरिया और कनाडा के साथ पूल सी में रखा गया है, जबकि गत चैंपियन अर्जेंटीना चिली, ऑस्ट्रेलिया और मेजबान मलेशिया के साथ पूल ए में है। जर्मनी, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और मिस्त्र पूल बी में हैं, जबकि नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, बेल्जियम और पाकिस्तान पूल डी में हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 5 दिसंबर को कोरिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। उनका अगला



मैच 7 दिसंबर को स्पेन के खिलाफ होगा और अंतिम पूल स्टेज मैच 9 दिसंबर को कनाडा के खिलाफ होगा। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने को लिए भारत को पूल सी में शीर्ष दो में रहना होगा।भारतीय टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने टूनार्मेंट को लेकर कहा, आखिरी बार हमें 3-4 स्थान के लिए हुए मैच में फ्रांस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन अब टीम पहले से कहीं बेहतर और कहीं ज्यादा मजबूत है। वहीं, उप-कप्तान अरिजीत सिंह हुंडल ने कहा, पिछले विश्व कप के बाद से टीम काफी बढ़ गई है। हमने सुल्तान जोहोर कप 2022 और जूनियर एशिया कप जीता और हाल ही में सुल्तान जोहोर कप 2023 में तीसरे स्थान पर रहे।

## एक नजर

### जीएसटी संग्रह आठ महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** देश का सकल जीएसटी राजस्व नवंबर में 15 फीसदी बढ़कर आठ महीने के उच्चतम स्तर 1,67,929 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वित्त मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, यह 2023-24 के दौरान किसी भी महीने में अब तक एकत्र किया गया सबसे अधिक जीएसटी है। छठी बार 2023-24 में सकल मासिक जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। पूरे वित्त वर्ष में नवंबर तक समेकित सकल जीएसटी संग्रह 13,32,440 करोड़ रुपये हो गया है, जो औसतन 1.66 लाख रुपये प्रति माह है। यह पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11.9 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने आईजीएसटी से सीजीएसटी को 37,878 करोड़ रुपये और एसजीएसटी को 31,557 करोड़ रुपये का निपटान किया है। नियमित निपटान के बाद नवंबर 2023 में केंद्र और राज्यों का कुल राजस्व सीजीएसटी के लिए 68,297 करोड़ रुपये और एसजीएसटी के लिए 69,783 करोड़ रुपये है।

### जीडीपी अनुमान से उछला निफ्टी, अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सितंबर तिमाही में उम्मीद से ज्यादा तेज आर्थिक वृद्धि और वैश्विक ब्याज दर परिदृश्य को लेकर उम्मीद बढ़ने से निफ्टी शुक्रवार को ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया। मिड-स्मॉल कैप सेगमेंट में भी भारी बढ़ोतरी हुई। एसएएस ऑनलाइन के संस्थापक और सीईओ श्रेय जैन ने ये बात कही है। निफ्टी 134.75 अंक या 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 20,267.90 पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 492.75 अंक या 0.74 प्रतिशत चढ़कर 67,481.19 पर पहुंच गया, जो अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 67,927.23 से सिर्फ 446 अंक दूर है। हालांकि शुक्रवार के आंकड़े और अधिक हो सकते थे, लेकिन रविवार को आने वाले चुनाव परिणामों के कारण निवेशकों ने सावधानी बरती। लेकिन डेटा निफ्टी के लिए संभावित रैली का संकेत देता है।

### नवंबर में मारुति सुजुकी ने 1.64 लाख कारें बेचीं

**नई दिल्ली।** देश की लीडिंग ऑटोमोबाइल कंपनियों ने साल नवंबर में मोटर्स और बजाज ऑटो की टोटल सेल सालाना आधार पर 31% बढ़ी है। वहीं मारुति सुजुकी ने भी 1.64 लाख कारें बेची हैं। पिछले साल के मुकाबले यह 3% ज्यादा है। टाटा मोटर्स ने इस दौरान 74,172 गाड़ियां बेची हैं। हालांकि, पिछले साल के नवंबर के मुकाबले इसमें करीब 2% की कमी हुई है। ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री की ओवरऑल ग्रोथ की बात करें तो टू-व्हीलर के होलसेल सेगमेंट के सालाना आधार पर 25% बढ़ने का अनुमान है। वहीं मीडियम और हैवी कॉमर्शियल व्हीकल की बात करें तो इसमें पिछले साल के मुकाबले 12% तक की ग्रोथ आ सकती है। फेस्टिव सीजन के 42 दिन में 37.93 लाख गाड़ियां बिकीं पिछले साल के मुकाबले 19% ज्यादा सेल हुई, सबसे ज्यादा टू-व्हीलर्स बिके इस साल फेस्टिव सीजन के दौरान भारतीय बाजार में गाड़ियों की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है।

# मेटा ने भारत में एफबी से 3.36 करोड़ व इंस्टा से 3.7 करोड़ कंटेंट हटाये

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मेटा ने कहा कि उसने अक्टूबर में भारत में फेसबुक की 13 नीतियों में 3.36 करोड़ से अधिक सामग्री और इंस्टाग्राम की 12 नीतियों में 34 लाख से अधिक कंटेंट हटा दिये। इस साल अक्टूबर में फेसबुक को भारतीय शिकायत तंत्र के माध्यम से 12,960 रिपोर्टें प्राप्त हुईं। उसने बताया कि 5,201 मामलों में यूजरों को उनके मुद्दों को हल करने के लिए उपकरण प्रदान किए गए। मेटा ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा, इनमें विशिष्ट उल्लंघनों के लिए कंटेंट की रिपोर्ट करने के लिए पूर्व-स्थापित चैनल, स्व-उपचार प्रवाह जहां वे अपना डेटा डाउनलोड कर सकते हैं, खाता हैक किए गए मुद्दों को संबोधित करने के रास्ते आदि शामिल हैं। मेटा ने कहा, अन्य सात




हजार 759 रिपोर्टों में से जहां विशेष समीक्षा की आवश्यकता थी, हमने अपनी नीतियों के अनुसार कंटेंट की समीक्षा की, और कुल दो हजार 132 रिपोर्टों पर कार्रवाई की। शेष पाँच हजार 627 रिपोर्टों की समीक्षा की गई, लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं की गई। इंस्टाग्राम पर कंपनी को भारतीय शिकायत तंत्र के माध्यम से आठ हजार 252 रिपोर्टें प्राप्त हुईं। इसमें बताया गया, इनमें से हमने दो हजार 958 मामलों में यूजरों को उनके मुद्दों को हल करने के लिए उपकरण प्रदान किए। अन्य पाँच हजार 294 रिपोर्टों में से जहां विशेष समीक्षा की आवश्यकता थी, मेटा ने कंटेंट की समीक्षा की और कुल मिलाकर एक हजार 908 रिपोर्टों पर कार्रवाई की। शेष तीन हजार 386 रिपोर्टों की समीक्षा की गई लेकिन हो सकता है कि उन पर कार्रवाई न की गई हो।

### व्हर्लपूल के शेयरों में 8 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** मूल कंपनी में अपनी हिस्सेदारी 24 फीसदी तक कम करने की घोषणा के बाद शुक्रवार को व्हर्लपूल ऑफ इंडिया के शेयरों में 8 फीसदी से अधिक की गिरावट आई। बीएसई पर व्हर्लपूल ऑफ इंडिया का शेयर 8.83 फीसदी गिरकर 1429 रुपये पर है। व्हर्लपूल कॉर्पोरेशन ने गुरुवार को 2024 में व्हर्लपूल ऑफ इंडिया लिमिटेड (व्हर्लपूल इंडिया) में अपने स्वामित्व हित का 24 प्रतिशत तक बेचने की घोषणा की थी। व्हर्लपूल वर्तमान में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के माध्यम से व्हर्लपूल इंडिया में 75 प्रतिशत स्वामित्व हित रखता है, और इस तरह के लेनदेन के पूरा होने के बाद व्हर्लपूल इंडिया में बहुमत हित बनाए रखने का इरादा रखता है।

### एसएआईसी मोटर और जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने जॉइंट वेंचर की घोषणा की

**नई दिल्ली।** फॉर्च्यून 500 कंपनी, एसएआईसी मोटर ने अग्रणी ग्लोबल बिजनेस ग्रुप्स में से एक, जेएसडब्ल्यू ग्रुप के साथ विशेष जॉइंट वेंचर की घोषणा की है। इस जॉइंट वेंचर के तहत विभिन पहलें की जाएँगी। इसमें स्थानीय सोर्सिंग को बढ़ाना, चार्जिंग के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, उत्पादन क्षमता का विस्तार और हरित गतिशीलता पर ध्यान देने के साथ साथ वाहनों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करना शामिल है। भारत में एमजी मोटर के परिवर्तन और विकास में तेजी लाना है। एसएआईसी मोटर और जेएसडब्ल्यू ग्रुप ऑटोमोबाइल नई तकनीक के क्षेत्र में संसाधनों को एक मंच पर लाकर तालमेल बनाएँगे। इस समझौते के अनुसार, जेएसडब्ल्यू के इस भारतीय जॉइंट वेंचर में 35% हिस्सेदारी होगी। यह असाधारण गतिशीलता और समाधान प्रदान करने के लिए यह इस वेंचर को उन्नत प्रौद्योगिकी प्रदान करेगा।

# टाटा-पावर ने बीकानेर ट्रांसमिशन रिन्यूएबल एनर्जी का किया अधिग्रहण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा पावर लिमिटेड ने बीकानेर ट्रांसमिशन रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट का अधिग्रहण कर लिया है। कंपनी ने बताया कि उसने करीब 1,544 करोड़ रुपए में बीकानेर-3 नीमराना-2 ट्रांसमिशन रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट के अधिग्रहण की बिडिंग यानी बोली जीती है। यह एनर्जी प्रोजेक्ट पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन की सब्सिडियरी कंपनी पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड द्वारा स्थापित एक स्पेशल परपज व्हीकल (एसपीवी) है। एसपीवी को स्पेशल परपज एंटिटी यानी एसपीई भी कहा जाता है। यह पेरेंट कंपनी द्वारा अपने फाइनेंशियल रिस्क को अलग करने के लिए बनाई गई सब्सिडियरी कंपनी होती है।

**टाटा पावर ने इस प्रोजेक्ट को लेकर क्या कहा :** टाटा पावर ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि प्रोजेक्ट में बीकानेर-क्क्क पूलिंग स्टेशन से नीमराना क्क सबस्टेशन तक 340




### 35 साल तक प्रोजेक्ट का मेंटेनेंस करेगी टाटा पावर

टाटा पावर 35 साल तक ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट का मेंटेनेंस करेगी। ट्रांसफर डेट से 24 महीने के भीतर प्रोजेक्ट के शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने यह भी कहा कि सफल शुरूआत पर यह प्रोजेक्ट 2022 में मिनिस्ट्री ऑफ पावर के रोडमैप में एक अहम कंपोनेंट के रूप में काम करेगा। इस रोडमैप का टारगेट 2030 तक 500 गीगावाट से ज्यादा रिन्यूएबल एनर्जी कैपिसिटी को नेशनल ग्रिड में इंटीग्रेट करना है। हाल ही में कंपनी की सब्सिडियरी कंपनी टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड को रखश्ठ के साथ 200 मेगावाट का फर्म एंड डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट डेवलप करने का काम सौंपा गया था। जिसमें सोलर, विंड और बैटरी स्टोरेज कंपोनेंट शामिल हैं।

किलोमीटर के ट्रांसमिशन कॉरिडोर की स्थापना शामिल है। बिल्ड-ऑन-ऑपरेट-ट्रांसफर आधार पर शुरू किया जाने वाला यह ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट है।

## विदेश

### नकली भूटानी शरणार्थी मामला

# उपप्रधानमंत्रियों को उच्च अदालत ने नहीं दी जमानत

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाली नागरिकों को नकली भूटानी शरणार्थी बनाकर अमेरिका भेजे जाने के प्रकरण में पिछले 6 महीने से न्यायिक हिरासत में रहे देश के दो पूर्व उपप्रधानमंत्रियों एवं गृहमंत्री को उच्च अदालत ने भी जमानत देने से इनकार कर दिया है। इनके साथ ही गृहमंत्री के सलाहकार, तत्कालीन गृह सचिव की जमानत याचिका भी नामंजूर हो गई है। पाटन उच्च अदालत ने इस मामले में पकड़े गए सभी हाई-प्रोफाइल लोगों की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार की देर शाम को इनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। जिन लोगों की जमानत याचिका खारिज की गई है, उनमें पूर्व उप प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री बालकृष्ण खांड, पूर्व उप प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री टोप बहादुर रायमांझी, तत्कालीन गृहमंत्री राम बहादुर थापा



के प्रमुख सलाहकार इन्द्रजीत राई, तत्कालीन गृह सचिव तथा वर्तमान में उपराष्ट्रपति कार्यालय के सचिव टेक नारायण पाण्डे सहित 10 लोग शामिल हैं। इसी मामले में बालकृष्ण खांड को लेकर दो जजों की बेंच में जमानत देने को लेकर विवाद हो गया है। एक जज ने अपने फैसले में खांड को 30 लाख रुपये के मुचलके पर जमानत पर रिहा करने का फैसला लिखा लेकिन उसी फैसले के नीचे दूसरे जज ने इस फैसले पर अपना नोट ऑफ डिसेंट लिखते हुए कहा कि जब इसी मामले में एक पूर्व गृहमंत्री की जमानत याचिका खारिज की जा रही है तो दूसरे पूर्व गृहमंत्री को कैसे जमानत दी जा सकती है? दूसरे जज की आपत्ति के बाद इस मामले में तीसरे जज को अपना मत रखने की राय दी गई है। नेपाल में रहने वाले भूटानी शरणार्थियों को अमेरिका ने अपने यहां बसाने का फैसला किया था। इसी की आड़ में करीब सात सौ नेपाली नागरिकों को नकली भूटानी शरणार्थी बनाकर अमेरिका भेजने के लिए नीतिगत रूप से हुए भ्रष्टाचार के एक मामले में कई हाई प्रोफाइल लोगों को गिरफ्तार किया गया था। नेपाली नागरिकों को नकली भूटानी शरणार्थी बनाकर अमेरिका भेजने के लिए प्रति व्यक्ति 50 लाख से लेकर एक करोड़ रुपये तक की वसूली करने के बाद पूरा का पूरा सरकारी तंत्र इसमें संलग्न हो गया था। सबसे पहले इस मामले ने नेपाल की कैबिनेट ने गृह मंत्रालय के प्रस्ताव पर एक कमेटी बनाई। उसने नेपाली नागरिकों को नकली भूटानी शरणार्थी बनाकर पेश किया। फिर उस सूची को अमेरिका भेजा गया ताकि इन सभी को अमेरिकी सरकार अपने यहां की नागरिकता प्रदान कर उनके रहने का प्रबन्ध करे।

### अमेरिकी में राष्ट्रपति चुनाव

# बाइडन को प्रतिद्वन्दी ट्रंप पसंद हैं

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन को उनकी दोबारा चुनाव की दावेदारी पर संदेह करने वाले लोग पसंद हैं, जो उनसे उनकी तुलना सर्वशक्तिमान से नहीं बल्कि विकल्प से करने के लिए कह रहे हैं। वह विकल्प इस समय उनके पूर्ववर्ती पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नजर आ रहे हैं। बाइडन और उनका खेमा ट्रंप को अपना प्रतिद्वंद्वी मानकर खुश है। दो बार महाभियोग का सामना करने वाले ट्रंप एक फिल्म अभिनेत्री को चुपचाप पैसे देने के बारे में झूठ बोलने के कारण चार कानूनी मामलों में फंस गए हैं। उनके व्यापारिक संगठन को ऋण लेने और कर देनदारी से बचने या कम करने के लिए इसके मूल्य में हेरफेर करने का दोषी ठहराया गया है। सबसे बढ़कर, बाइडन ने 2020 में ट्रम्प को हराया। 2024 के चुनावों में प्रतिद्वंद्वी के रूप में ट्रम्प के बारे



में नापसंद करने वाली क्या बात है रियल-क्लीयर पॉलिटिक्स के सर्वेक्षणों के औसत में बाइडन ट्रम्प से 1.7 प्रतिशत अंक से पीछे चल रहे हैं। लेकिन, राष्ट्रपति नामांकन के लिए अन्य रिपब्लिकन दावेदारों फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस और संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत निक्की हेली से भी पीछे हैं। एक भारतीय-अमेरिकी हेली को तीनों में से बाइडन पर 4 प्रतिशत अंकों की सबसे बड़ी बढ़त हासिल है। एक डेमोक्रेटिक रणनीतिकार ने कहा, ट्रम्प बाइडन के लिए सबसे अच्छा दांव हैं, और निश्चित रूप से हेली नहीं होगी। अब यही तस्वीर है, जब किसी का भी ध्यान आम चुनाव पर नहीं है, जो एक साल दूर है। लेकिन, जब 15 जनवरी को आयोवा कॉकस के साथ रिपब्लिकन प्राइमरीज शुरू होंगी तो देश चुनाव मोड में आ जाएगा तो चीजें बदल जाएंगी। बाइडन टीम भी चुनावों पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगी और राष्ट्रपति के अभियान के टूटे हुए तत्वों को ठीक करने का प्रयास करेगी। अभियान बाइडन और उनके प्रतिद्वंद्वी ट्रम्प, डेसेंटिस या हेली के बीच विरोधाभास का अपना संस्करण भी प्रस्तुत करेगा और उन्हें एक द्विआधारी विकल्प के रूप में प्रस्तुत करेगा। बाइडन को वर्तमान में उनके प्रशासन की उपलब्धियों और विफलताओं के आधार पर आंका जा रहा है। उनकी कुछ असफलताएं उनके प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में इतनी बड़ी विफलताएं नहीं लग सकतीं। कार्यालय में ट्रम्प का रिकॉर्ड उन्हें 2020 में फिर से निर्वाचित कराने के लिए पर्याप्त नहीं था और अगले साल चुनाव के दिन तक इस संबंध में बहुत कुछ नहीं बदलेगा।

### रणनीतिकारों को डर है कि मतदाताओं को लुभाने में विफल रह सकते हैं सुनक

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में अगले साल होने वाले आम चुनावों को देखते हुए कंजर्वेटिव पार्टी के कुछ सांसदों और रणनीतिकारों को डर है कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक मतदाताओं को आकर्षित करने में विफल रह सकते हैं। पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के सोमवार को किरियाकोस मित्सोटाकिस के साथ एक बैठक को अचानक रद्द करने के फैसले से राजनीतिक लड़ाई के बीच एक बार फिर टोरी में अशांति का डर पैदा हो गया है। कि वह अपनी तीन दिवसीय यूके यात्रा के दौरान विवादित पार्थेनन मूर्तियों के बारे में सार्वजनिक रूप से बात नहीं करेंगे, लेकिन वे उस वादे से मुकर गए। किसी ब्रिटिश प्रधानमंत्री के लिए किसी यूरोपीय सहयोगी के साथ बैठक रद्द करना लगभग अनसुना है, जो विशेष रूप से 10 डाउनिंग स्ट्रीट में उनसे मिलने के लिए गए थे।

# बाजार चढ़ने के साथ बिकवाली कर सकता है एफपीआई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शेयर बाजार एक बार फिर से उच्च स्तर पर पहुंच गया है। ऐसे में एफपीआई फिर से बिकवाली कर सकता है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने ये बात कही है। एफपीआई ने भारत में अपनी बिकवाली रणनीति को उलट दिया है। उन्होंने कहा, अमेरिकी बांड यील्ड में गिरावट और भारतीय बाजार की मजबूती ने एफपीआई को अपनी बिकवाली रोकने के लिए मजबूर किया है। पिछले छह दिनों के दौरान, एफपीआई भारत में लगातार खरीदार रहे। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में, एफपीआई प्रवाह सकारात्मक हो गया और 9,000 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीद का आंकड़ा सामने आया है, हालांकि उन्होंने नकदी बाजार में 368 करोड़ रुपये की बिकवाली की।

## पेज एक के शेष

### मिनिस्टर का बेटा करेगा...

द्वारा चतुर्थ वर्गीय पद की नौकरी स्वीकार किए जाने पर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चा चल रही है। सत्यानंद भोक्ता चतरा विधानसभा सीट से राजद के विधायक हैं। राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में वह 2019 में इस विभाग के मंत्री बनाए गए। भोक्ता अब तक तीन बार विधायक चुने गए हैं और तीसरी बार मंत्री भी बने हैं। राजद के पहले वह भाजपा और झारखंड विकास मोर्चा में रहे हैं। वर्ष 2004 में तत्कालीन अर्जुन मुंडा सरकार में उन्हें पहली बार मंत्री बनाया गया था। तब उन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मिला था। करीब चार महीने तक वे मंत्री पद रहे थे। 2004 का चुनाव जीतने के बाद अर्जुन मुंडा की अगुवाई वाली भाजपा सरकार में उन्हें पुनः शामिल किया गया और उस बार उन्हें कृषि एवं गन्ना विकास मंत्रालय की जिम्मेवारी मिली थी।

**राजस्थान में भी हैं ऐसे दो उदाहरण :** राजनीतिज्ञों के कम पढ़े-लिखे बच्चे आज जहां विधायक-सांसद व मंत्री पद पर विराजमान है वहीं ऐसे उदाहरण भी है जहां कई राजनीतिज्ञों के कम पढ़े लिखे बच्चे चतुर्थवर्गीय पद पर काम कर रहे हैं। 2018 में ऐसा ही एक मामला राजस्थान में सामने आया था। वहां तत्कालीन भापजा विधायक जगदीश नारायण मीणा के पुत्र रामकृष्ण मीणा का चयन राजस्थान विधानसभा के चपरासी पद पर हुआ था। वह महज दसवीं पास थे जबकि उस चपरासी पद के लिए 129 इंजीनियर, 23 वकील, एक चार्टर्ड एकाउंटेंट व 393 स्नातकोत्तर सहित कुल 12,453 लोगों ने आवेदन दिया था। साक्षात्कार में रामकृष्ण मीणा को 12वां स्थान मिला था। उनसे चयन पर राजनीतिक विवाद भी हुआ था और चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाया गया था। लेकिन इंटरव्यू बोर्ड की ओ से स्पष्ट किया गया कि जिस पद के लिए वेकेंसी थी उसके मापदंड पर वे अन्यों के मुकाबले ज्यादा सक्षम पाए गए थे। 2015 में भी राजस्थान के टोंक के भाजपा विधायक हीरालाल वर्मा के पुत्र हंसराज वर्मा का चयन राजस्थान कृषि विपणण बोर्ड के चपरासी पद पर हुआ था। उस समय विधायक हीरालाल वर्मा(जो कि विधायक बनने के पहले एक सरकारी अधिकारी रहे थे) ने कहा था कि उनका पुत्र महज आठवीं पास है और उसकी शैक्षणिक योग्यता चतुर्थवर्गीय पद के लिए ही है।

### कोर्ट चपरासी के...

जांच होगी तो एक बड़े गिरोह का पदार्फाश हो जाएगा।

**एक सप्ताह से चल रहा इंटरव्यू :** ज्ञात हो कि पिछले एक सप्ताह से कोर्ट में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी बहाली को लेकर साक्षात्कार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, 119 पदों के लिए 58 हजार आवेदन आया था। इनमें करीब 28 हजार आवेदन रद्द कर दिए गए हैं। शेष बचे लोगों को एडमिट कार्ड जारी कर साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। पकड़े गए आरोपितों ने बताया कि वे भी लोग आवेदन किए थे, लेकिन उनका एडमिट कार्ड नहीं आया। इसके बाद अन्य साथियों की मदद से एडमिट कार्ड तैयार कर साक्षात्कार देने आए थे। हजारीबाग व्यवहार न्यायालय के रजिस्ट्रार मोहित कुमार ने बताया कि साक्षात्कार की हर दिन की समीक्षा हो रही है और पूरे समय जिला सत्र न्यायाधीश इस पर नजर रखते हैं। शनिवार को संदिग्ध की जांच पर यह स्पष्ट हो गया कि ये लोग जाली दस्तावेज तैयार कर साक्षात्कार देने आए थे। इन्हें पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है।

### कौन होगा ...

नरोत्तम मिश्रा, कमलनाथ, जीतू पटवारी, नरेंद्र सिंह तोमर, रीति पाठक, गणेश सिंह, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते जैसे दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। वहीं 200 सदस्यों वाली राजस्थान विधानसभा में बहुमत हासिल करने वाली पार्टी को 101 के मैजिक नंबर को हासिल करना है। दो दशकों से राजस्थान में सीएम की कुर्सी बीजेपी और कांग्रेस के इर्द-गिर्द घूमती रही है। कांग्रेस के दोनों नेताओं सचिन पायलट और अशोक गहलोत ने दावा किया है कि इस बार परंपरा बदलेगी। कांग्रेस सरकार में वापस लौटेगी। भारतीय जनता पार्टी को उम्मीद है कि परंपरा कायम रहेगी और राजस्थान में सरकार बदलेगी। यहां 25 नवंबर को वोट डाले गए थे। छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीटों पर कांग्रेस और बीजेपी के बीच ही मुकाबला है। 2018 में करीब 15 साल बाद कांग्रेस राज्य की सत्ता में लौटी। बीजेपी बिना सीएम के चेहरे के छत्तीसगढ़ के मुकाबले में उतरी है, जबकि कांग्रेस का नेतृत्व सीएम भूपेश बघेल कर रहे हैं। चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही ओपिनियन पोल्स में कांग्रेस का पलड़ा भारी रहा। मगर वोटिंग के बाद नतीजे से पहले हुए एग्जिट पोल में बीजेपी भी मुकाबले में खड़ी दिखाई देने लगी। ट्राइबल इलाके में बंपर वोटिंग के कारण सीएम भूपेश बघेल कॉन्फिडेंट हैं, सरकार कांग्रेस की बनेगी। तेलंगाना विधानसभा चुनाव में इस बार कड़े मुकाबले की उम्मीद है। यहां 119 सीटो पर मुकाबला हो रहा है। लोगों की नजरें के. चंद्रशेखर राव पर टिकी हैं, जहां वह हैट्रिक की उम्मीद कर रहे हैं। ओपिनियन पोल्स और एग्जिट पोल्स में कांग्रेस पहली बार बीआरएस के कड़ी टक्कर में टक्कर में नजर आ रही है। खुद केसीआर दो विधानसभा सीटों कामारेड्डी और गजवेल से चुनाव लड़ रहे हैं। ये दोनों सीटें इस बार तेलंगाना की सबसे हॉट सीट बन गई है। गजवेल में बीजेपी के इटाला राजेंद्र भी मैदान में हैं। कामारेड्डी से रेवंत रेड्डी इस बार केसीआर को चुनौती दे रहे हैं।

### 1.11 करोड़ ...

के साथ-साथ पूरे राज्यवासियों के लिए भी काफी चिंता और डरावना का समय रहा। हम सभी लोग आपके सकुशल वापसी की प्रार्थना कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के साहस, धैर्य और बहादुरी की भी सराहना की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को उपस्थित श्रमिकों को 1 करोड़ 11 लाख रुपए से अधिक राशि की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने हेतु निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों को अबुआ आवास योजना, पेंशन योजना, आयुष्मान कार्ड, कृषि यंत्र, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पशुशेड योजना, ग्राम गाड़ी योजना समेत अन्य योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है. मुख्यमंत्री ने श्रमिकों से कहा कि कहा कि मैं स्वयं आपके रोजगार और आपको दिए जाने वाले योजनाओं की मॉनिटरिंग करूंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड टनल हादसे में फंसे आप सभी श्रमिक सकुशल अपने राज्य एवं घर आ वापस आ गए हैं, यह आपके परिवारजनों के साथ-साथ पूरे राज्यवासियों के लिए खुशी की बात है। मुख्यमंत्री ने सभी श्रमिकों को अंग वस्त्र और शॉल भेंटकर अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं।

### महुआ मोइत्रा के ...

इस सत्र में पहले से चले आ रहे आपराधिक कानूनों के स्थान पर तीन विधेयक लाने सहित प्रमुख विधेयकों के मसौदे पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। सत्र के पहले दिन सोमवार को सदन में कैश फॉर क्वेरी मामले में लोकसभा की एक समिति की रिपोर्ट भी पेश करने के लिए लिस्टेड है। उम्मीद है कि पहले ही दिन महुआ मोइत्रा के निष्कासन पर इस पर सदन की मुहर लग जाएगी। इस रिपोर्ट में तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा को निचले सदन से निष्कासित करने की सिफारिश की गई है। इस बीच लोकसभा में कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को कैश फॉर क्वेरी मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के विरूद्ध आचार समिति की कार्यवाही के मुद्दे पर शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है। अधीर रंजन चौधरी ने पत्र में सदन की मुख्य रूप से सदस्यों के अधिकारों से संबंधित संसदीय समिति प्रक्रियाओं की व्यापक समीक्षा का आग्रह किया है। चौधरी के पत्र में एथिक्स कमेटी की कार्यवाही और पारदर्शिता के संबंध में चिंता जताई गई है। इसमें कहा गया है कि विशेषाधिकार और आचार समितियों की भूमिकाओं में काफी भेद है और दंडात्मक शक्तियों के लिए साफ दिशानिर्देशों की कमी को उजागर करता है। सांसद ने इसकी गंभीरता और दूरगामी प्रभाव का हवाला देते हुए निष्कासन की अभूतपूर्व सिफारिश पर भी सवाल उठाए। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी एजेंडा सूचना के मुताबिक आचार समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सोनकर पैनल की पहली रिपोर्ट सदन के पटल पर रखेंगे। विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता में आचार समिति ने 9 नवंबर को एक बैठक के दौरान रिपोर्ट को स्वीकार की थी, जिसमें छह सदस्यों ने मोइत्रा के निष्कासन का समर्थन किया था और चार विपक्षी सदस्यों ने असहमति नोट प्रस्तुत किए थे। पैनल के जिन छह सदस्यों ने रिपोर्ट के पक्ष में मतदान किया था, उसमें कांग्रेस सांसद परनीत कौर भी शामिल थीं। उन्हें पहले पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। विपक्षी दलों से संबंधित पैनल के चार सदस्यों ने असहमति नोट प्रस्तुत किए। विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट को फिक्स्ड मैच करार दिया और कहा कि शिकायत में कोई सबूत नहीं था। मोइत्रा को तभी निष्कासित किया जा सकता है जब सदन पैनल की सिफारिश के पक्ष में वोट करे। संसद का सोमवार से शुरू होने वाला शीतकालीन सत्र हंगामेदार हो सकता है पर विपक्ष इसमें कितना शामिल होगा या कितना बहिष्कार करेगा देखना शेष है।

### फिरायालाल चौकवाला...

एक्का के नाम पर बहादुर सैनिकों की भर्ती का बड़ा केंद्र हो सकता था और लोगों का प्रेरणा स्रोत भी लेकिन दिखावटी राजनीति और सरकारों की उपेक्षा के कारण सिर्फ सजावटी विकास का प्रतीक बनकर रह गया है अल्बर्ट एक्का प्रखंड। पंजाब को वीर भूमि कहा जाता है और वहां शहीदों को सम्मान देने के लिए मंदिरों, गुरुद्वारों जैसे प्रमुख स्थलों में शहीदों के नाम की पट्टिकाएं लगाई जाती हैं और लोग बहुत श्रद्धा से उन्हें याद करते हैं जबकि झारखंड, बिहार जैसे राज्यों में मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों में अपनी नाम पट्टिका लगाने की होड़ मची रहती है जिसमें नेता सबसे आगे रहते हैं, उसके लिए लड़ाई हो जाती है। जिस समाज में शहीदों का सम्मान न होता हो शहीदों की शहादत को प्रेरणा न माना जाता हो और उनकी विधवाओं या आश्रितों को मिलने वाले मुआवजे या अन्य लाभ के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हो वहां नौकरी की इच्छा करने वाले सैनिक तो शायद बहुत मिल जाएंगे लेकिन अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश के लिए अपना बलिदान देने वाला अल्बर्ट एक्का शायद दुर्लभ हो सकता है। यह अलग बात है कि झारखंड भी वीरों की भूमि है और अपने आत्मसम्मान, स्वाभिमान और देश की रक्षा के लिए कुबार्नी देने वालों का बहुत बड़ा इतिहास है लेकिन सवाल समाज, सरकारों और मीडिया से भी जो इन शहीदों के प्रतीकों को आज भी पुराने व्यावसायिक नामों से याद करते हैं और इसीलिए नई पीढ़ी के बच्चे पूछते हैं कौन अल्बर्ट एक्का फिरायालाल चौक वाला?

### पारिवारिक विवाद के ...

यह समझ में नहीं आ रहा है। इधर, पुलिस उस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा से घटना को फुटेज खंगाल रही है। पुलिस अफसरों का कहना है कि इस घटना को अंजाम देने वाले जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

**धारदार हथियार से मारकर की गई थी संजय की हत्या :** बूटी बस्ती निवासी सात गांव के पाहन संजय पाहन की अपराधियों ने गुरुवार की रात घर के आंगन में खून से लथपथ पड़े थे। उनके कराहने की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य उन्हें आनन-फानन में रिम्स ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी थी। संजय के सिर पर चोट और पीठ में गोली लगने के निशान मिले हैं। मामले में पत्नी के बयान पर सदर थाने में हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है।




## एक नजर

### छग : आईईडी ब्लास्ट में दो जवान घायल

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बारसूर थाना क्षेत्र के बारसूर -पल्ली मार्ग पर ब्रिज के पास शनिवार सुबह आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ 195 बटालियन के दो जवान घायल हो गए। नक्सलियों ने जवानों को निशाना बनाने के लिए बैनर और पोस्टर के नीचे आईईडी लगा रखी थी। इसकी चपेट में आने से जवान घायल हुए हैं। दोनों जवानों को अस्पताल भेज दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर के बर्मन ने घटना की पुष्टि की है। नक्सली दो दिसंबर से आठ दिसंबर तक पीएलजीए सप्ताह की 23वीं वर्षगांठ मनाने के लिए बारसूर-पल्ली मार्ग पर बड़ी संख्या में बैनर और पोस्टर लगाए हैं। यहीं पर नक्सलियों ने प्रेशर आईईडी में लगा रखी थी।

### लद्दाख में 3.4 की तीव्रता का भूकंप

**लद्दाख।** लद्दाख में शनिवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता कम होने के चलते किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार सुबह 8 बजकर 25 मिनट पर लद्दाख में रिक्टर पैमाने पर 3.4 की तीव्रता के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई में आया, जिसका अक्षांश 35.44 और लंबाई 77.36 है।

### ईडी ने मछली टैंकों से जुड़े मामले में की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मछली टैंकों के निर्माण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड के तहत लोन की मंजूरी में धोखाधड़ी के संबंध में जांच के लिए आंध प्रदेश और तेलंगाना में छह जगहों पर तलाशी ली। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह तलाशी अभियान(पीएमएलए)- 2002 के प्रावधानों के तहत चलाया है। ईडी ने एक्स पर बताया कि मछली टैंकों के निर्माण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड के तहत ऋण की मंजूरी में धोखाधड़ी के मामले में जांच के लिए छह स्थानों पर तलाशी ली गई।

### तमिलनाडु के करीब पहुंचा मिचौंग तूफान

**नई दिल्ली।** मिचौंग तूफान तमिलनाडु के करीब पहुंच गया है। इसके मद्देनजर भारत मौसम विज्ञान विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया। विभाग ने शनिवार को एक्स पर बताया कि दक्षिण -पश्चिम की तरफ से निम्न दबाव का क्षेत्र पिछले छह घंटों के दौरान आगे उत्तर -पश्चिम की ओर बढ़ गया है। यह निम्न दवाब का क्षेत्र गहरे दबाव क्षेत्र में बदल गया है। आज सुबह साढ़े पांच बजे तक पुदुचेरी के लगभग 500 कि.मी., चेन्नई के 510 कि.मी. और नेल्लोर से 630 कि.मी. पर केंद्रित था। अगले 24 घंटों के दौरान इसके पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने और चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले

# गरीबों को बराबरी पर लाने का निश्चय



**एजेंसी। जूनागढ़**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात के गिर सोमनाथ में विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित किया। अमित शाह ने कहा कि भारत को हर क्षेत्र में विकसित, सर्वप्रथम और आत्मनिर्भर सिर्फ 130 करोड़ भारतीय बना सकते हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यह यात्रा देश के हर क्षेत्र में जाएगी। हम सबने विकसित भारत का जो संकल्प लिया है, वह शब्द मात्र नहीं, बल्कि देश के करोड़ों गरीबों को सबके बराबर लाने का पुनीत विचार है। इसमें हमें सबके संकल्प के बल को जोड़ना है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके तीन उद्देश्य देशवासियों के सामने रखे थे। पहला, आजादी की लड़ाई के दौरान जाने-अनजाने सभी बलिदानियों को याद करना और युवा पीढ़ी को आजादी के इतिहास के साथ जोड़ना। दूसरा उद्देश्य था, पिछले 75 वर्षों में देश द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों पर गौरव करना और उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना। तीसरा उद्देश्य था, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखना और उस पर गौरवान्वित महसूस करना। शाह ने कहा कि आजादी के 75 सालों में एक विकसित भारत का संकल्प लेकर 75 से 100 साल तक के 25 सालों की यात्रा में सबके सामूहिक प्रयासों से भारत को विश्व में सर्वप्रथम बनाने का संकल्प लेना भी आजादी के अमृत महोत्सव का एक उद्देश्य था। उन्होंने कहा कि इस संकल्प की सिद्धि के लिए प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की कल्पना की है, जो देश की हर पंचायत तक जाएगी और मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जागरूकता और उनका लाभ सभी तक पहुँचाने का काम करेगी।

### करोड़ों लोगों को मूलभूत सुविधाएं दीं

शाह ने कहा कि वर्ष 2014 तक देश में करोड़ों लोग ऐसे थे जिनके पास घर,गैस कनेक्शन, शौचालय, पीने का पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं तक नहीं थीं और इन करोड़ों लोगों को हर सुविधा के लिए संघर्ष करना पड़ता था। 2014 में नरेन्द्र मोदी की सरकार ने संकल्प किया कि हर घर में बैंक खाता, गैस कनेक्शन, शौचालय, नल से जल होगा और हर व्यक्ति के स्वास्थ्य का 5 लाख रुपए तक का खर्च सरकार उठाएगी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के करोड़ों लोगों को प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज मुफ्त दिया और इन करोड़ों लोगों को मूलभूत सुविधाएं देकर इनके जीवन को बदलने की शुरूआत की। सिर्फ बैंक खाता खुलने से कई तरह के फायदे हुए और अब देश के किसानों के खाते में सालाना 6 हजार रुपए केन्द्र सरकार द्वारा जमा कर दिए जाते हैं।

### गुजरात सरकार जनता तक पहुंचाई योजनाएं

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सभी जनकल्याणकारी योजनाओ को हर व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने 5 लाख रुपए तक का आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड दिया, जिसे गुजरात सरकार ने 10 लाख रुपए तक कर दिया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, उनके सपनों के भारत का निर्माण करना हमारी जिम्मेदारी है और इसे हमें अपने संकल्पबल से पूरा करना है।

# पीएम मोदी कॉप-28 शिखर सम्मेलन के बाद भारत लौटे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

शिखर सम्मेलन के भाषणों, द्विपक्षीय बैठकों और खाड़ी अमीरात में विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार रात भारत पहुंचे। पीएम मोदी ने इस शिखर सम्मेलन को 'उत्पादक कॉप-28 शिखर सम्मेलन' बताया। इससे पहले, मोदी के लिए आज का दिन काफी व्यस्तता भरा रहा। यह दिन विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में संबोधन और द्विपक्षीय बैठकों वाला रहा। साथ ही 'ग्रीन क्रेडिट इनिशिएटिव' की शुरूआत की गई। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर दो मिनट की अवधि का एक वीडियो पोस्ट किया। जिसमें उनके दिन भर के कार्यक्रम की झलक पेश की गई। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया- धन्यवाद, दुबई। यह एक सार्थक कॉप-28 शिखर सम्मेलन रहा। आइये हम सब एक बेहतर ग्रह के लिए मिलकर काम करना जारी रखें। इससे पहले, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मोदी के विमान में सवार होने के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में एक तस्वीर साझा की, जिसमें मोदी स्वदेश प्रस्थान करते दिख रहे हैं।

### पीएम कल महाराष्ट्र में शिवाजी की प्रतिमा का करेंगे अनावरण

पीएम सोमवार को महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके अलावा वह भारतीय नौसेना का प्रदर्शन भी देखेंगे। पीएमओ ने शनिवार को एक बयान जारी कर बताया कि प्रधानमंत्री 4 दिसंबर को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री लगभग 4:15 बजे महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग पहुंचेंगे और राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उसके बाद, प्रधानमंत्री सिंधुदुर्ग में 'नौसेना दिवस 2023' समारोह के कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# दावा : महाराष्ट्र में 45 लोस सीट जीतेगा सत्तारूढ़ गठबंधन : शिंदे

**एजेंसी। नागपुर**


महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने दावा किया कि उनके नेतृत्व वाली शिवसेना, अजित पवार नीत राकांपा और भाजपा का सत्तारूढ़ गठबंधन अगले साल होने वाले आम चुनाव में राज्य की 48 लोस सीट में से 45 पर जीत हासिल करेगा। शिंदे शुक्रवार को यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। बारामती और पुणे जिले के कुछ संसदीय क्षेत्रों से राकांपा के चुनाव लड़ने के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बयान पर शिंदे ने कहा कि पवार ने यह भी कहा है कि तीनों दल साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

शिंदे ने कहा, महागठबंधन साथ मिलकर लोस और महाराष्ट्र विस चुनाव लड़ेगा और लोस चुनावों में पीएम के लिए 45 से ज्यादा सीटें जीतेगा।" इसबीच शिंदे नीत शिवसेना गुट के हिंगोली के सांसद हेमंत पाटिल ने कहा कि सीएम का समर्थन (पिछले साल शिवसेना में टूट के बाद) करने वाले 13 सांसदों को 2024 लोस चुनाव के लिए फिर से टिकट दिया जाएगा। पाटिल ने संवाददाताओं से कहा, "एकनाथ शिंदे ने हमें इस बारे में आश्वासन दिया है।" लोस चुनाव अगले वर्ष मई में होने की संभावना है, वहीं महाराष्ट्र विस चुनाव अक्टूबर या नवंबर में हो सकते हैं।

# डाक से पहुंचने लगे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण पत्र

**एजेंसी। अयोध्या**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अतिथियों को रजिस्टर्ड डाक से निमंत्रण पत्र प्रेषित करना शुरू कर दिया है। ट्रस्ट की तरफ से भेजे गए कुछ कार्ड के फोटो सोशल मीडिया में वायरल भी हो रहे हैं। निमंत्रण पत्र के लिफाफे पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह लिखा हुआ है। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय की तरफ से भेजे गए निमंत्रण पत्र में लिखा गया है कि आपको विदित ही है कि लंबे संघर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर



निर्माण कार्य प्रगति पर है। पौष, शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत 2080, सोमवार, 22 जनवरी 2024, गर्भगृह में रामलला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। हमारी प्रबल इच्छा है कि आप इस पुनीत अवसर पर अयोध्या में उपस्थित रहकर प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने और महान ऐतिहासिक दिन की गरिमा बढ़ाएं। सद्गुरु सदन गोलाघाट के महंत सियाकिशोरी शरण महाराज के एक शिष्य ने रजिस्टर्ड डाक से निमंत्रण पत्र मिलने की पुष्टि की है। निवेदन है कि 21 जनवरी के पूर्व अयोध्या पधारने की योजना बनाएं। जितना शीघ्र अयोध्या आएंगे, उतनी ही आपको सुविधा होगा। विलंब से आने पर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। 23 जनवरी 2024 के बाद ही वापस जाने की योजना बनाएं। इस पत्र पर चम्पत राय के हस्ताक्षर, पत्रांक और 22 नवंबर को पत्र भेजने की तारीख भी अंकित है।

ट्रस्ट के पदाधिकारियों के मुताबिक 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त देशभर में 6000 लोगों को निमंत्रण भेजना है। ऐसे में यह बड़ा काम है। अयोध्या में संत-महंतों को निमंत्रण भेजना शुरू कर दिया गया है। सद्गुरु सदन गोलाघाट के महंत सियाकिशोरी शरण महाराज के एक शिष्य ने रजिस्टर्ड डाक से निमंत्रण पत्र मिलने की पुष्टि की है।

# भारतीय अमेरिकी दोनों ओर से सक्रिय, किसे मिलेगी बढ़त!


अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिकी आबादी का लगभग 2 प्रतिशत हिस्सा वहां रहने वाले भारतीयों का माना जाता है। लिहाजा, अमेरिका में उनकी मौजूदगी और उनके वोट को अमेरिकी राजनीतिक स्पेक्ट्रम में काफी अहम माना जा रहा है। देश के इतिहास में पहली बार, दो भारतीय-अमेरिकी - निक्की हेली और विवेक रामास्वामी - रिपब्लिकन की ओर से राष्ट्रपति पद की दौड़ में हैं और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पहली अश्वेत महिला राष्ट्रपति बन सकती हैं। अगर राष्ट्रपति जो बिडेन, जिनकी बढ़ती उम्र चिंता का विषय बन गई है, निर्वाचित कार्यकाल पूरा करने में विफल रहते हैं। भारतीय-अमेरिकी राजनीतिक भागीदारी में वृद्धि के कारण बताते हुए कांग्रेसी रो खन्ना ने कहा, यह दक्षिण एशियाई लोगों की एक नई पीढ़ी हो सकती है। यह ट्रम्प के 2016 के चुनाव की प्रतिक्रिया हो सकती है। यह बराक ओबामा के राष्ट्रपति पद की प्रतिक्रिया हो सकती है, जिसने दिखाया कि रंगभेद को साइड में रखकर कोई भी नेतृत्व के पदों पर आसीन हो सकते हैं। 2020 में बिडेन के साथी के रूप में हैरिस ने भारतीय-अमेरिकियों को वोट देने के लिए प्रेरित किया, जनमत सर्वे में लगभग 49 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने संकेत दिया कि उनके नामांकन ने उन्हें बिडेन की उम्मीदवारी के बारे में अधिक उत्साहित किया। लगभग छह बार, बिडेन ने अपने 2024 के मौजूदा साथी और दूसरे-इन-कमांड को 'राष्ट्रपति' के रूप में संदर्भित किया है, हालांकि गलती से, लेकिन यह इस तथ्य को दूर नहीं करता कि हैरिस डेमोक्रेट के मामले में व्हाइट हाउस पर नियंत्रण रखने में अधिक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। 19 देशों का दौरा करने और लगभग 100 विश्व नेताओं से मुलाकात करने के बाद, हैरिस-भारत की एक आप्रवासी मां और जमैका के पिता से पैदा हुईं - हाल ही में घरेलू प्राथमिकताओं पर बिडेन प्रशासन की प्रमुख व्यक्ति रही हैं। डेमोक्रेट पहले से ही गर्भपात, मतदान अधिकार, बंदूक नियंत्रण जैसे शक्तिशाली मुद्दों पर आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है - यह दशार्ता है कि 58 वर्षीय खुद को 80 वर्षीय राष्ट्रपति के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में पेश कर रही हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने एंड्री राजोएलिना को पुनः मेडागास्कर का राष्ट्रपति बनने पर दी बधाई



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने शनिवार को एंड्री राजोएलिना को एक बार फिर मेडागास्कर का राष्ट्रपति बनने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में कहा, मेडागास्कर के राष्ट्रपति के रूप में पुनः निर्वाचित होने पर एंड्री राजोएलिना को हार्दिक बधाई। भारत-मेडागास्कर साझेदारी और विजन सागर को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।

## FILMY हलचल

### रणवीर सिंह ने अपने किरदार रॉकी को बताया करीना के 'पू' का वंशज



**रेड सी** इंटरनेशनल फेस्टिवल में प्रतिष्ठित युसर अवॉर्ड से सम्मानित बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह ने 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में रॉकी रंधावा का शानदार किरदार निभाने के बारे में बात की है और इस भूमिका को 'कभी खुशी कभी गम' में करीना कपूर खान के आइकोनिक किरदार 'पू' के 'सीधे वंशज' के रूप में टैग किया है। समीरा तुर्किस्तानी यूट्यूब चैनल के लिए एक इंटरव्यू में, रणवीर ने फिल्ममेकर करण जौहर के हवाले से रॉकी को पू का प्रत्यक्ष वंशज बताया। 2001 की फिल्म 'कभी खुशी कभी गम...' में करीना द्वारा निभाया गया पू का किरदार आज तक सबसे चर्चित और प्रासंगिक किरदारों में से एक है। इसने फैशन, भाषा और अपील के कारण सुर्खियां बटोरीं। बातचीत में रणवीर ने रॉकी के रिसेप्शन पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहाः जिस तरह से लोग रॉकी के साथ जुड़े हैं, उससे मैं बहुत खुश हूं, छोटी-छोटी रॉकी की बातें जो बोलचाल में उपयोग में आ गई है, इससे पता चलता है कि आपके किरदार को वास्तव में पसंद किया जाता है। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आजमी और जया बच्चन भी हैं। रणवीर अगली बार 'डॉन 3' में नजर आएंगे।

### कार्तिक आर्यन को 'भूल भुलैया 3' के लिए किया गया फाइनल

**हॉरर-कॉमेडी** फ्रेंचाइजी 'भूल भुलैया' की तीसरी इंस्टॉलमेंट का प्री-प्रोडक्शन चल रहा है। खबर है कि मशहूर एक्ट्रेस तब्बू इस फिल्म से बाहर हो गई हैं। हालांकि, इसमें कितनी सच्चाई है, इस पर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। 2022 में रिलीज हुई 'भूल भुलैया 2' ने एक बड़ी सफलता हासिल की थी। फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी ने किया था और यह अक्षय कुमार की 2007 की फिल्म 'भूल भुलैया' का सीक्वल थी। कार्तिक ने फिल्म के सीक्वल में रूह बाबा की भूमिका निभाई, जिसमें तब्बू डबल रोल्स में थी। सूत्रों ने साझा किया कि स्क्रिप्ट फाइनल होने के बाद ही अन्य प्रतिभाओं को चुना जाएगा। सूत्र ने कहा, रूह बाबा के रूप में कार्तिक आर्यन एकमात्र अभिनेता हैं, जिनकी पुष्टि की गई है और अभी तक किसी अन्य अभिनेता की पुष्टि नहीं की गई है।

### 'डंकी' के लिए गाना लिखने के बाद प्रीतम ने शानदार संगीत किया तैयार : जावेद अख्तर



**अनुभवी** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर, जो 'शोले', 'बॉर्डर', 'जंजीर', 'डॉन', 'लक्ष्य' और अन्य फिल्मों में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, ने शाहरुख खान अभिनीत आगामी फिल्म 'डंकी' के गाने 'निकले थे कभी हम घर से' के बोल तैयार किए हैं। अनुभवी कलाकार ने साझा किया कि कई गानों के विपरीत जहां धुन पहले बनाई जाती है और गीतकारों को धुन पर लिखने के लिए कहा जाता है, संगीतकार प्रीतम ने उनसे उस धुन के लिए पहले गीत लिखने का अनुरोध किया था जिसे वह बाद में रचनात्मक प्रक्रिया में लिखेंगे। 'डंकी' के निमार्ताओं ने 'निकले थे कभी हम घर से' के रूप में रिलीज किया, जिसे सोनू निगम ने खूबसूरती से गाया है। रचनात्मक प्रक्रिया के बारे में बताते हुए, जावेद अख्तर ने कहा, इस फिल्म में, मेरे पास केवल एक गाना है और दिलचस्प बात यह है कि राजू हिरानी ने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कि हमने इस गाने को शामिल किया और उन्होंने विशेष रूप से मुझसे इसे लिखने का अनुरोध किया। मुझे उम्मीद है कि आप गाने का आनंद लेंगे, क्योंकि यह अपनी विशिष्ट स्थिति के कारण अनोखा है।"

## अनुसंधान

### सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला

# आदित्य-एल1 ने शुरू किया सौर हवाओं का अध्ययन

### पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर लैग्रेंजियन बिंदु एल1 से जारी है अध्ययन

**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारत के आदित्य-एल1 उपग्रह में लगे पेलोड आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट ने काम करना शुरू कर दिया है और यह सामान्य रूप से काम कर रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को यह जानकारी दी। इसरो ने दो



सितंबर को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया था। इसरो के अनुसार, आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला है। यह पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर स्थित लैग्रेंजियन बिंदु एल1 के आसपास एक प्रभामंडल से सूर्य का अध्ययन कर रही है।

इसरो ने एक बयान में कहा कि आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) में दो अत्याधुनिक उपकरण सोलर विंड आयन स्पेक्ट्रोमीटर (एसडब्ल्यूआईएस) और सुप्राथर्मल एंड एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर (एसटीईपीएस) शामिल हैं। एसटीईपीएस उपकरण 10 सितंबर, 2023 को शुरू किया गया। एसडब्ल्यूआईएस उपकरण दो नवंबर, 2023 को सक्रिय हुआ था और इसने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसरो के अनुसार उपकरण ने सौर पवन आयन, मुख्य रूप से प्रोटॉन और अल्फा कणों को सफलतापूर्वक मापा है।